


# तरुण छत्तीसगढ़

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर, बुधवार, 15 अक्टूबर 2025 ■ कार्तिक कृष्ण पक्ष-9 ■ वर्ष- 41 ■ अंक-198 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 16 अक्टूबर 2025 ■ मूल्य 2.00 रु.


## संक्षेप

### महाभारत के 'कर्ण' पंकज धीर का निधन कैंसर से थे पीड़ित

**मुम्बई, 15 अक्टूबर।** एक्टर पंकज धीर (68) का बुधवार को निधन हो गया।



उन्होंने बी.आर. चोपड़ा के पॉपुलर टीवी शो महाभारत में दानवीर कर्ण का किरदार निभाया था। वे लंबे समय से कैंसर से जूझ रहे थे। पंकज धीर ने कई हिंदी फिल्मों और टीवी सीरियलों में काम किया। उन्हें चंद्रकांता, युग, द ग्रेट मराठा और बढ़ो बहू जैसे शोज में देखा गया। वे आशिक आवारा, सड़क, सोल्जर और बादशाह जैसी फिल्मों में भी नजर आ चुके हैं। सिन्टा ने लिखा, गहरी शोक और दु:ख के साथ हम सूचित करते हैं कि हमारे ट्रस्ट के पूर्व चेयरमैन और सिन्टा के पूर्व माननीय महासचिव श्री पंकज धीर जी का 15 अक्टूबर 2025 को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4:30 बजे, पवन हंस, विले पार्ले (पश्चिम), मुंबई के पास किया जाएगा। पंकज धीर के पिता सी.एल. धीर एक डायरेक्टर और प्रोड्यूसर थे। सीएल धीर ने 60 और 70 के दशक में कई फिल्मों में काम किया। वहीं, पंकज के बेटे निकितिन धीर भी एक्टर हैं। निकितिन की शादी एक्ट्रेस कृतिका सेंगर से हुई है।

### भारतीय मूल का अमेरिकी अधिकारी गिरफ्तार

**वॉशिंगटन डीसी, 15 अक्टूबर।** भारतीय मूल के अमेरिकी विदेश



विभाग के सीनियर एडवाइजर एश्ले टेलिस को 12 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन पर देश की सुरक्षा से जुड़े गोपनीय डॉक्यूमेंट्स अपने पास रखने और चीनी अधिकारियों से सीक्रेट मुलाकात का आरोप है। 64 साल के टेलिस के वर्जीनिया वाले घर से एफबीआई को 1,000 से ज्यादा पेज के सीक्रेट दस्तावेज मिले हैं। अगर वे दोषी पाए गए तो 10 साल जेल और 2.5 लाख डॉलर (करीब 2 करोड़ रुपए) का जुर्माना हो सकता है। टेलिस की सुनवाई वर्जीनिया कोर्ट में होगी। उन्हें जमानत मिलने की संभावना कम है, क्योंकि मामला राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा है।

### भारत के लॉन्ग रेंज रॉकेट लॉन्चर की दुनिया हुई दीवानी

**नई दिल्ली, 15 अक्टूबर।** भारत के पास लंबी दूरी की यानी लॉन्ग रेंज हमले की क्षमता है, वे कैसे विकसित हुई हैं। दरअसल, भारत ने सालों से रॉकेट मिसाइल और थल प्रक्षेप यानी की आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम में निवेश किया है। फ्रांस की सेना के जनरल पियरेसल ने हाल ही में भारत आकर एक बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने भारत की लंबी दूरी की रॉकेट प्रणालियों, ड्रोन रोधी और अन्य आधुनिक युद्धक प्रणालियों में रूचि जाहिर कर दी है। उन्होंने विशेष रूप से भारत की पिनाका रॉकेट प्रणाली की तारीफकर दी है और कह दिया है कि फ्रांस भारत के साथ सह विकास यानी की को-प्रोडक्शन करना चाहता है। इस बयान से सिर्फएक खरीद की खबर सामने नहीं आई बल्कि दो लोकतांत्रिक देशों के बीच भविष्य की रक्षा साझेदारी की झलक दिखने लगी है। आपको बता दें कि भारत के पास लंबी दूरी की यानी लॉन्ग रेंज हमले की क्षमता है, वे कैसे विकसित हुई हैं। दरअसल, भारत ने सालों से रॉकेट मिसाइल और थल प्रक्षेप यानी की आर्टिलरी रॉकेट सिस्टम में निवेश किया है। लेकिन तेजी हाल के सालों में हुई। देश की सामरिक चुनौतियों सीमाओं पर दबाव और टेक्नोलॉजी के बढ़ते खतरों ने इस दिशा को और महत्वपूर्ण बना दिया।

# भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की एक और लिस्ट, मुस्लिम का नाम भी शामिल

**नई दिल्ली, 15 अक्टूबर।** बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए पहली लिस्ट जारी करने के बाद भारतीय जनता पार्टी ने चार राज्यों में होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए भी उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है। इससे पहले भाजपा ने जम्मू-कश्मीर के लिए जो राज्यसभा चुनाव की लिस्ट जारी की थी उसमें भी एक मुस्लिम कैंडिडेट को मैदान में उतारा है। आज भाजपा ने चार राज्यों की पांच सीटों पर उपचुनाव के लिए अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर दिया है।

भाजपा ने जम्मू-कश्मीक के बडगाम सीट से आगा सैयद मोहसिन को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, नगरोटा से देवयानी राणा भाजपा उम्मीदवार घोषित हुई हैं। भाजपा ने झारखंड की घाटशिला (एसटी) सुरक्षित सीट से उम्मीदवार के नाम का ऐलान किया है। यहां से बाबूलाल सोरेन को उपचुनाव के लिए मैदान में उतारा है।



भाजपा ने ओडिशा और तेलंगाना की एक-एक सीट के लिए भी उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की है। भगवा पार्टी ने ओडिशा की नुआपाड़ा सीट से जय ढोलकिया और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट से लंकाला दीपक रेड्डी को कैंडिडेट बनाया है। आपको बता दें कि इससे पहले भारतीय जनता पार्टी ने जम्मू-कश्मीर से राज्यसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की भी लिस्ट जारी की थी। उस लिस्ट में तीन उम्मीदवारों के नाम थे। भगवा पार्टी ने गुलाम मोहम्मद मीर, राकेश महाजन और सत पाल शर्मा को मैदान में उतारा है। आपको बता दें कि चुनाव आयोग ने चार सीटों के लिए चुनाव के लिए तीन अलग-अलग अधिसूचनाएं जारी की हैं।

## जेडीयू की पहली लिस्ट, 57 कैंडिडेट्स के नाम

**पटना, 15 अक्टूबर।** बिहार में विधानसभा चुनाव के लिए जेडीयू ने बुधवार को अपने 57 कैंडिडेट्स की पहली लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में छ्ष्ठ ने 3 बाहुबलियों को टिकट दिया है। मोकामा से अनंत सिंह, एकमा से धुमल सिंह, कुचाएकोट से अमरेंद्र पांडेय को उतरा है। लिस्ट में एक भी मुस्लिम नाम नहीं है। 10 अनुसूचित जातियों के कैंडिडेट्स को उतारा है। लिस्ट में 6 मंत्री भी हैं। 4 महिलाओं को भी टिकट मिला है। इसके अलावा चिराग के दावे वाली 5 सीटों सोनबरसा, अलौली, राजगीर, एकमा और मोरबा पर भी जेडीयू ने कैंडिडेट उतारे हैं। पहली लिस्ट में 18 विधायकों को रिपीट किया गया है। 2 विधायकों का टिकट कटा है। सकरा से आदित्य कुमार और बरबीघा से सुदर्शन कुमार। नीतीश कुमार ने सम्राट चौधरी के लिए अपनी सिटिंग सीट छोड़ दी है। पिछली बार तारापुर जेडीयू के खाते में थी। इस बार



यहां से बीजेपी कोटे से डिप्टी ष्टरूसम्राट चौधरी लड़ेंगे। वहीं परबत्ता सीट भी जेडीयू ने गठबंधन के लिए छोड़ी है। 2020 में परबत्ता जदयू के खाते में थी। 2020 में सबसे कम 12 वोटों से चुनाव जीते कृष्ण मुरारी शरण ऊर्फ प्रेम मुखिया को फिर से हिलसा से टिकट दिया गया है। 2025 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू 101 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। राज्य पहले फेज के लिए 6 नवंबर को 121 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। 14 नवंबर को नतीजे आएंगे।

## गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद बोले उपेंद्र कुशवाहा, बनेगी एनडीए सरकार

अमित शाह से मुलाकात के बाद उपेंद्र कुशवाहा ने बिहार में एनडीए की सरकार बनने का विश्वास जताया है, जो सीट बंटवारे पर जारी गतिरोध के सुलझने का संकेत है। हालांकि, महुआ सीट, जिस पर कुशवाहा अपने बेटे को चुनाव लड़ाना चाहते हैं, पर अंतिम घोषणा अभी बाकी है, जिससे बिहार चुनाव से पहले गठबंधन की आंतरिक गतिशीलता पर नजर रहेगी। बिहार चुनाव से पहले सीट बंटवारे को लेकर गतिरोध के बीच राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रमुख उपेंद्र कुशवाहा ने बुधवार को एनडीए अध्यक्ष अमित शाह से मुलाकात की। मुलाकात के बाद, कुशवाहा ने कहा कि पटना में हुई बातचीत के दौरान गठबंधन में कुछ मुद्दे और अनिश्चितताएँ थीं, लेकिन



अब मुलाकात हो चुकी है। उन्होंने विश्वास जताया कि बिहार में एनडीए की सरकार बनेगी। कुशवाहा ने कहा कि उन्होंने अमित शाह के साथ विचार-विमर्श किया और उम्मीद है कि आगे कोई मुश्किल नहीं आएगी। उन्होंने बताया कि महुआ सीट पर भी चर्चा हुई, जहाँ से वह अपने बेटे को चुनाव लड़ाना चाहते हैं। महुआ सीट के बारे में उपेंद्र कुशवाहा ने कहा कि इसकी घोषणा के लिए अलग से प्रेस कॉन्फ्रेंस की जाएगी।

# हथियार छोड़ो वरना हम छुड़वा देंगे : ट्रंप

## शांति प्रस्ताव के अगले ही दिन अमेरिकी राष्ट्रपति ने हमास को दी कड़ी चेतावनी

**वाशिंगटन डीसी, 15 अक्टूबर।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने गाजा के लिए प्रस्तावित शांति व्यवस्था के अगले दिन हमास को सख्त चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि प्रस्ताव के तहत अगर हमास हथियार नहीं छोड़ेगा, तो अमेरिका (या अमेरिका के सह-हितधारक) उसे निहत्था करने तक के कदम उठा सकता है। ट्रंप ने अपने अंदाज़ में कहा कि वे चाहते हैं कि हमास स्वयं हथियार छोड़ दे; अगर वह ऐसा नहीं करेगा तो हम उसे छुड़वा देंगे और कार्रवाई कठोर तथा थोड़ी हिंसक भी हो सकती है।

ट्रंप ने यह भी कहा कि हमास ने उनके करीबी सहयोगियों से आश्वासन दिया था कि वे हथियार छोड़ देंगे पर अगर वे इसे निभाएंगे नहीं तो सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने हमास को यह चेतावनी भी दी कि समूह एक-एक बंधक को रिहा करे और जिनकी मृत्यु हो चुकी है उनके शव सौंपे जाएँ – यह भी



उन शर्तों में शामिल हैं जिनके पालन को ट्रंप ने ज़रूरी बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गाजा शांति प्रस्ताव के एक दिन बाद हमास को कड़ा संदेश देते हुए कहा है कि उन्होंने हमास से सीधे बातचीत की और संगठन ने उनसे आश्वासन दिया कि वे हथियार छोड़ देंगे उसके बाद भी यदि हमास अपनी बात पूरा नहीं करता तो अमेरिका उन्हें निहत्था करवा देगा। ट्रम्प ने अपने अंदाज़ में कहा: मैंने हमास से बात की है। मैंने कहा कि आप हथियार छोड़ने जा रहे हैं, ठीक है? उन्होंने कहा कि 'यस सर, हम सारे हथियार खत्म करेंगे'।

### ब्रिक्स को अमेरिकी डॉलर पर 'हमला' करार दिया

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने संभावित सदस्यों से कहा कि यदि वे '' ऐसा करना चाहते हैं, तो मैं अमेरिका में आने वाले आपके सभी उत्पादों पर शुल्क लगा दूंगा। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ब्रिक्स को अमेरिकी डॉलर पर ''हमला'' करार दिया और दावा किया कि उन्होंने ब्रिक्स में शामिल होने को इच्छुक देशों को शुल्क लगाने की धमकी दी जिसके बाद '' वे पीछे हट गए।'' ब्रिक्स में ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। ट्रंप अक्सर इस समूह पर अतिरिक्त शुल्क लगाने की धमकी देते रहे हैं क्योंकि वे इसे ''अमेरिका-विरोधी'' नीति करार देते हैं। ब्रिक्स देशों ने उन एकतरफा शुल्क और गैर-शुल्क उपायों के बढ़ने पर गंभीर चिंता व्यक्त की है जो व्यापार को बाधित करते हैं। अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर माइली के साथ द्विपक्षीय बैठक में मंगलवार को ट्रंप ने कहा कि डॉलर को लेकर उनका रुख बेहद कड़ा है और ''जो कोई भी डॉलर में लेन-देन करना चाहता है'' उसे उन लोगों की तुलना में ''लाभ'' होगा जो ऐसा नहीं करना चाहते। उन्होंने दावा किया, '' ...मैंने उन सभी से कहा जो ब्रिक्स में शामिल होना चाहते हैं.. ठीक है लेकिन हम आपके देश पर शुल्क लगाएंगे। हर कोई पीछे हट गया। वे सभी ब्रिक्स से दूर हो गए। ब्रिक्स, डॉलर पर हमला है।'' अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि उन्होंने संभावित सदस्यों से कहा कि यदि वे '' ऐसा करना चाहते हैं, तो मैं अमेरिका में आने वाले आपके सभी उत्पादों पर शुल्क लगा दूंगा।'' ब्रिक्स देशों ने शुल्क में ''अंधाधुंध वृद्धि'' के रूप में व्यापार-प्रतिबंधात्मक कार्रवाइयों को बढ़ावा देने पर पिछले महीने चिंता व्यक्त की थी। ट्रंप प्रशासन ने इस साल कई देशों पर शुल्क लगाए हैं। भारतीय निर्यात पर 50 प्रतिशत शुल्क लगा हुआ है।

### मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सुप्रीम कोर्ट के ग्रीन पटाखों पर फैसले का किया स्वागत

# दिल्ली की दिवाली होगी हरित

**नई दिल्ली, 15 अक्टूबर।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों पर सुप्रीम कोर्ट की मंजूरी का स्वागत किया, इसे पर्यावरण संरक्षण और त्योहार की भावना के बीच एक संतुलित दृष्टिकोण बताया। उन्होंने ÷स्वच्छ और हरित दिल्ली÷ के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई, साथ ही ग्रीन पटाखों के उपयोग के नियमों पर भी जोर दिया।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने बुधवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा पटाखों पर प्रतिबंध की शर्तों में ढील देने के फैसले का स्वागत किया, जिससे दिवाली पर दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में ग्रीन पटाखों की बिक्री और फोड़ने की अनुमति मिल गई। आभार व्यक्त करते हुए, दिल्ली की मुख्यमंत्री ने इस फैसले को पर्यावरण संरक्षण और त्योहार की भावना के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण बताया। ङ्ग पर एक पोस्ट में, उन्होंने कहा कि हम दिल्ली सरकार के विशेष अनुरोध पर राजधानी में ग्रीन पटाखों के



इस्तेमाल की अनुमति देने के लिए माननीय सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। यह फैसला दिवाली जैसे पवित्र त्योहारों के दौरान जनता की भावनाओं और उत्साह का सम्मान करता है, साथ ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति एक संतुलित दृष्टिकोण को भी दर्शाता है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक ÷स्वच्छ और हरित÷ दिल्ली सुनिश्चित करने की अपनी प्रतिबद्धता भी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार जनभावनाओं का सम्मान करते हुए, स्वच्छ और हरित दिल्ली के संकल्प के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है। हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि त्योहारों की रौनक बरकरार रहे और साथ ही पर्यावरण की सुरक्षा भी हो। इस दिवाली, आइए हम सब मिलकर हरित पटाखे जलाएँ, उत्सव और पर्यावरण संरक्षण में सामंजस्य स्थापित करें और 'हरित एवं समृद्ध दिल्ली' के संकल्प को साकार करने की दिशा में काम करें।

दिल्ली के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि दिल्ली में 18-20 अक्टूबर तक तीनों दिन सुबह 6 बजे से 7 बजे और रात 8 बजे से 10 बजे के बीच ग्रीन पटाखे फोड़े जा सकेंगे। डिप्टी कमिश्नर निर्धारित स्थानों पर ग्रीन पटाखों की बिक्री की अनुमति देंगे। ग्रीन पटाखे ई-कॉमर्स चैनलों के माध्यम से नहीं बेचे जा सकेंगे। लाइसेंस प्राप्त पटाखा निर्माताओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि दिल्ली-एनसीआर में केवल ग्रीन पटाखे ही बेचे जाएं। अगर कोई सामान्य पटाखे बेचते पकड़ा गया तो उसका लाइसेंस निलंबित कर दिया जाएगा। सीपीसीबी, राज्य प्रदूषण बोर्ड के साथ मिलकर प्रदूषण और एक्यूआई रीडिंग की निगरानी करेगा।

# पहले सेना का पोस्ट उड़ाया, फिर पाक का टैंक ले उड़े तालिबानी

**तालिबान, 15 अक्टूबर।** जबीबुल्लाह मुजाहिद का दावा है कि इस ताकतवर बदले की कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी सैनिक में मारे गए। इसके अलावा मुजाहिद ने कहा कि उनके पोस्ट और सेंटर्स पर तालिबानी लड़ाकों का कब्जा हो चुका है।

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच झगड़े की नई तस्वीरों ने दुनिया को हिला कर रख दिया है। जहां पर पाकिस्तानी सैनिकों के खिलाफ अफगान प्रशासन के तालिबानी लड़ाके हावी होते हुए दिखाई दे रहे हैं। अफगानिस्तान में तालिबानी सरकार के प्रवक्ता जबीबुल्लाह मुजाहिद ने दो वीडियो जारी किए हैं। इन दो वीडियो में भीषण गोलीबारी और एक वीडियो में पाकिस्तानी टैंक पर तालिबानी लड़ाके सवार होकर उसे चलाते नजर आ रहे हैं। वीडियो के पीछे से आवाज आ रही है कि देखो ये तालिबानी लड़ाके पाकिस्तान टैंक चला रहे हैं। इस पूरे मामले में जबीउल्लाह मुजाहिद ने सबसे नई जानकारी दी है, उसमें कहा है कि एक बार फिर दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से



15 अक्टूबर की सुबह पाकिस्तान के जवानों ने अफगानिस्तान पर लाइट और हेवी वेपन्स के साथ कंधार रेंज के स्पिन बोल्डक जिले में हमला किया। इस हमले के कारण 12 आम नागरिक की मौत हो गई और 100 से अधिक घायल हो गए। इसके बाद अफगानी सेना ने भी इसका पूरी ताकत के साथ जवाब दिया। जबीबुल्लाह मुजाहिद का दावा है कि इस ताकतवर बदले की कार्यवाही के दौरान बड़ी संख्या में घुसपैठ की कोशिश कर रहे पाकिस्तानी सैनिक में मारे गए। इसके अलावा मुजाहिद ने कहा कि उनके पोस्ट और सेंटर्स पर तालिबानी लड़ाकों का कब्जा हो चुका है। इसके अलावा उनके हथियार और टैंक को भी तालिबान के लोगों ने सीज कर लिया है। उन्होंने कहा है कि वहां मौजूद जितनी भी पाकिस्तान की सेना का इंफ्रास्ट्रक्चर था उसे भी पूरी तरह से तबाह कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस पूरे झगड़े के कुछ ही देर बाद इस पूरे मामले पर काबू कर लिया गया। लेकिन जबीबुल्लाह मुजाहिद ने ये भी दावा किया है कि अफगानिस्तान डिफेंस फोर्स के मुजाहिद्दीन इस वक्त पूरी तरह से अपनी जमीन की सुरक्षा करने के लिए तैयार हैं और दुश्मनों को ढेर करने के लिए तैयार हैं। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि पाकिस्तान तालिबान के साथ एक नया सामान्य स्थापित करने की कोशिश कर रहा है।

# हमास ने घुटनों पर बिठाकर आठ लोगों के सिर पर दागी गोली

**गाजा, 15 अक्टूबर।** गाजा शांति प्रस्ताव मिस्र की धरती पर पारित हो गया है। इसमें अमेरिका, तुर्की और मिस्र और कतर शामिल थे। इसके अलावा अन्य कई देशों ने सहमति जताई और इजरायल भी राजी है। सीजफायर का ऐलान हो चुका है और हमास ने हथियार छोड़न पर सहमति जताई है। फिर भी जमीन पर ऐसा होता नहीं दिख रहा है। हमास का एक नया वीडियो सामने आया है, जो सोमवार की शाम का बताया जा रहा है। इसमें दिखता है कि हमास के हथियारबंद कमांडर 8 लोगों को घुटनों पर बिठाकर गोली मार देते हैं। इन लोगों के हाथ बंधे होते हैं और उनकी आंखों पर भी पट्टी बांध दी जाती है। इसके बाद उन्हें घुटनों पर बैठने के लिए मजबूर किया जाता है।

फिर उनके सिरों में गोलियां मार दी जाती हैं। गोलियों की इन तड़तड़ाहट के बीच भीड़ की ओर से अल्लाह हू अकबर के नारे लगते सुने जा रहे हैं। इस वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है, जिसे शेयर करना भी मुश्किल है। कहा जा रहा है कि इन लोगों पर हमास के लड़ाकों ने आरोप लगाया कि वे इजरायल से मिले हुए हैं। यह कार्रवाई हमास ने गाजा पर अपना कब्जा मजबूत करने के लिए की है। यदि ऐसा है तो यह शर्त का खुला उल्लंघन है और इजरायल के लिए भी चुनौती बढ़ाने वाला है। इजरायल ने पहले कहा था कि सीजफायर की यह शर्त होगी कि हमास हथियार छोड़ दे या फिर गाजा से निकल जाए। फिलहाल वह दोनों में से किसी भी स्थिति पर काम करता नहीं दिख रहा है। वायरल फुटेज में दिखता है कि मारे गए लोगों को सड़क पर घुटनों के बल बिठाया जाता है। इसके बाद उनकी जमकर पिटाई की जाती है और फिर सभी के सिर पर गोलियां मारकर कत्ल कर दिया जाता है।



### जैसलमेर बस अग्निकांड

# ना इमरजेंसी गेट, ना हथौड़ा, नई बस में जाम दरवाजा बना मौत का कारण



**जैसलमेर, 15 अक्टूबर।** जैसलमेर से जोधपुर जा रही एक निजी बस में आग लगने से 21 लोग ज़िंदा जल गए। पुलिस ने बताया कि 57 यात्रियों को लेकर बस दोपहर करीब 3 बजे जैसलमेर से रवाना हुई थी। जैसलमेर-जोधपुर राजमार्ग पर बस के पिछले हिस्से से धुआँ निकलने लगा। चालक ने बस को सड़क किनारे रोक दिया, लेकिन कुछ ही पलों में आग ने पूरी गाड़ी को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोग और राहगीर मौके पर पहुँचे और बचाव कार्य में मदद की। दमकल गाड़ियों और पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि प्रथम दृष्टया ऐसा प्रतीत होता है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। दुखद विडंबना यह है कि दुर्घटना में शामिल बस कथित तौर पर पाँच दिन पहले ही खरीदी गई थी।

जैसलमेर बस हादसे में बस का दरवाजा जाम होने के कारण उसमें सवार ज्यादा लोगों की जान गई। पुलिस ने बुधवार को बताया कि आग लगने के बाद इस एसी स्लीपर बस का दरवाजा जाम हो गया और यात्री बाहर नहीं निकल पाए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बचाव और चिकित्सा सहायता की व्यक्तिगत रूप से समीक्षा की और इस घटना को अत्यंत दुखद बताया। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को दोपहर में जोधपुर जा रही एक निजी बस में जैसलमेर से रवाना होने के बमुश्किल दस मिनट बाद आग लग गई। देखते ही देखते बस आग का गोला बन गई और 20 यात्री जिंदा जल गए और 15 अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

जैसलमेर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश दान ने कहा कि आग लगने के कारण बस का गेट यानी दरवाजा बंद हो गया, जिससे यात्री बाहर नहीं निकल सके। उन्होंने पीटीआई को बताया, ज्यादातर शव बस के गैलरी में मिले, जिससे पता चलता है कि लोगों ने भागने की कोशिश की, लेकिन दरवाजा जाम होने के कारण वे बाहर नहीं निकल पाए और असमय ही काल कवलित हो गए। इस बस में आग सेना के युद्ध स्मारक के पास लगी। वहां मौजूदा सेना के जवान तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और बचाव अभियान में शामिल हो गए। स्थानीय लोग व राहगीर भी मदद के लिए आगे आए। पास से गुजर रहे एक टैंकर से भी बस की आग बुझाने का प्रयास किया गया। बस दरवाजा जोर लगाकर तोड़ना पड़ा। आग लगने के बाद कुछ यात्री बस की खिड़की तोड़कर बाहर कूदे और अपनी जान बचाई। जैसलमेर के जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक शिवहरे ने बताया कि बस से 19 जले हुए शव बरामद किए गए और 16 गंभीर रूप से घायलों को जोधपुर के अस्पताल ले जाया गया। इनमें से एक की बीच रास्ते में मौत हो गई। उन्होंने कहा, शवों को डीएनए सैंपलिंग और पहचान के लिए जोधपुर भेजा गया है। फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्री (एफएसएल) द्वारा मिलान की पुष्टि के बाद उन्हें परिवारों को सौंप दिया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि बस में कुल कितने लोग थे इसकी पुष्टि की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कैलाश दान ने कहा, 20 लोगों की मौत हो गई है और 15 का इलाज चल रहा है। अभी तक किसी के लापता होने की सूचना नहीं मिली है। हम लोगों की संख्या की पुष्टि कर रहे हैं।

**नई शुरुआत** | भारत से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं 22 अगस्त को अस्थायी रूप से रोक दी गई थीं

# अमेरिका के लिए फिर शुरू हुई भारतीय डाक सेवा, नहीं देना होगा कोई अतिरिक्त शुल्क

**नई दिल्ली, 15 अक्टूबर।** भारत और अमेरिका के बीच रुकी हुई डाक सेवाएं एक बार फिर से शुरू हो गई हैं. डाक विभाग ने मंगलवार को आधिकारिक घोषणा करते हुए बताया कि 15 अक्टूबर 2025 से अमेरिका के लिए सभी तरह की अंतरराष्ट्रीय डाक सेवाएं बहाल कर दी जाएंगी. इससे उन ग्राहकों को बड़ी राहत मिलेगी जो लंबे समय से अपने पत्र, पार्सल या व्यापारिक शिपमेंट अमेरिका भेजने में परेशानी झेल रहे थे. दरअसल, भारत से अमेरिका के लिए डाक सेवाएं 22 अगस्त 2025 को अस्थायी रूप से रोक दी गई थीं. उस समय अमेरिकी सीमा शुल्क और सीमा सुरक्षा विभाग द्वारा नए नियम लागू किए गए थे, जिनमें कुछ तकनीकी स्पष्टता की कमी थी. इसके चलते अमेरिका जाने वाले विमान कंपनियों ने शिपमेंट ले जाने से इनकार कर दिया था. नतीजतन भारत को अपनी डाक सेवाएं अस्थायी रूप से रोकनी पड़ी थीं.

**क्या है नया सिस्टम:** अब डाक विभाग ने अमेरिकी अधिकारियों के साथ मिलकर एक नया "Delivery Duty Paid" (DDP) सिस्टम लागू किया है. इसके तहत अमेरिका भेजे जाने वाले सभी डाक पार्सल



पर सीमा शुल्क भारत में ही बुकिंग के समय वसूल लिया जाएगा. यह शुल्क सीधे अमेरिकी सीमा शुल्क विभाग को भेजा जाएगा, जिससे डिलीवरी प्रक्रिया तेज़ और पारदर्शी हो जाएगी.

इस नई व्यवस्था के सफल परीक्षण और कार्यान्वयन के बाद ही सेवाओं को फिर से शुरू करने का निर्णय लिया गया है.

**पुरानी दरें ही लागू रहेंगी**

डाक विभाग ने स्पष्ट किया है कि ग्राहकों पर किसी भी तरह का अतिरिक्त शुल्क नहीं लगाया जाएगा. यानी कि पुराने दरें ही लागू रहेंगी. इसका सीधा फायदा एमएसएमई उद्यमियों, हस्तशिल्प कारीगरों, ई-कॉमर्स विक्रेताओं और छोटे व्यापारियों को मिलेगा, जो अपने उत्पाद विदेश भेजते हैं.

**कौन-कौन सी सेवाएं शुरू हुई**

अब ग्राहक अमेरिका के लिए निम्न सभी श्रेणियों की डाक सेवाओं का लाभ उठा सकते हैं :

- ईएमएस (स्पीड पोस्ट इंटरनेशनल)
- एयर पार्सल
- रजिस्टर्ड लेटर और पैकेट
- ट्रैक्ड पैकेट सर्विस

ये सभी सेवाएं अब देशभर के डाकघरों, अंतरराष्ट्रीय व्यापार केंद्रों (IBC), डाकघर निर्यात केंद्रों (DNK) और भारतीय डाक के ऑनलाइन पोर्टल से बुक की जा

एक नजर

## हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 15 अक्टूबर ।** भिलाई पुलगांव थाना क्षेत्र के ग्राम गनियारी में हुए बहुचर्चित दादी-पोती हत्याकांड में फरार हुए आरोपी को पकड़ने में पुलगांव थाने पुलिस को सफलता मिली है पुलिस ने आरोपी मार्शल राजपूत (29 साल ) पिता राकेश राजपूत निवासी कृपाल नगर कोहका भिलाई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेजा गया है। इस हत्याकांड के दो आरोपी चुमेंद्र निषाद एवं पंकज निषाद को चार दिन पूर्व ही पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलगांव प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि उल्लेखनीय है कि 6 मार्च 2024 को आरोपी चुमेंद्र निषाद, पंकज निषाद एवं मार्शल राजपूत ने योजनाबद्ध तरीके से घटना का अंजाम देते हुए गनियारी निवासी ( 62 साल ) राजवती साहू एवं उसकी ( 16 साल ) पोती सविता साहू की हत्या कर दिए थे सघन जांच एवं पुख्ता सपूत इकट्ठा करने के बाद इस मामले पर से पर्दा उठाते हुए दुर्ग पुलिस ने आरोपी चुमेंद्र उर्फ लल्ला निषाद (23 साल ) तथा पंकज उर्फ पवित्र निषाद (30 साल ) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था वहीं इस मामले में शामिल आरोपी मार्शल राजपूत फरार चल रहा था

## ठगी का मास्टर माइंड पकड़ा गया



**भिलाई, 15 अक्टूबर।** मंत्रालय में नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाला फरार मास्टर माइंड को पुलिस ने कांकेर से गिरफ्तार किया है अंजोरा चौकी प्रभारी खेलन सिंह साहू ने बताया कि चिरचार थाना अर्जुन्दा जिला बालोद निवासी संतराम देशमुख की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी भेषराम देशमुख, रविकांत देशमुख, अरूण मेश्राम को गिरफ्तार किया है इसका मास्टर माइंड आरोपी ग्राम परसदा थाना अभनपुर जिला रायपुर निवासी अरूण मेश्राम फरार था जिसे पुलिस ने कांकेर से गिरफ्तार किया है। जहां पुलिस से छिपकर किराए का मकान लेकर निवास कर रहा था। आरोपी अरुण से पूछताछ करने पर स्वीकार किया कि अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर 20-25 लोगों को सरकारी नौकरी का झांसा देकर रुपए लिए थे। ठगी से मिले 40-45 लाख रूपये को तीनों आरोपियों ने आपस में बांट लिया। उक्त रकम में से कांकेर में एक प्लाट का सौदा कर तीन साल तक खर्चा करना स्वीकार किया। आरोपी अरूण मेश्राम से प्लाट खरीदी एग्रीमेंट व नगदी 4 हजार रूपये को जब्त किया गया ।

## दिन में सोने की चेन खींचकर भाग गए

**भिलाई, 15 अक्टूबर।** भिलाई नेवई थाना अंतर्गत घर के बाहर बैठी ( 82 साल ) महिला से दिन-दहाड़े बदमाश ने दो तोले की सोने की चेन खींचकर भाग गए रिपोर्ट पर पुलिस मामले में धारा 304 बीएनएस एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है नेवई पुलिस ने बताया कि रिसाली सेक्टर निवासी हिरेंन्द्र दुबे रिसाली सेक्टर हेल्थ हास्पिटल के सामने हनुमान के मंदिर में पुजारी का काम करता है उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसके पिता जागेश्वर प्रसाद ने बताया कि प्रार्थी की दादी हेमिन बाई (82 साल) घर के बाहर बैठी हुई थी उसी समय दो अज्ञात लड़के आये और गले में पहने एक सोने की चेन वजन करीब दो तोला को धक्कामुक्की कर झपटमारी करते छीनकर भाग गये।

## महिला बाल विकास विभाग ने अभियान चला कर सुपोषण टोकरी वितरित की

**अंवरी,15 अक्टूबर।** राष्ट्रीय पोषण माह कार्यक्रम 2025 अंतर्गत स्वस्थ नारी सशक्त परिवार महिला बाल विकास विभाग कुरुद द्वारा ग्राम पंचायत कोर्रा में राष्ट्रीय पोषण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष गीतेश्वरी साहू,जनपद सदस्य सिंधु बैस सभापति महिला बाल विकास विभाग बतौर अतिथि शमिल हुए। अतिथियों ने उपस्थित जनसमुदाय को संबोधित करते हुए नारी सशक्तिकरण व सामाजिक आर्थिक विकास पर बल दिया साथ में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई।

# विधायक ललित ने कराया टॉस 350 खिलाड़ियों ने दिखाए दमखम

**रिसाली,15 अक्टूबर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत नगर पालिक निगम रिसाली के वार्ड स्तर पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव का आयोजन रिसाली दशहरा मैदान में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने टॉस कर तथा कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय लेकर किया। इस अवसर पर वार्ड स्तर की 10 विभिन्न प्रतियोगिताओं में कुल 350 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। विधायक चंद्राकर ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव ऐसा मंच है, जहाँ से चयनित खिलाड़ी क्लस्टर, विधानसभा और लोकसभा स्तर पर पहुंचकर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकेंगे। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत खेल महोत्सव के नोडल अधिकारी सुनील दुबे ने किया। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य सनीर साहू, पार्षद ममता सिन्हा, धर्मेंद्र भगत, मंडल अध्यक्ष



अनुपम साहू, तथा आयुक्त मोनिका वर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। पांच पारंपरिक समेत कुल दस खेलों में 350 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। वॉलीबॉल और कुश्ती वर्ग में केवल एक-एक टीम या खिलाड़ी की उपस्थिति होने के कारण निर्णायक मंडल ने उन्हें वॉकओवर देते हुए विजेता घोषित किया।

# निगम आयुक्त ने निर्माणाधीन सड़कों का किया निरीक्षण

**भिलाई, 15 अक्टूबर।** नगर निगम के आयुक्त राजीव कुमार पांडेय ने जोन क्रमांक 02, वैशाली नगर क्षेत्र में चल रहे सड़क चौड़ीकरण और निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त के साथ जोन आयुक्त येशा लहरे भी मौजूद रहीं। उन्होंने रानी अवंति बाई चौक में प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण स्थल का निरीक्षण किया। स्वीकृति प्राप्त होने के बाद उक्त कार्य प्रारंभ किया जाएगा। वैशाली नगर गोल मार्केट स्थित कन्या शाला के पास सड़क चौड़ीकरण कार्य के लिए किए गए निरीक्षण में पाया गया कि कुछ लोगों द्वारा सड़क किनारे अवैध कब्जे किए गए हैं। आयुक्त ने ऐसे व्यक्तियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके अलावा रामनगर



मुक्तिधाम के पास चल रहे सीमेंटीकरण सड़क निर्माण कार्य का भी निरीक्षण किया गया। आयुक्त ने निर्माण एजेंसी को कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा और उप अभियंता अर्पित बंजारे उपस्थित रहे।

# सांसद खेल महोत्सव के प्रथम दिवस हुई 10 खेल स्पर्धाएं

**भिलाई, 15 अक्टूबर।** सांसद खेल महोत्सव 2025.26 का प्रथम दिवस सम्पन्न हुआ। इस महोत्सव का आयोजन चार स्तरों वार्ड, क्लस्टर, विधानसभा एवं संसदीय लोकसभा स्तर पर किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में यह आयोजन वैशाली नगर एवं भिलाई नगर विधानसभा क्षेत्र में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने विभिन्न स्थलों का निरीक्षण कर खिलाड़ियों से संवाद किया तथा बच्चों में खेल के प्रति उत्साह देखकर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि खेल के प्रति लगाव और इसके महत्व को समझाना हम सभी की जिम्मेदारी है। महोत्सव के प्रथम दिन कुल 10 खेल विधाओं का आयोजन किया गयाए 5 मेजर खेल रू वॉलीबॉलए कुश्तीए वेटलिफ्टिंगए योगासनए एथलेटिक्स ;100 एवं 400 मीटर दौड़द्ध 5 पारंपरिक खेल रू कबड्डीए खो.खोए गेड़ी पुरुष वर्गद्ध फुगड़ी एवं सुरीली कुर्सी महिला वर्गद्ध शांति नगर दशहरा मैदान में कबड्डीए खो-खो वॉलीबॉल एथलेटिक्स गेड़ी फुगड़ी और सुरीली कुर्सी का आयोजन किया गया। बैकुंठ धाम में वेटलिफ्टिंगए योगासन और कुश्ती प्रतियोगिताएं हुईं। वहीं भिलाई नगर विधानसभा अंतर्गत जयंती स्टेडियम में कबड्डीए एथलेटिक्सए गेड़ी योगासन और सुरीली कुर्सी के मुकाबले आयोजित किए गए। बीएसपी ग्राउंड सेक्टर-2 में वॉलीबॉल, सेक्टर-3 ग्राउंड में कुश्तीए सेक्टर-4 ग्राउंड में खो.खो तथा सेक्टर.6 पावर जिम में वेटलिफ्टिंग के मुकाबले हुए।




# रावघाट परियोजना के लिए सेल और कलिंगा में समझौता



**भिलाई, 15 अक्टूबर।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड और मेसर्स कलिंगा कमर्शियल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बीच 14 एमटीपीए क्षमता वाली रावघाट लौह अयस्क खदान के विकास व संचालन हेतु माइनिंग सर्विसेज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर हुए। 28 वर्षों की अवधि के इस करार के तहत प्रारंभिक तीन वर्ष निर्माण अवधि के रूप में निर्धारित हैं। समझौते से सेल के एकीकृत इस्पात संयंत्रों को लौह अयस्क की सतत आपूर्ति और कच्चे माल की दीर्घकालीन सुरक्षा सुनिश्चित होगी। समारोह में सांसद विजय बघेलए कार्यपालक निदेशक गणए सीईटी परामर्शदाता और कलिंगा कमर्शियल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। यह समझौता सेल की आत्मनिर्भर खनन नीति की दिशा में एक बड़ा कदम माना जा रहा है।



# नेहरू आर्ट गैलरी में नन्दिता की एकल चित्रकला प्रदर्शनी उद्घाटित

भिलाई, 15 अक्टूबर। नेहरू आर्ट गैलरी सिविक सेंटर में डॉ. नन्दिता राजश्री की एकल चित्रकला प्रदर्शनी कथा का आयोजन 13 से 15 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर महाप्रबंधक ;संपर्कए प्रशासन एवं जनसंपर्कद्ध अमूल्य प्रियदर्शीए महाप्रबंधक जनसंपर्क प्रशांत तिवारी, महाप्रबंधक सुश्री बोन्या मुखर्जीए महाप्रबंधक सौमिक डेए महाप्रबंधक मुकुल सहारिया तथा जनसंपर्क विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि पवन कुमार ने डॉण् नन्दिता राजश्री की कलाकृतियों की सराहना करते हुए कहा कि उनके चित्रों में गहराई, विविधता और आध्यात्मिक संवेदनाओं का सुंदर समन्वय देखने को मिलता है। डॉ. नन्दिता राजश्री, एक कवयित्री और समकालीन कलाकार, ने अपने चित्रों में मिथिला व मधुबनी शैली के रंगों से भावनाओं को जीवंत रूप दिया है। उनके साथ उनकी पुत्री सुश्री देवलीना प्रियदर्शी धरा की कुछ चुनिंदा पेंटिंग्स भी प्रदर्शित की गई।



# खेल महोत्सव का शुभारंभ रेखराम बंछोर की उपस्थिति में हुआ

**भिलाई, 15 अक्टूबर।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर आयोजित सांसद खेल महोत्सव 2025 के द्वितीय चरण का शुभारंभ 14 एवं 15 अक्टूबर को जामुल स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में हुआ। इस महोत्सव का आयोजन दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के सांसद विजय बघेल के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला उपाध्यक्ष रेखराम बंछोर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष बंटी गुप्ता, कार्यक्रम प्रभारी एवं राजस्व निरीक्षक हरीश साहू, महामंत्री ओमप्रकाश साहू, शाला विकास समिति सदस्य बी.आर. रामटेके, तथा माध्यमिक शाला विकास समिति अध्यक्ष अंकित देवांगन विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्राचार्या श्रीमती माया पेटकर, संकुल प्रभारी ऋषिकांत शुक्ला, साहू, अशोक वर्मा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकगण एवं स्टाफ सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित

# निबंध प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित




**भिलाई, 15 अक्टूबर।** राजभाषा विभाग द्वारा मेरा भिलाई मेरा अभिमान विषय पर आयोजित संयंत्र स्तरीय निबंध प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण समारोह 14 अक्टूबर को इस्पात भवन स्थित कार्यपालक निदेशक सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक प्रमोद कुमार चोखानी थे। इस अवसर पर महाप्रबंधक संपर्क प्रशासन एवं जनसंपर्क अमूल्य प्रियदर्शी, महाप्रबंधक संपर्क, प्रशासन, जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा राजीव कुमार, निर्णायकगण हरप्रीत सिंह, सुश्री रूपम कुमार एवं सुश्री बोन्या मुखर्जी सहित बड़ी संख्या में हिंदी प्रेमी कार्मिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्रशासनिक सहायक अंजनी कुमार द्विवेदी को मिला। द्वितीय पुरस्कार वरिष्ठ प्रबंधक राजेन्द्र कुमार साहूए तथा तृतीय पुरस्कार व्याख्याता केदारनाथ सोनबेर को प्रदान किया गया। सांत्वना पुरस्कार उपमहाप्रबंधक आनंदए उपमहाप्रबंधक सुश्री अमृता गंगराड, एवं जेई, नील कुमार पटेल को मिले। मुख्य अतिथि प्रमोद कुमार चोखानी ने अपने उद्बोधन में कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र ने केवल उत्पादों का निर्माण नहीं किया। बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी अग्रणी भूमिका निभाई है। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाप्रबंधक राजीव कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया तथा कहा कि हिंदी के प्रचार.प्रसार और राजभाषा में कार्य करने की प्रेरणा सभी को इस तरह की प्रतियोगिताओं से मिलती है। अमूल्य प्रियदर्शी ने कहा कि सभी प्रतिभागियों ने भिलाई के प्रति अपने भावनात्मक जुड़ाव को शब्दों में व्यक्त कर संयंत्र के गौरव को बढ़ाया है। संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया।

## प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को दी गई 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि

**जगदलपुर, 15 अक्टूबर।** कलेक्टर हरिस एस. द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत् प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को 08 लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई है। कलेक्टर द्वारा बस्तर तहसील के ग्राम चोकर निवासी ललिता यादव की मृत्यु तालाब के पानी में डूबने से पिता सकरू यादव तथा तहसील भानपुरी के ग्राम बनियागांव निवासी जागेश्वरी मौर्य की मृत्यु पानी में डूबने से पिता सुदरू मौर्य प्रत्येक को चार-चार लाख रूपए की सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है।

# छठ पर्व के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने आईजी ने दिए कड़े निर्देश

**भिलाई, 15 अक्टूबर।** दीपावली और छठ पर्व के दौरान जिले में कानून-व्यवस्था और शांति बनाए रखने के लिए दुर्ग पुलिस ने सभी राजपत्रित अधिकारी और थाना प्रभारियों की बैठक लेकर कड़े निर्देश दिए हैं। पुलिस ने बीट प्रभारी नियुक्त किया है। दीपावली के त्योहार में सभी बीट प्रभारियों के फोन नंबर दीवारों पर वाल पेंटिंग कराकर सार्वजनिक करना होगा, ताकि किसी भी अप्रिय घटना और सूचना तत्काल पुलिस तक पहुंच सके दुर्ग रेंज आईजी रामगोपाल गर्ग और दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल की अध्यक्षता में पुलिस नियंत्रण कक्ष में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई आईजी गर्ग ने अपराधों के विवेचना में त्रिनयन एवं सशक्त ऐप के उपयोग करने के संबंध में दिशा निर्देश दिये वहीं दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने गुण्डा



बदमाशों की निगरानी के निर्देश दिए थानों क्षेत्र को बीट में विभाजित किया गया है प्रत्येक बीट का नामजद प्रभारी एवं सहायक प्रभारी बनाए गए हैं बीट प्रभारी को बीट क्षेत्र में निवास करने वाले गुण्डा, निगरानी बदमाशों, अवैध कार्य करने वाले लोगों के ऊपर निगाह रखने, निगरानी एवं गुण्डा बदमाशों के चाल चलन, गुजर बसर के स्त्रोत एवं जीवन शैली पर बारीकी से जांच किए जाने, गतिविधियों में निगाह रखने बीट प्रभारियों को निर्देशित किया गया गुण्डा निगरानी बदमाशों के विरूद्ध बाउण्ड ओवर कराया जायें एवं बाउण्ड ओवर का उल्लंघन करने वाले गुण्डा, निगरानी बदमाशों का बाउण्ड जब्ती की कार्रवाई भी करायी जाए। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बीट में थाना प्रभारी, बीट प्रभारी एवं सहायक बीट प्रभारी के मोबाइल नंबर दृष्यमान, स्थानों पर वाल पेंटिंग कराकर आम जनता के लिये प्रदर्शित किये जाने निर्देश दिये गया दीपावली त्योहार में 6 दिवस शेष है इस अवधि में संध्या के समय बाजारों में अत्यधिक भीड़ रहती है। इस दिशा में सभी थाना चौकी प्रभारियों को मुस्तैदी से सुरक्षा ड्यूटी करने, साइबर फ्राड की विवेचना में तेजी लाने सख्त निर्देश एसएसपी अग्रवाल ने कहा कि 60/90 दिवस में चालान पेश करने के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश दिया गया। महिला संबंधी अपराधों की विवेचना पूर्ण संवेदनशीलत्ता तथा तत्परता से किये जाने, साइबर फ्राड की विवेचना में तेजी लाने एवं अपराधियों की धर पकड़ की कार्रवाई, नशीले पर्दाथों के व्यवसाय से जुड़े लोगों की धर पकड़ एवं एण्ड टू एण्ड विवेचना करते हुए सभी स्तर के लोगों को कानून की दायरे में लाकर सजा दिलाने, इस व्यवसाय से अर्जित सम्पतियों को जब्त कराने की कार्रवाई मिशन मोड में किये ।



# सिंटर प्लांट-3 में सीओजी इंजेक्शन सिस्टम का शुभारंभ

**भिलाई, 15 अक्टूबर।** सिंटर प्लांट.3 में टॉप फायरड कर्टन फ्लेम इग्निशन सिस्टम एवं कोक ओवन गैस इंजेक्शन सिस्टम का शुभारंभ निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र द्वारा किया गया। यह अत्याधुनिक प्रणाली सितंबर 2025 में किए गए कैपिटल रिपेयर के दौरान सफलतापूर्वक स्थापित की गईए जिसमें पुराने साइड बर्नर सिस्टम को हटाकर नया ऊर्जा.सक्षम टॉप फायरड फर्नेस लगाया गया। इस प्रणाली की डिज़ाइन आरडीसीआईएसए रांची की टीम द्वारा तैयार की गई है। स्थापना के बाद से प्रणाली ने उत्कृष्ट परिणाम दिए हैं। इस परियोजना का नेतृत्व तत्कालीन मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी अनूप कुमार दत्त ने किया। आरडीसीआईएसए रांची की तकनीकी टीम ने महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान कियाए जिसका नेतृत्व महाप्रबंधक आईण् एनण् पीण् गुप्ता ने किया। शुभारंभ समारोह में कार्यपालक निदेशक राकेश कुमारए कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगमए कार्यपालक निदेशक पवन कुमारए कार्यपालक निदेशक बिपिन कुमार गिरी तथा कार्यपालक निदेशक अरुण कुमार सहित संयंत्र एवं आरडीसीआईएस के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

# मजदूरीमुखी कार्यों के साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए : अजय त्रिपाठी

**कवर्धा, 14 अक्टूबर ।** जिले की सभी ग्राम पंचायतों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत अधिक से अधिक मजदूरीमुखी कार्य प्रारंभ कर ग्रामीणों को रोजगार उपलब्ध कराने के निर्देश जिला पंचायत सीईओं श्री अजय कुमार त्रिपाठी द्वारा दिए गए हैं। सीईओ श्री त्रिपाठी ने मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि जिन ग्राम पंचायतों में अभी तक मजदूरीमुखी कार्य प्रारंभ नहीं हुए हैं, वहां 15 अक्टूबर तक अनिवार्य रूप से नए कार्य स्वीकृत कराकर प्रारंभ किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों में मजदूरीमुखी कार्यों के साथ-साथ स्थायी परिसंपत्तियों के निर्माण पर भी विशेष ध्यान दिया जाए। समीक्षा के दौरान कुछ पंचायतों में लक्ष्य के विरुद्ध मानव दिवस सृजन कम पाए जाने पर संबंधित तकनीकी सहायकों को फटकार लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी



गई। सीईओ श्री अजय कुमार त्रिपाठी ने कहा कि सामग्रीमुखी कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित तकनीकी सहायकों एवं जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार आगामी वर्ष हेतु युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से निर्माण कार्यों के प्रस्ताव ग्राम पंचायतों द्वारा भेजे जा रहे हैं। जल संरक्षण से संबंधित कार्यों को प्राथमिकता देने, हैंडपंप के पास सोख्ता गड्ढा निर्माण, पशु आश्रय शेड, डबरी, कूप निर्माण, तथा अमृत सरोवर के लिए नए स्थलों का चयन करने के निर्देश पूर्व में ही दिए गए हैं। इन सभी कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में की गई। समीक्षा में यह भी पाया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत कई हितग्राहियों के लिए मनरेगा योजना से मस्टर रोल जारी नहीं किए गए हैं। इस पर सीईओ श्री त्रिपाठी ने संबंधित तकनीकी सहायकों को फटकार लगाते हुए 15 अक्टूबर तक सभी लंबित मस्टर रोल जारी करने के निर्देश दिए और कहा कि यह अंतिम अवसर होगा।सीईओ श्री त्रिपाठी ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना की प्रगति संतोषजनक है, जिसके लिए सभी सीईओ जनपद पंचायत की प्रशंसा की गई। वहीं प्रधानमंत्री जनमन योजना में आवास निर्माण की गति तेज करने के लिए कार्यक्रम अधिकारी एवं विकासखंड समन्वयकों को विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में निर्माणाधीन आवासों की प्रतिदिन समीक्षा कर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित की जाए। बैठक में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लेबर बजट की ग्राम पंचायतवार समीक्षा की गई तथा 2026-27 के लिए लेबर बजट निर्माण की तैयारी पर तकनीकी सहायकों से जानकारी ली गई। इसके अलावा 'मोर गांव-मोर पानी' महाभियान के अंतर्गत स्वीकृत कार्यों, वृक्षारोपण की प्रगति, सामाजिक अंकेक्षण के लंबित प्रकरणों के निराकरण एवं मॉडल ग्राम पंचायतों के विकास पर भी विस्तृत चर्चा की गई।सीईओ श्री त्रिपाठी ने कहा कि मनरेगा योजना ग्रामीणों की आजीविका का प्रमुख साधन है, अतः समय पर मजदूरी भुगतान और रोजगार उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिया कि ग्राम पंचायतें ऐसे कार्यों की पहचान करें जिनसे सामुदायिक आजीविका केंद्रों का संचालन संभव हो सके। मछली पालन, बकरी पालन, कुकुट पालन, सूकर पालन जैसी गतिविधियों को बढ़ावा देकर आजीविका संवर्धन पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। जिला पंचायत सभागार में आयोजित इस समीक्षा बैठक में सभी सीईओ जनपद पंचायत, सहायक परियोजना अधिकारी (मनरेगा), सहायक प्रचार प्रसार अधिकारी, जिला समन्वयक (प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण), कार्यक्रम अधिकारी, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नमी से धान फसल में कीट व्याधि की समस्या

**दुर्ग, 15 अक्टूबर ।** दुर्ग जिले मे धान फसल खरीफ की मुख्य फसल है, जिले में लगातार हो रहीं बारिश से किसानों में अच्छे फसल की आशा बनी हुई है, फिलहाल बारिश की अधिकता से वातावरण में नमी बढ़ गई है। वहीं बारिश के बाद तेज धूप से उमस के कारण धान की फसल में तना छेदक, पत्ती मोड़क, भूरा माहू, ब्लड वर्म, पेनिकल माइट एवं जीवाणु जनित झुलसा जैसे कीटव्याधि की समस्या उत्पन्न हो रहीं है। समस्याओं के नियंत्रण हेतु उप संचालक कृषि जिला-दुर्ग द्वारा जिले के मैदानी अमलों को कृषकों के खेतों का सतत निरीक्षण किये जाने एवं समन्वित कीट एवं रोग प्रबंधन हेतु समय-समय पर कृषकों को समसामयिक सलाह देने के निर्देश दिये जा रहे हैं।किसान भाईयों को सलाह दी गई है कि भूरा माहू के नियंत्रण हेतु 24 घण्टे के लिए पानी का निकास करने से कीट नियंत्रण में सहायता मिलती है।

# अंग्रेजी हुकूमत काल के जनजातीय विद्रोहों पर आधारित संग्रहालय को दिया जा रहा अंतिम स्वरूप



**रायपुर,15 अक्टूबर।** अंग्रेजी हुकूमत के काल में छत्तीसगढ़ के आदिवासी स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शौर्य और बलिदान की स्मृति में नवा रायपुर, अटल नगर में निर्मित किए जा रहे भव्य संग्रहालय-सह-स्मारक को अंतिम रूप दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी राज्योत्सव के अवसर पर इस संग्रहालय का उद्घाटन करेंगे। मुख्य सचिव श्री विकास शील ने आज निर्माण स्थल पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर बनाया जा रहा यह संग्रहालय देश का पहला पूर्णतः डिजिटल संग्रहालय होगा। इसमें स्वतंत्रता आंदोलन के समय छत्तीसगढ़ में हुए 14 प्रमुख आदिवासी विद्रोहों के साथ-साथ जंगल सत्याग्रह और झंडा सत्याग्रह पर अलग-अलग गैलरियाँ बनाई जा रही हैं। संग्रहालय में आगंतुकों को इन जनजातीय आंदोलनों की जीवंत झलकें देखने और सुनने को मिलेंगी। निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव श्री शील ने कहा कि संग्रहालय में प्रदर्शित की जाने वाली सभी वस्तुओं और सामग्री को उनके मूल स्वरूप में ही प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि ओरिएंटेशन रूम में प्रदर्शित की जाने वाली डाक्यूड्रामा हल्बी-गोंडी या अन्य जनजातीय बोलियों में तैयार की जाए, ताकि यह स्थानीय संस्कृति से जुड़ाव का सशक्त माध्यम बन सके। उन्होंने प्रधानमंत्री जी के कार्यक्रम को ध्यान में रखते हुए सभी गैलरियों का भ्रमण किया और आवश्यक व्यवस्थाएँ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव श्री सोनमणि बोरा ने संग्रहालय में प्रदर्शित किए जाने वाले आदिवासी विद्रोहों का संक्षिप्त परिचय देते हुए पूरे रूट चार्ट के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने आज ही संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर लोकार्पण की तैयारियों की समीक्षा की।

## एक नजर

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 अक्टूबर तक

**बलौदाबाजार, 15 अक्टूबर।** शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर मे कक्षा 6 वीं एवं 9 वीं में प्रवेश हेतु अखिल भारतीय सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में शामिल होने के इच्छुक राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाईट www.nta.ac.in Øæ httpsÑ//e&ams.nta.ac.in/sainik-school-society पर 30 अक्टूबर 2025 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। सामान्य एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अभ्यर्थियों हेतु परीक्षा शुल्क 850 एवं अनुचित जाति एवं जनजाति हेतु 700 रुपये निर्धारित है। परीक्षा योजना, पाठ्यक्रम एवं योग्यता तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी की आधिकारिक वेबसाईट का अवलोकन किया जा सकता है।

### जिले में अब तक 1004.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार,15 अक्टूबर।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 14 अक्टूबर 2025 तक 1004.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा तहसील टुण्डरा में 1197.1 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा सिमगा तहसील में 820.7 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार तहसील सुहेला 1165 मिमी, पलारी में 1111.2 मिमी, बलौदाबाजार 959.2 मिमी, सोनाखान 958.5 मिमी, लवन 956.2 मिमी, कसडोल 942.3मिमी.,भाटापारा 933.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 9043.3 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 1004.8 मिमी है। 14 अक्टूबर 2025 को शून्य मिलीमीटर दर्ज की गई है। सभी तहसीलों मे शून्य मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

### स्टेट स्कूल मैदान मे संगीत संध्या का आयोजन,डॉ. रमन सिंह होंगे शामिल

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 15 अक्टूबर को स्टेट स्कूल मैदान में आयोजित संगीत संध्या कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने कार्यक्रम की तैयारी एवं व्यवस्थाओं जायजा लिया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में पार्किंग एवं बैठक व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इसके साथ ही वीवीआईपी एन्ट्री एवं अन्य नागरिकों की एन्ट्री के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने फायर बिग्रेड, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक तैयारी की जानकारी ली। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, अतिरिक्ति पुलिस अधीक्षक श्री राहुल शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम श्री गौतम पाटिल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### जिले में इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम टीम का गठन

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा तैयार किए गए राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन नीति-2009 एवं राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन दिशा-निर्देश इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम को अपनाते हुए राज्य स्तर पर मुख्य सचिव एवं जिला स्तर पर जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम अंतर्गत इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम टीम का गठन किया गया है। इंसीडेन्ट रिस्पांस सिस्टम राज्य एवं जिला स्तर पर आपदाओं से निपटने तथा तत्काल राहत सहायता उपलब्ध कराने एवं आपदा के समय विभिन्न विभागों से समन्वय स्थापित कर आवश्यक निर्णय लेने का कार्य करेगी।

### स्कूली बच्चों को मलेरिया, डेंगू रोग से बचाव के संबंध में दी जा रही जानकारी

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के तहत राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तर पर मलेरिया डेंगू एवं विभिन्न वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम एवं बचाव हेतु जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के विभिन्न स्कूलों में मलेरिया, डेंगू रोग से बचाव के संबंध में वाद-विवाद, चित्रकला सहित अन्य प्रतियोगिताओं सहित अन्य जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं मेमोंटो प्रदान कर प्रोत्साहित किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों में जिला प्रबंधक शहरी कार्यक्रम पूजा मेश्राम, जिला मलेरिया सलाहकार संगीता पाण्डे, जिला सलाहकार एनटीसीपी निहारिका टोपनो द्वारा राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के उद्देश्यों की जानकारी दी जा रही है।

विश्व मानक दिवस पर आयोजित मानक महोत्सव में शामिल हुए मुख्यमंत्री

# गुणवत्ता और मानक ही आत्मनिर्भर भारत की पहचान: विष्णु देव साय

रायपुर, 15 अक्टूबर। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि जीवन के हर क्षेत्र में मानकों का पालन पारदर्शिता, गुणवत्ता और उपभोक्ता अधिकारों की सुरक्षा के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) द्वारा वस्तुओं को मानक चिन्ह प्रदान कर उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा की जा रही है और इसके माध्यम से मिलावट व नकली वस्तुओं के कारोबार पर प्रभावी रोक लगी है। मुख्यमंत्री श्री साय आज राजधानी रायपुर के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में विश्व मानक दिवस के अवसर पर आयोजित मानक महोत्सव को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने उपस्थित जनों को गुणवत्ता शपथ दिलाते हुए मानकीकृत उत्पादों को बढ़ावा देने और बीआईएस के प्रयासों में भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने मानकों की स्थापना में विशेष योगदान देने वाले मानक क्लबों, संस्थाओं और मेंटर्स का सम्मान किया। उन्होंने भारतीय मानक ब्यूरो के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था देशभर में गुणवत्ता की संस्कृति विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि एक समय था जब सोने जैसी धातुओं की शुद्धता का पता लगाना कठिन था, लेकिन आज हर उपभोक्ता बीआईएस हॉलमार्क देखकर ही आभूषण खरीदता है। बीआईएस का हॉलमार्क अब उपभोक्ता भरोसे का प्रतीक बन चुका है। उन्होंने बताया कि बीआईएस द्वारा बोतलबंद पानी, हेलमेट, खिलौने, गहनों से लेकर करीब 22 हजार वस्तुओं को मानक चिन्ह प्रदान किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उपभोक्ताओं के बीच मानक चिन्हों के प्रति जागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि गुणवत्तापूर्ण उत्पादों को बढ़ावा मिल सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में अग्रसर है और इस लक्ष्य को प्राप्त करने में मानकों की अहम भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि स्वदेशी उत्पादों की गुणवत्ता और मानकीकरण के कारण आज देश के गांव और कस्बों में बने उत्पाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में पहचान बना रहे हैं।



मुख्यमंत्री श्री साय ने उपस्थित जनों से मानक चिन्हों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का आह्वान करते हुए कहा कि ÷विकसित भारत का संकल्प उपभोक्ता अधिकारों की मजबूती से ही पूरा होगा।÷ उन्होंने कहा कि गुणवत्ता ही आत्मनिर्भर भारत की वास्तविक पहचान है।

कार्यक्रम में खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल ने कहा कि विश्व मानक दिवस का उद्देश्य उपभोक्ताओं और समाज में मानकीकरण के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। यह हमारे वैज्ञानिकों और तकनीकी विशेषज्ञों के प्रयासों को सराहने का अवसर भी है। उन्होंने कहा कि देश तेजी से विकास कर रहा है और गुणवत्ता सुधार अब

### मानक महोत्सव में विभिन्न स्टालों का किया अवलोकन

विश्व मानक दिवस के अवसर पर आयोजित मानक महोत्सव में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) तथा अन्य संस्थानों द्वारा लगाए गए विभिक्ष स्टालों का अवलोकन किया। उन्होंने मानक स्थापना से जुड़ी गतिविधियों और संस्थाओं की कार्यप्रणाली की जानकारी ली और उनके प्रयासों की सराहना की। सिपेट रायपुर के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि संस्था प्रदेश के युवाओं को लघु एवं दीर्घकालीन कौशल प्रशिक्षण प्रदान करती है।

### शैक्षणिक संस्थानों के नवाचारी स्टॉल बने आकर्षण का केंद्र

मानक महोत्सव में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा लगाए गए नवाचार आधारित स्टॉल सभी के आकर्षण का केंद्र बने। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों द्वारा प्रदर्शित नवाचारों का अवलोकन किया और उनके रचनात्मक प्रयासों की सराहना की। गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल बिरकोनी के विद्यार्थियों ने रक्तचाप जांचने की मशीन और मिट्टी की नमी मापने की मशीन तैयार की। पंडित आर. डी. तिवारी गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल के छात्रों ने फ्एक्सप्लोरर रोबोटफ् प्रस्तुत किया, जो अंधेरे और दुर्गम स्थानों में रास्ता खोजने में सक्षम है। यह रोबोट खदानों और औद्योगिक स्थलों पर उपयोगी सिद्ध हो सकता है। वहीं गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल अंडा के विद्यार्थियों ने स्मार्ट ट्रेन का मॉडल तैयार किया, जो विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए उपयोगी है। मुख्यमंत्री श्री साय ने विद्यार्थियों से चर्चा की, उनके नवाचारी कार्यों की जानकारी ली और उनकी रचनात्मकता की सराहना करते हुए कहा —युवाओं की सोच में जब गुणवत्ता और नवाचार जुड़ता है, तभी भारत विकसित राष्ट्र बनने की ओर तेजी से अग्रसर होता है।

## जिला ग्रंथालय की सकारात्मक पहल से सदस्यों की संख्या बढ़कर हुई 764



**बलौदाबाजार,15 अक्टूबर।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार पाठकों के मांग अनुरूप जिला ग्रंथालय के संचालन में सकारात्मक परिवर्तन से सदस्य संख्या 330 से बढ़कर 764 तक हो गई है। सदस्यो की संख्या मे लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है। वर्ष 2023- 24 एवं 2024 -25 में 22 युवाओ का चयन पीएससी एवं व्यापम के माध्यम से विभिन्न सेवाओं में चयन हुआ है। जिला ग्रंथालय बलौदाबाजार का शुभारंभ 4 नवम्बर 2016 को हुआ है तब से यह निरंतर युवाओ का प्रेरणा स्त्रोत बना हुआ है। यहां अम्याथियो के बैठक व्यवस्था के लिए टेबल और कुर्सियों की व्यवस्था की गई है।अम्यर्थियो की सहमति एवं सुझाव पर नवीन एवं आवश्यक किताबे ग्रंथलाय हेतु खरीदी की जाती है। पर्याप्त लाईट, पंखा और कूलर की व्यवस्था किया गया है।अम्यर्थियो की बढ़ती हुई संख्या को देखते हुए नया वाटर कूलर की व्यवस्था गई है ,साथ ही बड़ा पानी टंकी थी लगवाया गया है ।समय की मांग के अनुसार अम्यर्थियो हेतु इंटरनेट वाई -फाई व्यवस्था की गई है जिससे अम्यर्थियो को नवीनतम सूचनांए त्वरित उपलब्ध हो रही है।अम्यर्थियो की सुरक्षा के मद्देनजर पुरे परिसर को सी.सी. टी. वी. की निरारानी में रखा गया है। विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं पर चयनित अभ्यर्थियो का सम्मान भी किया जाता है जिससे अन्य अम्यर्थियो को प्रेरणा मिल सके।

## मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 4 युवकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

बलौदाबाजार 15 अक्टूबर। प्रार्थी धर्मेंद्र रजक निवासी ग्राम अर्जुनी थाना भाटापारा ग्रामीण द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 25.08.2025 को रात्रि 9:00 बजे ग्राम शुक्लाभाटा से वापस अपने घर अर्जुनी अपनी मोटरसाइकिल ष्ट्र22 ङ्ग2557 में निकला था, कि शुक्लाभाटा मोड लटुवा रोड में फ्रेश होने के लिए गाड़ी में चाबी को छोड़कर मैदान तरफ चला गया था, वापस आकर देखा तो वहां पर मोटरसाइकिल नहीं था, जिसे कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया गया था। कि रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 845/2025 धारा 303(2),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही किया गया। साथ ही मार्ग में स्थित दुकान, पान ठेला एवं आसपास रहवासियों से भी गहन पूछताछ किया गया, जिसके आधार पर पता चला की चोरी को उक्त



मोटरसाइकिल को ग्राम लटुवा निवासी एक आरोपी चला रहा है। की सूचना पर ग्राम लटुवा निवासी 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया, जिनसे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी का उक्त मोटरसाइकिल को चोरी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपियों से चोरी का मोटरसाइकिल, जिसका पार्ट्स आरोपियों द्वारा बेचने के लिए अलग-अलग निकाल दिया था बरामद किया गया है तथा सभी चारों आरोपियों को आज दिनांक 14.10.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## स्कूली बच्चों ने किया आईआईटी भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत जिले के सभी विकासखंड के सेकेण्डरी स्तर के 85 विद्यार्थियों को आईआईटी भिलाई का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। आईआईटी भिलाई के प्रोफेसरों ने बच्चों को आवश्यक कैरियर मार्गदर्शन दिया और आईआईटी में प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में जानकारी दी। बच्चों को आईआईटी भिलाई के तकनीकी विभाग, बायोटेक्नोलॉजी विभाग सहित भौतिकी, बायोटेक एवं ऑप्टिकल लैब का भ्रमण कराया गया। बच्चों ने अटल टिंकरिंग लैब एवं इंस्पायर अवार्ड के लिए बनाए गए मॉडल को अपग्रेड के संबंध में जानकारी ली। आईआईटी भिलाई में शैक्षणिक भ्रमण से बच्चे आईआईटी जैसे प्रतिष्ठत संस्थानों में प्रवेश हेतु प्रोत्साहित हुए। शैक्षणिक भ्रमण में सहायक जिला परियोजना अधिकारी समग्र किशक्षा श्री रोहित कुमार सिन्हा, कार्यक्रम की नोडल अधिकारी श्रीमती प्रणीता शर्मा, विकासखंडों के एस्कार्ट शिक्षक एवं बच्चे शामिल थे।

## समाचार संक्षेप

### अपराधियों की धरपकड़ में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों का सम्मान



**बलौदाबाजा 15 अक्टूबर।** पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में जिले में उत्कृष्ट कार्य, अपराध विवेचना एवं अपराधियों की धरपकड़ में प्रशंसनीय एवं अपना विशेष योगदान देने वाले अधिकारी कर्मचारियों को सम्मानित करते हुए माह सितंबर-2025 में 04 पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों को COP OF MONTH के रूप में चुना गया है। दिनांक 19.09.2025 को संचालित ऑपरेशन निश्चय 2.0 के तहत थाना लवन में 15.48 किलोग्राम गांजा की जप्ती कार्यवाही कर अपराध क्रमांक 370/2025 धारा 20B,29 NDPS ACT. का प्रकरण पंजीबध्द करते हुए निरीक्षक अमित पाटले थाना प्रभारी लवन, सहायक उप निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण पटेल एवं आरक्षक अजय बंजारे द्वारा प्रकरण के अंतिम कडी तक के सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया था, जिसके फ्लस्वरूप उल्लेखित चारों अधि./कर्मचारियों को माह सितंबर-2025 के लिए COP OF MONTH के रूप में चुना गया।

### स्वसहायता समूह की महिलाओं के बनाई एवं उत्पादित गुणवत्तायुक्त सामग्री का विक्रय सह प्रदर्शनी

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा 13 से 26 अक्टूबर 2025 तक विशेष सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत आज कलेक्टोरेट परिसर राजनांदगांव में कार्यालय जिला पंचायत के सामने छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान के तहत स्वसहायता समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित एवं उत्पादित गुणवत्तायुक्त सामग्री की विक्रय सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी सह विक्रय में सभी विकासखंडों से स्वसहायता समूह के सदस्यों द्वारा निर्मित एवं उत्पादित सामग्री का प्रदर्शन स्टॉल के माध्यम से किया गया। विक्रय सह प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में जनसामान्य एवं शासकीय विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा गुणवत्तायुक्त उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया और खरीददारी भी की गई। विक्रय सह प्रदर्शनी में जिले के सभी विकासखण्डों से कुल 50 महिला स्वसहायता समूह के सदस्यों एवं उद्यमियों द्वारा स्टॉल के माध्यम से आचार, मसालें, ए-2घी (भारत माता संकुल), चना दाल (स्वर्ण-उपज एफ्पीसी), अगरबत्ती, मोमबत्ती, नर्सरी, बांस कला उत्पाद, आर्टिफिसियल ज्वेलरी, पूजा सामग्री (सखी संकुल सोमनी), बड़ी, पापड़, फैंसी एवं श्रृंगार सामग्री, साड़ी एवं बैग सहित विभिन्न उत्पाद प्रदर्शनी में बिक्री के लिए उपलब्ध रहे। विक्रय सह प्रदर्शनी के माध्यम से लगभग 88200 रूपए के उत्पादों का विक्रय हुआ। विक्रय सह प्रदर्शनी में बड़ी संख्या में जनसामान्य एवं अधिकारी व कर्मचारी ने प्रदर्शनी में शामिल होकर एवं उत्पादों को खरीदकर स्वसहायता समूहों को प्रोत्साहित किया।

### कलेक्टर ने प्रयास आवासीय विद्यालय का किया निरीक्षण

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह 16 अक्टूबर को प्रयास आवासीय विद्यालय के विद्यार्थियों से मुलाकात करेंगे। इसी कड़ी में कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज प्रयास आवासीय विद्यालय में व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने इसके साथ ही बालिका छात्रावास और बालक छात्रावास का भी निरीक्षण किया। कलेक्टर श्री यादव ने प्रयास आवासीय विद्यालय में पर्याप्त प्रकाश और माईक की व्यवस्था करने कहा। उन्होंने बालिका छात्रावास में सभी कार्यो के लिए महिला स्टॉफकी ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने बालिका छात्रावास में 24 घंटे महिला सहायक अधीक्षिका की ड्यूटी लगाने कहा। परिसर में पर्याप्त मात्रा में सीसीटीवी कैमरे, लाईट लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बालिका छात्रावास में किचन और वाशिंग एरिया में बाउंड्रीवाल के लिए तत्काल प्राक्कलन तैयार करने नगर निगम आयुक्त को निर्देश दिए। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि प्रयास आवासीय विद्यालय में कक्षा 9वीं के 113 बच्चों का प्रवेश पूर्ण कर लिया गया है। आवासीय विद्यालय में बालक-बालिकाओं के लिए पृथक-पृथक हॉस्टल एवं मेस की सुविधा है। दोनों हॉस्टल के लिए अधीक्षक नियुक्त कर दिए गए हैं। बच्चों की सुरक्षा हेतु चार सुरक्षा गार्ड की ड्यूटी लगाई गई है तथा पूरा कैम्पस सीसीटीवी की निगरानी में है।

# सड़क दुर्घटना रोकने के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन करने के दिए निर्देश

**राजनांदगांव 15 अक्टूबर।** कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक ली। कलेक्टर ने सड़क दुर्घटना से सुरक्षा के लिए ब्लैक स्पॉट चिन्हांकन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थान जहां दुर्घटना हुई है तथा दुर्घटना संभावित क्षेत्रों का चिन्हांकन करते हुए वहां सुधार एवं मरम्मत कार्य करना है। सड़क दुर्घटना से मृत्यु दर में कमी लाने के लिए विशेष तौर पर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए नागरिकों को वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के लिए जागरूक करें। वाहन चलाते समय हेलमेट नहीं लगाने वाले नागरिकों पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोटर व्हीकल




एक्ट के तहत ज्यादा से ज्यादा कार्रवाई करें। कलेक्टर ने शहर की सड़कों से घुमंतु पशुओं को हटाने के लिए व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम आयुक्त को मवेशियों को अन्य सुरक्षित स्थानों पर ले जाने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मवेशी मालिकों से जुर्माना वसूल करें। इस दौरान जिला परिवहन अधिकारी श्री आनंद शर्मा ने सड़क सुरक्षा के लिए किये जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी दी। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर श्री सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा, डीएसपी सुश्री तनुप्रिया ठाकुर, कार्यपालन अभियंता श्री चौरसिया, टीआई ट्रैफिक्र श्री नवरतन कश्यप, नेशनल हाईवे से श्री मोहित सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

विभिन्न खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

# सांसद खेल महोत्सव 'फिट इंडिया' की भावना के साथ पारंपरिक खेलों का पुनर्जागरण :सांसद

**सिमगा 15 अक्टूबर।** बलौदा बाजार-भाटापारा सांसद एवं वरिष्ठ भाजपा नेता बृजमोहन अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय सिमगा में आयोजित सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिताओं का भव्य फाइनल समारोह संपन्न हुआ। हजारों खिलाड़ियों की उपस्थिति और उत्साह ने पूरे कार्यक्रम को एक खेल पर्व का रूप दे दिया।

इस अवसर पर महिला एवं पुरुष वर्गों में कुश्ती, खो-खो, गेड़ी दौड़, फुगड़ी, रस्सा-कसी, रस्सी कूद, कबड्डी, बास्केटबॉल, वॉलीबॉल, तैराकी तथा शतरंज जैसी खेल प्रतियोगिताओं में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया। सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने खेल महोत्सव के सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं



देते हुए कहा कि ÷प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का सपना है कि फिट इंडिया और खेलो इंडिया जैसे अभियानों के माध्यम से पारंपरिक खेलों को गांव-गांव तक पुनर्जीवित किया जाए।÷ उन्होंने कहा कि एक समय था जब कहा जाता था 'खेलोगे कूदोगे बनोगे खराब, पढ़ोगे लिखोगे बनोगे नवाब, लेकिन आज खेल क्षेत्र भी एक उज्ज्वल भविष्य का द्वार बन चुका है। अब खिलाड़ी देश और समाज के ब्रांड एंबेसडर बनते हैं तथा उन्हें सरकारी सेवाओं में भी पहचान मिल रही है। उन्होंने बताया कि सिमगा क्षेत्र में 12 हजार खिलाड़ियों की भागीदारी अपने आप में एक ऐतिहासिक उपलब्धि है जो युवाओं की जागरूकता और खेल के प्रति समर्पण को दर्शाती है।

श्री अग्रवाल ने विजेता खिलाड़ियों और टीमों को पुरस्कृत करने के साथ ही देश दुनिया में अपना योगदान देने वाले पूर्व वरिष्ठ खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्होंने महाविद्यालय में 5 नए कमरों के निर्माण के लिए 25 लाख रुपए की घोषणा की तथा खेल मैदान की सुरक्षा हेतु चारों ओर वार्बेड वायर लगाने के निर्देश दिए। सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने सभी खिलाड़ियों और आयोजन समिति को सफ्ल आयोजन के लिए बधाई दी तथा कहा कि युवा ही देश का भविष्य हैं, खेल भावना और अनुशासन उन्हें राष्ट्र निर्माण की दिशा में अग्रसर करता है। इस अवसर पर पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती आकांक्षा जायसवाल, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री आनंद यादव, जनपद पंचायत अध्यक्ष डॉ. दौलत रामपाल, श्री अनिल पांडे, श्री संजय शर्मा, श्री अतुल शुक्ला, श्री गजेन्द्र पांडे सहित अनेक जनप्रतिनिधि, विभागीय अधिकारी, खिलाड़ी, शिक्षक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### अफसरों को सेवक होने का एहसास दिलाना जरूरी

*लोकतंत्र में जनता ही सर्वोपरि होती है, सबसे बड़ी होती है, सबसे शक्तिशाली वही होती है।सरकार के मंत्री, सांसद, विधायक, जिले के अफसर उसके सेवक होते हैं।सबको इस बात एहसास जनता मौके पर दिलाती रहती है। वह राजनीतिक दलों को चुनाव में जिताकर व हराकर बताती है कि तुम सेवक हो, पांच साल सेवा ठीक से नहीं करोगे तो सेवा से हटा दिए जाओगे, दूसरे राजनीतिक दल को सेवा का मौका दिया जाएगा। इसी तरह सरकार बनने के बाद जो राज्य का सीएम होता है, उसे भी जनता को बताते रहना पड़ता है, इसके साथ ही सीएम को मंत्री,सांसदों, विधायकों व जिले के अफसरों को भी बताते रहना पड़ता है कि तुम शासक नहीं हो, तुम सेवक हो। जनता की सेवा ठीक से करोगे तो सराहना मिलेगी, जनता की सेवा ठीक से नहीं करोगे तो सजा भी मिलेगी। अच्छा सीएम वह होता है जो खुद को जनता का सेवक समझता है और दूसरों को समझाता रहता है कि तुम शासक नहीं हो तुम भी जनता के सेवक हो और जनता से जुड़ा हुआ जो भी काम है, उसे सेवा भाव से करना है। समर्पित भाव से करना है। बड़े से बड़े पद में रहने के बाद भी जो खुद को शासक नहीं समझता है,उसमें सेवक होने की विनम्रता होती है। बड़े पद होने पर खुद का शासक समझता है उसमें शासक होने का घमंड आ जाता है। वह खुद को काम करने वाला नहीं समझता है, वह खुद को काम करवाने वाला समझता है।ज्यादातर अफसरों में बड़े पद पर रहने से शासक होने का भाव पैदा हो जाता है कि हम तो शासन करने वाले हैं, हमारा काम शासन करना है। ऐसे खुद को शासक समझने वाले अफसरों को एहसास दिलाते रहना जरूरी होता है कि तुम शासक नहीं हो सेवक हो। सीएम को यह काम अब कलेक्टर कांफ्रेस हो या अधिकारियों की बैठक में करते रहना पड़ता है।उनको बताते रहना पड़ता है कि खुद को शासक मत समझो, तुम सेवक हो, जनता के सेवक हो, जनता की सेवा करने के लिए जो भी योजनाएं बनाई गई है उस पर शत प्रतिशत अमल करना है। नहीं करोगे तो पूछा जाएगा, जनता की सेवा का काम आपने क्यों नहीं किया। जो जनता की सेवा का काम अच्छे से करते है, सीएम उनकी सराहना करते हैं। सीएम साय ने कलेक्टर कांफ्रेस में ऐसा किया भी है। उन्होंने अच्छा काम करने वालों की सराहना की और दूसरे कलेक्टरों को उनसे प्रेरणा लेने को कहा। उन्होंने अच्छा काम नहीं करने वाले कलेक्टरों से कहा भी कि दूसरे कलेक्टर यही काम अच्छे से कर सकते है तो आप ने क्यों नहीं किया। आप भी कर सकते हैं, अगली बार आप को यह काम अच्छे से करके दिखाना है। कलेक्टर कांफ्रेंस में सीएम साय ने दो टूक कहा कि जनहित से जुड़े किसी भी कार्य में लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। शासन की नीतियों व योजनाओं का लाभ जनता के पास समय पर पहुंचना चाहिए। सुशासन का मतलब ही यही है कि जनहित के कार्य जमीन पर हो रहे हैं और जनता को उसका लाभ मिल रहा है।कलेक्टर कांफ्रेस में सीएम साय ने कलेक्टरों को यह भी याद दिलाया कि 15 नवंबर से धान खरीदी होनी है।किसानों का धान खराब नहीं होना चाहिए,पंजीयन समय पर होना चाहिए,धान बेचने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। इस मामले में कोई गड़बड़ी होती है,इसके लिए कलेक्टर जिम्मेदार होंगे। बैठक के बाद सीएम साय ने कलेक्टरों को यह निर्देश भी दिया है कि अब उन्हें रोज सुबह सात बजे उठकर नगरीय निकायों के वार्डो का निरीक्षण भी करना है।निगम के अधिकारियों की काम की समीक्षा के साथ ही निकायों द्वारा किए जा रहे स्वच्छता प्रबंधन व अपशिष्ट प्रबंधन की नियमित समीक्षा करना है। कुछ लोगों को लग सकता है कि यह कलेक्टरों का काम नहीं है, यह काम तो निगम के अधिकारियों का है।साय ने कलेक्टरों को इस काम में लगाकर यह संदेश दिया है कि आप जिले में काम करने वाले हो, आपको जिले का सब काम करना है?। आप जनता के सेवक हो, जनता का जो भी काम है, वह सब आपको करना है। पीएम मोदी खुद को जनता प्रधान सेवक कहते है और पार्टी के सब लोगों से यही चाहते है कि वह जनता के सेवक बनकर काम करें। सीएम साय ने यही संदेश कलेक्टरों को दिया है जनता का सेवक बनकर काम करना है,सारे काम करना है और सारे काम करवाना भी है। कलेक्टर कांफ्रेस में सीएम ने माफिया द्वारा रेत,मुरम,डोलोमाइट के धड़ल्ले से किए जा रहे अवैध खनन पर नाराजगी जताई और कलेक्टरों से पूछा कि इस रोकने के लिए आप क्या कर रहे हैं।इसे रोकने के लिए कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही है। कलेक्टर कांफ्रेंस में सीएम के अवैध खनन बंद क्यों नहीं हो रहा पूछने का असर यह हुआ कि सोमवार को आरंग ब्लाक के ग्राम गुदगुदा में अवैध रेत खनन करते दो बोट और दो चेन माउंटेन मशीने जब्त की गई हैं।यह सीएम को दिखाने के लिए किया गया है कि हम लोग कार्रवाई तो करते हैं लेकिन इस तरह के अवैध रेत उत्खनन इसलिए नहीं रुकता है क्योंकि दिनरात 24 घंटे निगरानी नहीं होती है। अवेध उत्खनन इसलिए भी नहीं रुकता है कि जिस दल की सरकार होती है, उसी के नेता व कार्यकर्ता भी इस काम में लगे होते हैं।*

## राशिफल

**मेषः** आज का दिन ऊर्जा और आत्मविश्वास से भरपूर रहेगा। पुराने अटके हुए काम पूरे होने से मन प्रसन्न रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को सराहना मिलेगी। व्यापारियों को नए सौदे या साझेदारी का अवसर मिल सकता है। परिवार के साथ समय बिताने से मन का तनाव दूर होगा।

**वृषभः** आर्थिक दृष्टि से आज का दिन शुभ रहेगा। कार्यस्थल पर आपके प्रदर्शन की प्रशंसा होगी और वरिष्ठ अधिकारियों से सहयोग मिलेगा। कोई पुराना निवेश अब लाभ दे सकता है। पारिवारिक जीवन में सुख-शांति रहेगी और जीवनसाथी के साथ सामंजस्य बढ़ेगा।

**मिथुनः** आज का दिन उत्साह और नई योजनाओं से भरा रहेगा। विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है, प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियाँ मिलेंगी जो आपके लिए लाभदायक रहेंगी। प्रेम जीवन में स्थिरता आएगी।

**कर्कः** आज का दिन थोड़ा मिश्रित रहेगा। भावनात्मक रूप से अस्थिरता महसूस हो सकती है, इसलिए किसी भी निर्णय में जल्दबाजी न करें। कार्यक्षेत्र में एकाग्रता बनाए रखना आवश्यक है, अन्यथा छोटी भूलें बड़ा प्रभाव डाल सकती हैं। पारिवारिक सलाह आपके लिए उपयोगी रहेगी। आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी।

**सिंहः** आज का दिन आपके लिए प्रगति और सफलता लेकर आया है। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या सम्मान मिलने की संभावना है। व्यापारियों के लिए भी आर्थिक लाभ के संकेत हैं। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा और किसी शुभ समाचार की प्राप्ति संभव है।

**कन्याः** आज धैर्य और संयम से काम लेना जरूरी होगा। आर्थिक मामलों में सोच-समझकर निर्णय करें। किसी अजनबी या नए व्यक्ति पर अधिक भरोसा न करें। परिवार में सहयोगपूर्ण माहौल रहेगा, पर कार्यभार के चलते थकान महसूस हो सकती है।

**तुलाः** आज सामाजिक गतिविधियों में आपकी भागीदारी बढ़ेगी। नए संपर्क बन सकते हैं जो भविष्य में फायदेमंद साबित होंगे। आर्थिक रूप से स्थिति मजबूत बनी रहेगी और खर्चों में नियंत्रण रहेगा। प्रेम संबंधों में मधुरता आएगी। परिवार में किसी पुराने विवाद का समाधान संभव है। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**वृश्चिकः** आज का दिन सतर्कता बरतने का है। कार्यस्थल पर प्रतिस्पर्धा बढ़ सकती है, पर आप अपनी ईमानदारी और बुद्धिमानी से परिस्थिति को अपने पक्ष में मोड़ पाएंगे। धन लाभ के अवसर बन रहे हैं। पारिवारिक जीवन में सहयोग और प्रेम बना रहेगा।

**धनुः** आज आपकी योजनाएँ सफल होंगी। नए अवसर मिल सकते हैं और कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। परिवार में आनंद और उत्सव का माहौल रहेगा। आर्थिक दृष्टि से दिन लाभकारी रहेगा। विद्यार्थियों को पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है।

**मकर :** आज का दिन जिम्मेदारियों से भरा रहेगा। कामकाज में व्यस्तता रहेगी, पर आपकी मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और नया निवेश फायदेमंद साबित हो सकता है। पारिवारिक मतभेद बातचीत से सुलझ सकते हैं।

**कुंभ :** आज का दिन आत्मचिंतन और भविष्य की योजनाएँ बनाने के लिए उपयुक्त है। किसी बड़े निर्णय को लेने से पहले परामर्श अवश्य लें। कार्यस्थल पर सहयोगियों से तालमेल बनाए रखना आवश्यक है। आर्थिक रूप से स्थिति सामान्य रहेगी, पर अचानक खर्च संभव हैं।

**मीन :** आज का दिन सकारात्मकता से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की प्रशंसा होगी और वरिष्ठ अधिकारी प्रसन्न रहेंगे। आर्थिक लाभ के योग बन रहे हैं। पारिवारिक जीवन में प्रेम और सहयोग बना रहेगा। विद्यार्थियों को नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

## समसामयिक

# दाल उत्पादन में आत्मनिर्भरता के उपाय

✍ शिवनाथ शुक्ला



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और नानाजी देशमुख ने जयप्रकाश नारायण की जयंती पर दो प्रमुख कृषि योजनाओं की शुरुआत की है। धन-धान्य और दलहन आत्मनिर्भरता मिषन नाम से की गई ये योजनाएं यदि खेत में खरी उतरती हैं तो किसान की माली हालत तो सुधरेगी ही देष दाल उत्पादन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी हो जाएगा। इन योजनाओं के लिए 35,440 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। ये योजनाएं खासतौर से पिछड़े सौ जिलों में कृशि उत्पादकता बढ़ाने और विविध फसलों की पैदावार को प्रोत्साहित करने की दृश्टि से आरंभ की जा रही हैं। दलहन उत्पादन में आत्मनिर्भर होने के लिए वर्श 2030-31 तक उत्पादन को 252 लाख टन से बड़ाकर 350 लाख टन करने का लक्ष्य तय किया है। इस हेतु 35 लाख हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि दलहन उत्पादन के दायरे में लाई जाएगी। विडंबना देखिए, भारत दुनिया का सबसे बड़ा दलहन उत्पादन और उपभोक्ता देष है, लेकिन दालों की आपूर्ति आयात पर निर्भर हैं। हालांकि नरेंद्र मोदी के 11 साल के कार्यकाल में कृशि निर्यात दोगुना हो गया है। लेकिन दालें आयात करनी पड़ती हैं।

आहार में पौष्टिक तत्वों का कारक मानी जाने वाली दालें,बढ़ते दामों के कारण गरीब की षारीरिक जरूरत पूरी नहीं कर रही हैं। ये हालात मानसून के दौरान औसत से कम या ज्यादा बारिष होने से तो उत्पन्न होते ही हैं, किसान के नकदी फसलों की ओर रुख करने के कारण भी हुए हैं। यही नहीं यह स्थिति इसलिए भी बनी, क्योंकि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार की गलत नीतियों के चलते किसान को खाद्य वस्तुओं की बजाय, ईंधन, प्लास्टिक और फूलों की फसल उगाने के लिए, कृशि विभाग ने जागरूकता के अभियान चलाए। यही वजह रही कि भूमंडलीकरण के दौर में दालों की पैदावार लगातार कम होती चली गई। दाल उत्पादन का रकबा लगभग 15 हजार हेक्टेयर कम हो गया। भारत में दालों की सालाना खपत 220 से 230 लाख टन है। मांग और आपूर्ति के इस बड़े अंतर के चलते जमाखोरों और दाल के आयातक व्यापरियों को भी बारे-न्यारे करने का मौका मिल जाता है।

पौष्टिक आहार देष के हरेक नागरिक के स्वस्थ जीवन से जुड़ा अहम् प्रष्न है। संविधान के मूलभूत अधिकारों में भोजन का अधिकार षामिल है। चूंकि दालें प्रोटीन और पौश्टिकता का महत्वपूर्ण जरिया हैं।



चूंकि दालें आयात करनी होती हैं, इसलिए इनके भाव भी बीच-बीच में बढ़ जाते हैं। इस कारण मध्यवर्गीय व्यक्ति की थाली से दाल गायब होने लगती है। चुनांचें दाल व्यक्ति की सेहत से जुड़ी हैं और बीमारी की हालत में तो रोगी को केवल दाल-रोटी खाने की ही सलाह चिकित्सक देते हैं। वर्श 1951 में प्रतिव्यक्ति दालों की उपलब्धता 60 ग्राम थी,जो वर्श 2010 में घटकर 34 ग्राम रह गई। जबकि अंतरराश्ट्रीय मानकों के अनुसार यह मात्रा 80 ग्राम होनी चाहिए। दालें भारत में प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत मानी जाती हैं। लेकिन स्थानीय मांग पूरी करने के लिए दाल उत्पादन में किसान को बड़ी मषक्कत करनी पड़ती है। तुअर दाल की फसल आठ माह में तैयार होती है। बावजूद किसान को उचित दाम नहीं मिलते हैं। गोया,किसान साल में एक फसल उगाने में रुचि कैसे लें ? विदेषों में रहने वाले भारतीय भी सबसे ज्यादा तुअर की दाल खाना पसंद करते हैं। देष में सबसे अधिक चने और अरहर की खेती होती है। इनके अलावा मूंग और उड़द की दालें पैदा होती हैं। देष में 10 राज्यों के किसान दालों की खेती करते हैं। इनमें सबसे अधिक उत्पादक राज्य महाराष्ट्र है। दालें मुख्य रूप से खरीफ की फसल हैं,जो वर्षा ऋतु में बोई जाती हैं। इस ऋतु में करीब 70 प्रतिशत दालों का उत्पादन होता है।

केंद्रीय उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अनुसार दालों के तात्कालिक भाव 85.42 प्रति किलो से लेकर 112.88 रुपए किलो तक हैं। भावों में इस उछाल का कारण जमाखोरी और सट्टेबाजी के साथ आयात का कुचक्र है। टाटा, मंहिद्रा, ईजी-डे और रिलांइस जैसी बड़ी कंपनियां जब से दाल के व्यापार से जुड़ी हैं,तब से ये जब चाहे तब मुनाफे के लिए दाल से खिलवाड़ करने लग जाती हैं। जब कंपनियां बड़ी तादाद में दालों का भंडारण कर लेती हैं,तो भावों में कृत्रिम उछाल आ जाता है। हालांकि केंद्र सरकार ने दालों का भंडारण सितंबर 2024 से सीमित किया हुआ है। इस कारण भाव नियंत्रण में हैं। मीडिया दाल के बढ़ते भावों को गरीब की थाली से जोड़कर उछालता है। तब सरकार दाल के आयात के लिए विवष हो जाती है। मसलन देषी-विदेषी बहुराष्ट्रीय कंपनियों के हर हाल में पौ-बारह बने रहते हैं। इन कंपनियों का दबदबा इतना है कि कोई भी राज्य सरकार इनके गोदामों पर छापे डालने का जोखिम उठाने का साहस नहीं जुटा पाती। लिहाजा कालाबाजारी बदस्तूर रहती है। ये कंपनियां मसूर और मटर की दाल कनाडा से,उड़द और अरहर की दाल बर्मा के रंगून से,राजमा चीन से और काबुली चना आस्ट्रेलिया से आयात करती हैं। इनके अलावा अमेरिका, रूस, केन्या, तंजानिया, मोजांबिक, मलावा और तुर्की से भी दालें आायात की जाती हैं। कनाडा ने मसूर दाल के भाव पिछले साल की तुलना में दोगुने कर दिए हैं। कनाडा एषियाई देषों में सबसे ज्यादा दालों का निर्यात करने वाला देष है।

इस नाते यह कहने में कोई दो राय नहीं कि विदेषी बहुराश्ट्रीय कंपनियों की बात तो छोड़िए,देषी कंपनियां भी भारतीय कृशि को बदहाल बनाए रखना चाहती हैं। आयात की जब इन्हें खुली छूट मिल जाती है तो ये जरूरत से ज्यादा दाल व तेल का आयात करके भारत को डंपिंग ग्राउंड बना देती हैं। तय है,कालांतर में भारत की तरह दूसरे देषों में यदि मौसम रूठ जाता है तो दाल और प्याज की तरह खाद्य-तेल के भाव भी आसमान छूने लग जाते हैं। सस्ते तेल का आयात जारी रहने की वजह से ही भारत में तिलहन का उत्पादन प्रभावित हो रहा है। बावजूद हमारे नेता ऐसी नीतियों को बढ़ावा देने की कोषिषों में लगे रहे हैं कि दलहन और तिलहत के क्षेत्र में भारत पूरी तरह परावलंबी बना रहे। इस परिप्रेक्ष्य में मनमोहन सरकार के कृशि मंत्री बलराम जाखड़ ने सलाह दी थी कि भारत अफ्रीका में दालें उगाए और फिर आयात करे। इसी तरह संप्रग सरकार में कृषि मंत्री रहे शरद पवार म्यांमार और उरुग्वे में दालें पैदा कराकर आयात करना चाहते थे। ये सुझाव समझ से परे हैं। आखिर ऐसे क्या रहस्य हैं कि हमारे नीति-नियंता विदेशी धरती पर तो दाल उत्पादन को प्रोत्साहित करना चाहते हैं, किंतु देश के किसानों को लाभकारी मूल्य देना नहीं चाहते ? ऐसी मंषाएं देष की खाद्य सुरक्षा को जान-बूझकर संकट में डालने जैसी लगती हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस नाते 100 पिछड़े जिलों में दालों के उत्पादन का दायरा बढ़ाकर आत्मनिर्भरता की दिषा में महत्वपूर्ण पहल की है।

*लेखक वरिष्ठ साहित्यकार और पत्रकार हैं।*

## विदेश

# तालिबानी अब हमारे सखा है!

✍ श्रुति व्यास



कुछ दिनों से भारत में एक ही ख़बर है! और वह एक तालिबानी के दौरे की है। बाक़ी सब कुछ, चाहे बिहार चुनाव हो, सीट बँटवारे की जोड़-बाकि, या ग़ाज़ा में युद्धविराम की खबर, सब साइडलाइन पर खिसक गए हैं। दिल्ली का फोकस केवल तालिबान पर केंद्रित है। और यह सिर्फ़ जिज्ञासा नहीं है। हाँ, उन्हें चलते, बोलते, कैमरे के सामने सहज होते देखना एक तमाशे जैसा है, लेकिन तालिबान प्रतिनिधिमंडल खुद भी जानता है कि यह ध्यान उनके काम आता है। भारत में यह उनका मौका है-दिखने, सुने जाने और शायद थोड़ा घूमने-फिरने का भी।

इस पूरे सप्ताह के नज़ारे के केंद्र में हैं आमिर ख़ान मुत्ताक़ी, तालिबान के कार्यवाहक विदेश मंत्री। वही मुत्ताक़ी जिनकी यात्रा पर अब भी संयुक्त राष्ट सुरक्षा परिषद प्रस्ताव 1988 के तहत आंतकी के नाते पाबंदी है, वे अब दिल्ली के झूमरों के नीचे तस्वीरें खिंचवा रहे हैं। यह उनकी भारत की पहली आधिकारिक यात्रा है, लेकिन 2021 में पद संभालने के बाद उनकी दसवीं विदेश यात्रा। उनमें से पाँच क़तर, तीन पाकिस्तान, और दो-दो चीन, ईरान और तुर्की के लिए थीं। अब दिल्ली भी उस सूची में शामिल हो गया है। और दिल्ली से उनका जुड़ना प्रतीकात्मक से कहीं ज़्यादा महत्वपूर्ण है।

10 अक्टूबर को मुत्ताक़ी ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाक़ात की, भारत द्वारा अफ़ग़ानिस्तान भेजी जा रही एम्बुलेंसों के साथ तस्वीरें खिंचवाई, और काबुल में भारतीय दूतावास फिर से खोलने पर चर्चा की जो चार साल पहले तालिबान की सत्ता वापसी के बाद बंद कर दिया गया था। मुत्ताक़ी के मुँह से अच्छे दोस्त और जयशंकर के बयान में करीबी सहयोग जैसे शब्द दर्शाते हैं कि भारत की नीति में यह बदलाव संयोग नहीं, सुविचारित है। चार साल पहले तक यह सब असंभव लगता था। 2021 में जब अमेरिका ने अफ़ग़ानिस्तान से वापसी की समयसीमा तय की, तो दिल्ली स्तब्ध थी।

15 अगस्त को काबुल पर तालिबान के कब्ज़े ने भारत को रातों-रात दूतावास और वाणिज्य दूतावास बंद करने पर मजबूर कर दिया। हज़ारों अफ़ग़ान छात्र, व्यापारी और मरीज़ अचानक फँस गए। भारत ने एक झटके में लगभग सभी वीज़ा रद्द कर दिए। वह क्लिक आतंक और पलायन दोनों का प्रतीक था। लेकिन कूटनीति, जैसे शक्ति, खालीपन को बर्दाश्त नहीं करती। सिर्फ़ एक साल में भारत ने फिर से संतुलन साधना शुरू किया। जून 2022 में एक तकनीकी दल चुपचाप काबुल भेजा गया ताकि मानवीय सहायता की निगरानी कर सके।

2023 के अंत तक तालिबान अधिकारियों को भारतीय वीज़ा मिलने लगे, दिल्ली में उनके प्रतिनिधि नियुक्त हुए और मुंबई व हैदराबाद में वाणिज्य दूतावास खुले। जो संपर्क मानवीय कहलाया था, वह धीरे-धीरे औपचारिक संवाद में बदल गया। यह परोपकार नहीं, रणनीतिक समायोजन था-यह स्वीकारोक्ति कि तालिबान कोई गुजरती लहर नहीं बल्कि इस क्षेत्र की नई और स्थायी वास्तविकता है। और अगर दिल्ली पीछे रहती, तो चीन, ईरान और रूस अफ़ग़ानिस्तान के अगले अध्याय को उसके बिना लिख देते।

यहाँ एक गहरी विडंबना भी है। एक हिंदू राष्टवादी सरकार, जो अपने भीतर सभ्यतागत विमर्श और इस्लाम के प्रति अविश्वास पर टिकी है, अब अपने पड़ोस में एक इस्लामी थियोक्रेसी के साथ बैठी है। जिस नेतृत्व की वैचारिक पहचान भीतर विरोध पर टिकी है, उसके लिए तालिबान का दिल्ली में स्वागत एक साथ विरोधाभास भी है और व्यावहारिकता भी। क्योंकि विदेश नीति शायद ही कभी घरेलू राजनीति की परछाई होती है।

भारत इस समय जिस नीति का अभ्यास कर रहा है, वह अंतरराष्टीय संबंधों की क्लासिक यथार्थवादी धारा है-रियलिज़्म-जिसे हांस मॉर्गेन्थाउ और केनेथ वाल्ट्ज ने परिभाषित किया था- राष्ट आदर्शों से नहीं, हितों से चलते हैं। इस दुनिया में न स्थायी दोस्त होते हैं, न स्थायी दुश्मन-सिर्फ़ स्थायी बेचैनियाँ। भले ही भाजपा की सांस्कृतिक राजनीति धार्मिक द्वंद्व पर चलती है, उसकी विदेश नीति इन सीमाओं से काफ़ी आगे निकल चुकी है।

यह ऑफ़ेंसिव रियलिज़्म है-सिद्धांतों से ऊपर शक्ति, निष्ठा से ऊपर लाभ। तालिबान के साथ संवाद और अफ़ग़ानिस्तान में अमेरिकी सैन्य वापसी के ख़िलाफ़ भारत का अप्रत्यक्ष रुख़, उसे रूस, ईरान और चीन द्वारा परिभाषित महाद्वीपीय सहमति के निकट ला रहा है-वह क्षेत्रीय यथार्थवाद जो अमेरिका-उत्तर युग का चेहरा बन रहा है। इसकी तुलना अतीत से करें। 2001 के बाद दो दशकों तक भारत की अफ़ग़ान नीति लगभग पूरी तरह वॉशिंगटन के अनुरूप रही। तालिबान को पाकिस्तान की परियोजना माना गया-आईएसआई की उपज, वैचारिक रूप से कट्टर, और दिल्ली के लिए यादगार एक प्रतीक-आईसी-814 अपहरण और भारतीय इंजीनियरों की हत्या। वह संरेखण स्वाभाविक था, आवश्यक भी। पर भू-राजनीति भी स्मृति की तरह क्षणिक होती है। आज वही शक्तियाँ जो कभी तालिबान से लड़ीं, उन्हें अपने उपयोग के योग्य पा रही हैं। मॉस्को में पिछले सप्ताह मुत्ताक़ी ने चेताया कि आईएसआईएस-ख़ुरासान का दायरा बढ़ रहा है-एक तालिबान मंत्री अब आतंकवाद-रोधी भाषा बोल रहा है। यह एक असाधारण उलटफेर है, पर अनिवार्य भी।

यह पाखंड नहीं, विकास है-वह कंस्ट्रक्टिविस्ट यथार्थ, जिसमें राज्य नैतिकता से नहीं, परिस्थितियों से ढलते हैं। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अब उसी शासन से वार्ता कर रहा है जिसे कभी उसने कोसा था-क्योंकि दोनों के नीचे की ज़मीन बदल चुकी है। अफ़ग़ानिस्तान अब अमेरिका के नैतिक युद्धों का मंच नहीं; यह यूरेशियाई यथार्थवाद की सीमा रेखा है। आईएसआईएस-के के हमलों ने अफ़ग़ानिस्तान से ईरान और रूस तक नई दरारें खींच दी हैं। यहाँ तक कि चीन भी शिनजियांग में इसके फैलाव से चिंतित है। इस परिदृश्य में तालिबान-निर्दयी पर स्थिर-अराजकता से बेहतर विकल्प बन गए हैं, एक बफ़र जो अराजकता को थामे हुए है। रूस, ईरान और मध्य एशियाई देशों के लिए तालिबान से संवाद सुरक्षा आवश्यकता बन चुका है। भारत के लिए यह रणनीतिक विवशता है। उसकी प्राथमिक चिंता वही है-अफ़ग़ान ज़मीन भारत के ख़िलाफ़ इस्तेमाल न हो। मुत्ताक़ी ने दिल्ली की इन संवेदनाओं को समझते हुए यही आश्वासन दोहराया है। पर भारत की दिलचस्पी सुरक्षा से आगे जाती है-वह पश्चिम एशिया के उन परिवहन मार्गों में अपना पैर जमाए रखना चाहता है जो चीन की बेल्ट एंड रोड पहल और पाकिस्तान के ग्वादर पोर्ट के संतुलन हैं-ईरान का चाबहार बंदरगाह और इंटरनेशनल नॉर्थ-साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर। काबुल के साथ संवाद इस गणना में पूरी तरह फिट बैठता है-विवेक पर नहीं, उपस्थिति पर ज़ोर; नैतिकता पर नहीं, पहुँच पर निवेश।

फिर भी यह यथार्थवाद अपने भीतर असहजता रखता है। दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अब एक ऐसे शासन का मेज़बान है जो महिलाओं को अदृश्य बना देता है। जब मुत्ताक़ी की प्रेस कॉन्फ़्रेंस से महिला पत्रकारों को बाहर रखा गया, तो कूटनीति और नैतिकता के बीच की खाई साफ़ दिखी। लेकिन विदेश नीति सदाचार से नहीं, संतुलन से चलती है। भारत का यह नया संवाद तालिबान को वैधता नहीं देता-बस अलगाव की सीमाओं को स्वीकार करता है। पश्चिम अब भी दूरी बना रहा है, पर क्षेत्र आगे बढ़ चुका है। लोकतंत्र बनाम आतंक की रेखा अब स्थिरता बनाम रिक्तता के समीकरण में बदल चुकी है। विडंबना यह है कि बीस साल पहले भारत तालिबान को हराने के लिए अमेरिका के साथ खड़ा था; आज वह रूस, ईरान और चीन के साथ बैठा है उन्हें संभालने के लिए। जो कभी विचारधारा था, अब भूगोल है। दिल्ली में तालिबान की मौजूदगी अजीब लग सकती है, पर यह हमारे समय की सच्चाई को पकड़ती है, एक ऐसी दुनिया की, जो अब नैतिक युद्धों से थक चुकी है, जहाँ सीमाएँ विचार से नहीं, विवेक से खिंचती हैं। फिलहाल, दिल्ली और काबुल के रिश्ते भरोसे से नहीं, आवश्यकता से बंधे हैं। यह समझौता कितना टिकेगा यह, हमेशा की तरह, इस पर निर्भर करेगा कि कौन तेज़ी से बदलता है, सही कौन है, इससे नहीं।

## सु-दोकू 200

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।


**सू-दोकू क्र.199 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य (भागवत साहू) 200

**बाएं से दाएं**
1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

**ऊपर से नीचे**
1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादर 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 199 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| खा | म | खां | | | इं | | | |
| स | ह | | ब | र | सा | त | | प |
| | क | हा | नी | | न | क | च | ढ़ |
| त | | | स्व | | | ली | | ई |
| क | या | म | त | | क | फ | न | |
| दी | | दां | | बा | बू | | ह | वा |
| र | ह | ना | | ल | त | खो | र | |
| | वा | | नौ | क | र | | | सा |
| भा | ई | | का | | | बा | द | ल |

## विश्लेषण

# क्या यही है 'संघ' के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की सच्चाई?

✍ निर्मल रानी



गत 2 अक्टूबर यानी विजय दशमी के दिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आर एस एस ) की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो गये। संघ की स्थापना डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार द्वारा 1925 में विजय दशमी के दिन राष्ट्र निर्माण और सामाजिक ज़िम्मेदारी के 'घोषित उद्देश्य' से की गयी थी। संगठन की स्थापना के समय यही बताया गया था कि संघ एक स्वयंसेवी संगठन है, जिसका उद्देश्य देशवासियों में संस्कृति के प्रति जागरूकता, अनुशासन, सेवा और सामाजिक ज़िम्मेदारी की भावना को बढ़ाना है। शताब्दी वर्ष के इस अवसर पर देश भर में अनेक आयोजन हुये जिसमें संघ का गुणगान किया गया। संघ समर्थक सत्ताधारियों द्वारा संघ का क़सीदा पढ़ने वाले अनेक लेख लिखे गये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जोकि स्वयं भी संघ प्रचारक रह चुके हैं, ने राष्ट्र निर्माण में आर एस एस के योगदान की सराहना की। मोदी ने संघ के शताब्दी समारोह में कहा कि -'संघ ने पिछली एक सदी में अनगिनत जीवनों को दिशा दी और मज़बूत बनाया। जिस तरह सभ्यताएं महान नदियों के किनारे विकसित होती हैं, उसी तरह संघ की धारा के साथ सैकड़ों जीवन खिले और आगे बढ़े हैं। RSS का उद्देश्य हमेशा एक ही रहा राष्ट्र निर्माण। इस अवसर पर प्रधानमंत्री द्वारा संघ के नाम पर स्मारक सिक्के और डाक टिकट भी जारी किए गये। संघ के लोग इसे विश्व का सबसे बड़ा समाजसेवी संगठन बताते हैं।

आज देशभर में लाखों स्वयंसेवकों के माध्यम से संघ अपने 'घोषित व अघोषित' कार्यों में सक्रिय है। परन्तु यह भी सच है कि स्थापना के समय से ही संघ विवादों में घिरा रहा है। इतना बड़ा संगठन होने के बावजूद संघ पर संस्था के रजिस्टर्ड संस्था न होने के साथ साथ इस पर साम्प्रदायिकता फैलाने व धर्म जाति के आधार पर नफ़रत फैलाने का भी आरोप लगता रहा है। देश का एक बड़ा वर्ग महात्मा गाँधी की हत्या में संघ की साम्प्रदायिक विचारधारा को भी ज़िम्मेदार मानता है। इस बात के भी ऐतिहासिक प्रमाण मिलते हैं कि बापू की हत्या के बाद संघ कार्यालय में जश्न मनाया गया था और मिठाइयां बांटी गयीं थीं। देश के विभाजन से लेकर आज तक देश में हुये अनेकानेक साम्प्रदायिक दंगों में संघ के कार्यकर्ता आरोपित रहे हैं। इतना ही नहीं बल्कि संघ के अनेक कार्यकर्ताओं पर चरित्रहीन होने, बलात्कार व बाल व्यभिचारी होने तक के आरोप लगते रहे हैं। और इसे भी अजीब संयोग समझा जाना चाहिये कि संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर जब संघ,सत्ता व भाजपा संघ के शताब्दी वर्ष के जश्न में डूबे हुये हैं इसी दौरान संघ द्वारा संचालित शाखाओं में जहां बच्चे संस्कार के नाम पर भेजे जाते हैं,केरल के एक युवक द्वारा संघ व इसके अनेक सदस्यों द्वारा उसके साथ बार-बार किये गये यौन शोषण के बाद आत्महत्या कर लेने जैसे क़दम ने संघ के वास्तविक चाल चरित्र और चेहरे को उजागर कर दिया है। केरल के कोट्टायम ज़िले के एलिकुलम निवासी 26 वर्षीय आईटी प्रोफ़ेशनल युवक, अनंदु आजी ने 9 अक्टूबर 2025 को तिरुवनंतपुरम के थंपानूर स्थित एक होटल के कमरे में आत्महत्या कर ली। अनंदु आजी की आत्महत्या के बाद उनके द्वारा मलयालम भाषा में लिखा गया 7 से 15 पेज लंबा सुसाइड नोट सार्वजनिक हुआ। इस नोट में अनंदु ने बेहद गंभीर आरोप लगाए हैं। जिसमें आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के सदस्यों द्वारा बचपन से उसके साथ लगातार किये जा रहे यौन शोषण और बलात्कार का ज़िक्र है।

मलयालम भाषा में सुसाइड से पूर्व लिखा गया उसका अंतिम पत्र अथवा सन्देश संघ के शताब्दी वर्ष पर संघ के मुँह पर कालिख पोतने का काम कर रहा है। 26 वर्षीय आईटी प्रोफ़ेशनल युवक सुसाइड से पूर्व लिखे गये अपने अंतिम नोट में लिखता है कि मैं अनंदु आजी हूं, कोट्टयम के थम्पल काड से। मैं हमेशा से ही एक शांत और अंतर्मुखी व्यक्ति रहा हूं। लेकिन बचपन से ही मुझे जो दर्द सहना पड़ा, उसने मेरी ज़िंदिगी को तबाह कर दिया। मैं अपनी ज़िंदिगी ख़त्म कर रहा हूं क्योंकि एंग्यज़ायटी और लगातार पैनिक अटैक ने मुझे जीना मुश्किल बना दिया है। यह ट्रॉमा का नतीजा है जो मुझे 4 साल की उम्र से सता रहा है। मुझे 4 साल की उम्र से ही एक पड़ोसी व्यक्ति द्वारा लगातार यौन शोषण का शिकार बनाया गया। वह मेरे परिवार के क़रीब था और मुझे धमकाता था। यह शोषण सालों तक चला। मैं एक रेप विक्टिम हूं। बचपन में ही मेरी मासूमियत छीन ली गई। मेरे पिता ने मुझे 3-4 साल की उम्र में ही आरएसएस में शामिल करा दिया। मैं शाखा और कैंपों में जाता रहा। वहां मुझे कई आरएसएस सदस्यों के द्वारा यौन शोषण और बलात्कार का सामना करना पड़ा। मैं नामित करता हूं 'एन.एम.' को, जो आरएसएस और भाजपा का प्रमुख सदस्य है। उसने मुझे कई बार शोषित किया, ख़ासकर कैंपों के दौरान। मैं अकेला नहीं हूं—कई अन्य लड़के भी इसी तरह के दोहन के शिकार हुए हैं। आरएसएस कैंपों में यह एक सिस्टमैटिक पैटर्न है, जहां बच्चे सुरक्षित नहीं हैं।

आरएसएस के कई सदस्यों ने मुझे छुआ, शोषित किया। मैं उनके नाम नहीं जानता क्योंकि डर के मारे चेहरा भी याद नहीं। लेकिन एन.एम.का नाम मैं कभी नहीं भूलूंगा। वह मेरे लिए एक भयानक स्मृति है। अनंदु आजी आगे लिखते हैं कि -इन घटनाओं ने मुझे डिप्रेशन और एंग्यज़ायटी का मरीज़ बना दिया। मैं थेरेपी ले रहा था, लेकिन ट्रामा इतना गहरा था कि मैं रोज़ पैनिक अटैक से जूझता। बचपन का दर्द मुझे कभी शांति नहीं देता। मैंने लड़ने की कोशिश की, लेकिन अब हार मान ली। मेरे माता-पिता को दोष न दें। उन्होंने मुझे अच्छा जीवन दिया, लेकिन वे नहीं जानते थे कि क्या हो रहा था। मैंने कभी कुछ नहीं बताया क्योंकि डर था। समाज को पता चलना चाहिए कि ऐसे संगठनों में बच्चे सुरक्षित नहीं। लाखों बच्चे शाखाओं में जाते हैं—कुछ को बचाना ज़रूरी है। अंत में वे लिखते हैं कि -मैं अपनी मौत के लिए किसी को ज़िम्मेदार नहीं ठहरा रहा, लेकिन सच्चाई सामने आनी चाहिए। कृपया जांच करें और दोषियों को सज़ा दें। पॉक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई हो। मैं थक गया हूं। अब विदा हो रहा हूं। कृपया मेरी कहानी को दबाएं नहीं। न्याय हो। अलविदा। अनंदु आजी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के जश्न के दौरान एक आईटी प्रोफेशनल युवक द्वारा संगठन के लोगों पर अति गंभीर आरोप लगाते हुये आत्महत्या तक कर लेना निश्चित रूप से यह सवाल ज़रूर खड़ा करता है कि क्या यही है संघ के 'सांस्कृतिक राष्ट्रवाद' की सच्चाई?

## एक नजर

### सुरक्षा मानकों की अनदेखी पर सम्बंधित दुकान संचालकों के विरुद्ध होगी कार्रवाई

जगदलपुर। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी हरिस एस के निर्देशानुसार जिला सेनानी नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा दीपावली पर्व के दौरान पटाखा दुकानों पर निर्धारित सुरक्षा मानकों का परिपालन सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उक्त सम्बन्ध में जारी परिपत्र में कहा गया है कि दीवाली पर्व के दौरान अस्थायी संरचना एवं पण्डालों में संचालित पटाखा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मापदंडों का पालन करने सहित अग्निशमन यंत्र को दुकानों पर रखते हुए आवश्यक सावधानियों को अपनाया जाए। किसी भी तरह की चूक अथवा सुरक्षा का पालन नहीं किए जाने पर संबंधित संचालक व दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे और संबंधित दुकान संचालक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। पटाखा दुकान रिहायशी एवं बाजार के पास नहीं खोला जाए। पटाखा दुकान का निर्माण किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए तथा अग्निमंदक घोल से उपचारित किया होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम 03 मीटर साईड पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। साथ ही प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित है। जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा आम नागरिकों से अनुरोध किया गया है कि स्वयं की सुरक्षा के मद्देनजर आतिशबाजी के दौरान सतर्कता बरतने के साथ ही बच्चों को आतिशबाजी से मनाही करें। वहीं सूखे घास, पैरावट इत्यादि के पास कदापि आतिशबाजी न किया जाए।

### 3 दिन में ट्रेन से कटकर 3 लोगों ने की आत्महत्या

जगदलपुर,15 अक्टूबर। बीते 3 दिनों में 3 युवकों ने ट्रेन के सामने कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद पुलिस ने जहां एक युवक की शिनाख्त कर ली, वहीं 2 की पहचान अब तक नहीं हो पाई है।पहली घटना परपा थाना क्षेत्र का है। यहां तीन दिन पहले एक युवक ने अज्ञात कारणों से ट्रेन के सामने कूदकर खुदकुशी कर ली थी। पुलिस शव को पीएम के लिए मेकाज तो ले आई, लेकिन अब तक युवक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। दूसरी घटना बोधघाट थाना क्षेत्र की है, जहां निर्मल स्कूल के पीछे रहने वाले नवजीत हलधर (35) ने पारिवारिक कारणों से लामनी और करकापाल के बीच रेलवे ट्रैक के सामने कूदकर आत्महत्या पलिस ने शव का कर ली। वहीं, तीसरी घटना लाइन कोड़ेनार थाना क्षेत्र की है। यहां सांवले 55 साल के एक बुजुर्ग ने लिय अज्ञात कारणों के चलते जा आत्महत्या कर ली थी। घटना का के बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी, सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस शव को पीएम के लिए भिजवाने के साथ ही मृतक के परिजनों की तलाश में जुटी है।

### प्रार्थना ने भारोत्तोलन में जीता रजत पदक

जगदलपुर,15 अक्टूबर। छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जूनियर अंडर -19 महिला एवं पुरुष भारोत्तोलन प्रतियोगिता बलौदा बाजार में आयोजित हुई। इस प्रतियोगिता में जगदलपुर की प्रार्थना हक्कू ने महिला 87 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए 35 किलो स्नेच और 50 किलो क्लिन एंड जर्क उठाकर कुल 85 किलो के साथ रजत पदक जीता। वहीं, सरल देवनाथ ने पुरुष 110 किलो वर्ग में आठवां स्थान प्राप्त किया। दोनों %खिलाड़ी राष्ट्रीय खिलाड़ी कमलेश नाग और एनआईएस कोच के मार्गदर्शन में के-5 जिम्म में प्रशिक्षण ले रहे हैं। प्रार्थना और सरल की इस उपलब्धि ने जिले के खेल प्रेमियों में उत्साह और गर्व की भावना पैदा की है। प्रशिक्षक ने बताया कि निरंतर अभ्यास और समर्पण से खिलाड़ी भविष्य में राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और ऊँचाइयां छू सकते हैं।

### मौसम खुलने के बाद किसानों ने शुरू की धान कटाई

जगदलपुर,15 अक्टूबर।मौसम खुलने के साथ ही अब बस्तर के किसानों ने धान कटाई शुरू कर दी है। वर्तमान में टिकरा खेतों में ही कम अवधि वाले फसल पककर तैयार हैं। वहीं राज्य सरकार ने इस खरीफ सीजन में 15 नवम्बर से सहकारी समितियों में किसानों से समर्थन मूल्य में धान खरीदी करने का निर्णय लिया है।उल्लेखनीय है कि बस्तर में खरीफ सीजन में एक बड़े रकबे में किसान धान की खेती करते हैं। धान का समर्थन मूल्य बढ़ने के बाद से किसान उत्पादन बढ़ाने हाईब्रिड धान की खेती कर रहे हैं, जिससे अच्छा उत्पादन भी किसानों को मिल रहा है। हालांकि बस्तर में नवम्बर महीने में ही धान कटाई जोर पकड़ती है। बस्तर के कई गांव ऐसे भी हैं, जहां धान कटाई खत्म होने के बाद चरू जतरा का आयोजन किया जाता है, इसके बाद ही धान की मिंजाई की जाती है। कई गांवों में खेतों में धान की फसल रहने के दौरान ही चरू जतरा मनायी जाती है। इसके कारण किसान धान कटाई करने के बाद खलिहान तक पहुंचाते हैं, और मिंजाई करने के लिए चरू जतरा होने का इंतजार करते हैं।

### भारी बारिश से मक्का उत्पादन प्रभावित

जगदलपुर। खरीफ सीजन में बस्तर के किसान धान के साथ एक बड़े रकबे में मक्के की खेती करते हैं। इस सीजन में बस्तर में भारी बारिश हुई है, इसके कारण मक्का उत्पादन प्रभावित होने की संभावना है। मरहान भूमि जहां पानी का ठहराव हुआ, ऐसे जगहों पर मक्के के पौधे अपने आप मर गए। बताया गया है कि मक्के की फसल के लिए अधिक बारिश नुकसानदायक साबित होती है।इन दिनों मक्के की फसल पककर तैयार है, लेकिन बारिश के कारण किसान तोड़ाई नहीं कर पा रहे हैं।

शिक्षकों के प्रति अनुचित व्यवहार की लिखित शिकायत मंत्री को सौंपी

# संयुक्त संचालक शिक्षा के विरुद्ध मंत्री से शिकायत



जगदलपुर/नवा रायपुर। प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ, रायपुर (छत्तीसगढ़) के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने आज वन, पर्यावरण एवं सहकारिता मंत्री केदार कश्यप से नवा रायपुर स्थित उनके निवास में भेंट की। इस दौरान प्रतिनिधि मंडल ने संयुक्त संचालक (शिक्षा) बस्तर संभाग राकेश पांडे की अमानवीय एवं तानाशाही कार्यशैली तथा शिक्षकों के प्रति अनुचित व्यवहार की लिखित शिकायत मंत्री को सौंपी।

प्रदेश अध्यक्ष तिवारी ने अवगत कराया कि बस्तर संभाग के अनेक शिक्षकों ने संघ को शिकायत की है कि संयुक्त संचालक (शिक्षा) द्वारा शिक्षकों को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। कभी मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता, कभी अध्यापन कार्य या कुछ मिनटों की देरी के नाम पर शिक्षकों को बिना कारण बताओ सूचना दिए धमकाया जा रहा है। शिक्षकों के ऑडियो-वीडियो बनाकर वेतन रोके जाने, वार्षिक वेतनवृद्धि (इंक्रीमेंट) स्थगित करने तथा निलंबन की धमकी देकर भय और असुरक्षा का वातावरण निर्मित किया जा रहा है, जिससे शिक्षा विभाग की छवि धूमिल हो रही है। यहां तक कि कारण बताओ सूचना मिलने पर जब शिक्षक कार्यालय पहुँचते हैं तो उन्हें अपमानित कर भगा दिया जाता है। संघ ने मंत्री से आग्रह किया है कि ऐसे अधिकारियों को या तो अपनी कार्यशैली सुधारने हेतु निर्देशित किया जाए अथवा अन्यत्र स्थानांतरण किया जाए, ताकि शिक्षकों में व्याप्त भय का वातावरण समाप्त हो सके और विभाग की गरिमा बनी रहे। संघ ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र ही आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन आंदोलनात्मक कदम उठाने के लिए बाध्य होगा।प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महासचिव डेसनाथ पांडे, संभागीय अध्यक्ष (बस्तर संभाग) अमलेश ठाकुर, जिला सचिव (बस्तर) फरसुराम ठाकुर, ब्लॉक अध्यक्ष (लोहंडीगुड़ा) मसूराम मंडावी, एवं ब्लॉक उपाध्यक्ष (बस्तर) सोमरू राम बघेल उपस्थित थे।

## कांग्रेसी बतायें कि सामान्य सभा से मात्र 20 मिनट में क्यों भागे: आलोक अवस्थी

जगदलपुर। पलायन करना कांग्रेस का मूल चरित्र हो गया है। जब कांग्रेस नगर निगम में सत्तासीन थी तब भी भाजपा का सामना करने के भय से कांग्रेस के बहुमतधारी पार्षद शहर छोड़ कर रायपुर राजधानी भाग जाते थे। अभी भी कांग्रेस के समस्त पार्षद नगर निगम की अत्यंत महत्वपूर्ण सामान्य सभा से मात्र बीस मिनट में भाग खड़े हुये। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी व मोतीलाल नेहरू वार्ड पार्षद आलोक अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस का यह आचरण स्पष्ट बताता है कि कांग्रेस के लिये राजनीति ज़िम्मेदारी ज़वाबदारी नहीं बल्कि दुकानदारी है। जनता की सेवा और जन समस्याओं के निदान से उनका कोई सरोकार नहीं है।आलोक अवस्थी ने कांग्रेस से सवाल



करते हुये कहा कि मौजूदा समय में कांग्रेस नगर निगम में विपक्ष की भूमिका में है। क्या सत्ता सुख पाने का स्वप्न ध्वस्त होने के बाद कांग्रेस को विपक्ष का दायित्व निभाने में शर्म महसूस हो रही है। शहर की सम्मानीय जनता को कांग्रेस जवाब दे कि नगर निगम की सामान्य सभा में आम जनता से जुड़ी समस्याओं व शहर विकास के विषयों पर गंभीरता से विस्तृत चर्चा करने के बजाय कांग्रेस के सभी 18 पार्षद एक साथ बहिर्गमन कर गये। सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चलने वाली सामान्य सभा की बैठक में मात्र 20 मिनट बैठने का अहसान कांग्रेस व उनके पार्षद अब पत्र वार्ता और सड़क में बेजा हल्ला मचा कर शहर की आमजनता पर जताने की अशोभनीय राजनीति कर रहे हैं।आलोक अवस्थी ने कहा कि कांग्रेस की कलई खुल गयी है। कांग्रेस को मैदान छोड़ना ही होगा क्योंकि अब प्रदेश में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सुशासन है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व क्षेत्रीय विधायक किरण सिंह देव के नेतृत्व में क्षेत्र में योजनाबद्ध रुप से निरंतर विकास के आयाम गढ़े जा रहे हैं।

## धान खरीदी पारदर्शिता और सतर्कता के साथ करें संपादन: कलेक्टर



जगदलपुर,15 अक्टूबर। कलेक्टर हरिस एस ने कहा कि आगामी धान खरीदी कार्य को पारदर्शिता और सतर्कता के साथ संपादन किया जाए। उन्होंने धान खरीदी केन्द्र की प्राथमिक तैयारी के संबंध में चर्चा करते हुए 12 संवेदनशील धान खरीदी केन्द्रों के लिए जिला स्तरीय अधिकारियों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने तथा सीमावर्ती जांच नाकों पर अधिकारियों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदार को अपने अनुभाग क्षेत्र में लगातार छापामार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित भी किया। कलेक्टर श्री हरिस ने मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक लेकर अधिकारियों को उक्त निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस के एजेंडा पर जिला स्तर पर महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन हेतु चर्चा करते हुए कहा कि शासन की फ्लैगशिप योजनाओं का क्रियान्वयन शत-प्रतिशत किया जाना है। उन्होंने जिले में गिरदावरी कार्य के तहत डीसीएस रिपोर्ट एवं गिरदावरी रिपोर्ट में पाए गए अंतर का समितिवार जांच कर सुधार करवाने के निर्देश दिए। धान संग्रहण केंद्र से पिछले वर्ष की धान का उठाव नहीं हुआ उसके संबंध में भी चर्चा किए। समिति स्तर से भी एग्रीस्टैक में पंजीयन बढ़ाएं। पंचायतों में एग्रीस्टैक पंजीयन की सूचना के तहत चस्पा कर किसानों को जानकारी दी जाए, बिना एग्रीस्टैक पंजीयन के धान की विक्रय नहीं किया जा सकेगा इसलिए इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करें। पीएम किसान सम्मान निधि में एक माह के अंदर लक्षित किसानों को चिन्हाकित करना है और हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच करना एवं एफआरए हितग्राहियों की भी सूची तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नामांतरण के कार्य में लापरवाही होने पर संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही की जाए।

कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर विद्युत योजना के क्रियान्वयन के संबंध चर्चा किया गया, जिले में लगभग 58 हितग्राहियों के घरों पर सूर्यघर सोलर प्लांट स्टॉलेशन किया गया है और लगभग 1007 आवेदन प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर ने शहर व ग्रामीण क्षेत्र में जनप्रतिनिधियों को भी प्रोत्साहित करते हुए आम नागरिकों को सूर्यघर योजना के लिए जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने बैंक से भी लोन दिलवाने की पहल करवाने कहा, साथ ही सभी ब्लॉक में 500-500 का लक्ष्य लेकर काम करवाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किए ।इस अवसर जिला पंचायत सीईओ श्री प्रतीक जैन, अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल, श्री ऋषिकेश तिवारी, आयुक्त नगर निगम श्री प्रवीण वर्मा, सहायक कलेक्टर श्री विपिन दुबे सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

इस साल भी ओडिशा के दीयों से रोशन होगी बस्तर की दिवाली

## बस्तर में विलुप्ति की कगार पर पहुंची पारंपरिक दीया बनाने की कला

जगदलपुर,15 अक्टूबर। दीपावली का पर्व नजदीक आते ही बस्तर के बाजारों में रौनक लौट आई है। अब सिर्फ 5 दिन शेष हैं और लोग दीपावली की तैयारी में जुट गए हैं। हर साल की तरह इस बार भी बस्तर की दिवाली ओडिशा के कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों से रोशन होगी। बस्तर के स्थानीय कुम्हार जहां अपने पारंपरिक पेशे से दूर हो रहे हैं, वहीं ओडिशा के कुम्हारों को इसका बड़ा लाभ मिल रहा है।



ओडिशा राज्य के नवरंगपुर जिले के सिंगसारी और कुमारगुड़ा गांवों से कुम्हार परिवार करीब 20 हजार से अधिक मिट्टी के दीये और कलाकृतियां लेकर बस्तर पहुंचे हैं। इन कारीगरों ने बताया कि वे पिछले छह से सात वर्षों से हर साल दीवाली से पहले बस्तर आकर अपने उत्पाद बेचते हैं। उन्होंने बताया कि दर्जन भर से अधिक कुम्हार 1-2 दिन में 50 हजार दिए लेकर पहुंचने वाले है। बस्तर के लोग भी अब इन दीयों को ही प्राथमिकता देने लगे हैं, जिससे ओडिशा के कुम्हारों की आमदनी में बढ़ोतरी हो रही है।बस्तर अंचल में मिट्टी के दीये, कलाकृतियां और पूजा सामग्री बनाने की परंपरा सदियों पुरानी रही है। दशहरे के समापन के बाद ही घरों की साफ-सफाई और सजावट के साथ मिट्टी के दीयों से घरों को सजाने की परंपरा आज भी कायम है, लेकिन बदलते समय के साथ यह परंपरा धीरे-धीरे कम होती जा रही है। बस्तर के कई कुम्हार परिवार अब यह काम छोड़ चुके हैं। उनका कहना है कि इस व्यवसाय में मेहनत अधिक और लाभ बहुत कम है, साथ ही शासन से किसी प्रकार की आर्थिक हैं।

## हाता ग्राऊंड में लगेगा दीपावली बाजार: राणा

जगदलपुर। महापौर नगर पालिका निगम जगदलपुर संजय पांडे एवं मेयर इन काउंसिल के सदस्यों की सहमति से बस्तर जिला चैंबर ऑफ कॉमर्स की मांग पर हाता ग्राउंड के संरक्षण एवं बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस अवसर पर राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा कि ÷हाता ग्राउंड खेल मैदान है, था और रहेगा। इसे किसी भी प्रकार की क्षति नहीं पहुंचाई जाएगी।÷

उन्होंने कहा कि दीपावली पर्व के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग शहर आते हैं और अपने स्वनिर्मित उत्पाद बेचते हैं। ऐसे में उनका सम्मान करना और उन्हें उचित स्थान उपलब्ध कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है। साथ ही शहर को भी व्यवस्थित रखना सभी का दायित्व है।हाता ग्राउंड के संरक्षण के लिए विशेष व्यवस्था की जाएगी। पार्किंग की व्यवस्था ग्राउंड के बाहर रहेगी, किसी भी वाहन को अंदर प्रवेश की अनुमति नहीं होगी। ग्रामीण जनों के बैठने एवं बिक्री के लिए नगर निगम की ओर से व्यवस्था की जाएगी। ग्राउंड को किसी भी प्रकार की क्षति नहीं होने दी जाएगी। हाता ग्राउंड के अंदर दीपावली पर्व से संबंधित सामग्री ग्राउंड के सीढ़ियों के किनारे किनारे लगाने की अनुमति दी गई है।राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने कहा कि दीपावली का त्योहार हम सभी मिलकर मनाएंगे और जगदलपुर शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखना हम सभी नागरिकों की सामूहिक जिम्मेदारी है। चिल्लर फुटकर विक्रेताओं की अनुमति सिर्फ दीपावली तक ही दी गई है. ग्राउंड में बल्ली गाड़ना, गड्ढा खोदना प्रतिबंधित किया गया है। मैदान को बिना क्षति पहुंचाएं व्यापार करेंगे। दीपावली के बाद खेल आयोजक समिति को नियम व शर्तों के अनुसार मैदान को आधिपत्य दिया जाएगा। हाता ग्राउंड में पानी टैंकर, मोबाइल टॉयलेट एवं विद्युत व्यवस्था किया गया।

## विद्यालय के शताब्दी वर्ष समारोह में शामिल होंगे मुख्यमंत्री

जगदलपुर। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जगदलपुर आयेंगे। वे आज से करीब एक महीने बाद यानी 17 नवंबर को जगदलपुर आयेंगे। यहां वह (बस्तर हाई स्कूल) जगतू महारा शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शताब्दी वर्ष समारोह में शिरकत करेंगे। दरअसल, प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से जगतू महारा शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी , सदस्य अखिलेश शुक्ला ,जिला शिक्षा अधिकारी बलिराम बघेल, संस्था के प्राचार्य ने जगदलपुर विधायक और बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के नेतृत्व में मुलाकात कर शताब्दी वर्ष



समारोह में सम्मिलित होने का न्यौता दिया था।इस पर मुख्यमंत्री ने जगदलपुर आने की सहमति दी। बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और विधायक किरण देव ने कहा कि यह उनके जगदलपुर के लिए गौरव, सम्मान और अपार हर्ष का विषय है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री अपनी गरिमामयी उपस्थिति से जगतू महारा शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के शताब्दी समारोह को अविस्मरणीय बनाएंगे।शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने कहा कि जगदलपुर विधायक और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव के मार्गदर्शन और नेतृत्व में ऐतिहासिक जगतू महारा शासकीय बहु उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का शताब्दी वर्ष समारोह मनाया जा रहा है जिसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं । उन्होंने बताया कि शताब्दी वर्ष समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा , वन मंत्री केदार कश्यप और शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव सहित अन्य मंत्रियों ने भी सम्मिलित होने में सहमति जताई है।राकेश तिवारी कहा कि बस्तर हाई स्कूल का शताब्दी वर्ष समारोह एक भव्य समारोह होगा जिसमें इस विद्यालय से अध्यन करने के बाद विभिन्न पदों में कार्यरत विद्यार्थी भी शामिल होंगे।

## बस्तर हाई स्कूल का शताब्दी वर्ष समारोह 17 नवंबर को मनाया जाएगा

जगदलपुर, 15 अक्टूबर । संभागीय मुख्यालय जगदलपुर के ऐतिहासिक जगतू माहरा शासकीय बहुउद्देशीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय (बस्तर हाई स्कूल) का शताब्दी वर्ष समारोह 17 नवंबर को मनाया जाएगा, जिसमें प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अपनी गरिमामयी उपस्थिति देंगे। मुख्यमंत्री श्री साय ने जगदलपुर विधायक श्री किरण देव के नेतृत्व में शाला प्रबंधन समिति द्वारा दिए गए न्यौते को सहर्ष स्वीकार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि जगदलपुर विधायक श्री किरण देव के नेतृत्व में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राकेश तिवारी, सदस्य श्री अखिलेश शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी श्री बीआर बघेल और संस्था के प्रधानाचार्य ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय से भेंटकर उन्हें शताब्दी समारोह में शामिल होने का न्यौता दिया है। विधायक श्री किरण देव ने इस अवसर को जगदलपुर के लिए गौरव, सम्मान और अपार हर्ष का विषय बताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की उपस्थिति इस शताब्दी समारोह को अविस्मरणीय बना देगी। शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री राकेश तिवारी ने बताया कि विधायक श्री किरण देव के मार्गदर्शन में शताब्दी वर्ष समारोह की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है। यह समारोह एक भव्य आयोजन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के साथ उपमुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा, वन मंत्री श्री केदार कश्यप और शिक्षा मंत्री श्री गजेन्द्र यादव सहित अन्य मंत्रीगण और विधायक भी शामिल होंगे। उन्होंने यह भी बताया कि इस ऐतिहासिक क्षण का साक्षी बनने के लिए विद्यालय से अध्ययन करने के बाद विभिन्न पदों पर कार्यरत पूर्व विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। 17 नवंबर को होने वाला यह समारोह बस्तर हाई स्कूल के 100 वर्षों के शैक्षणिक यात्रा को अविस्मरणीय बनाएगा।

### बैंकर्स इन्वेस्टर मीट की समन्वय बैठक 16 अक्टूबर को

जगदलपुर, 15 अक्टूबर । जिले में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों, महिला उद्यमियों, स्व-सहायता समूहों और पारंपरिक कारीगरों को डिजिटल सशक्तिकरण और विपणन के नए अवसरों से जोड़ने, औद्योगिक गतिविधि को बढ़ावा देने एवं उद्योग स्थापना संबंधी समस्याओं के समाधान के उद्देश्य से रेम्प योजना के अंतर्गत बैंकर्स इन्वेस्टर मीट की समन्वय बैठक जिला व्याार एव उद्योग केन्द जगदलपुर द्वारा कलेक्टर कार्यालय के प्रेरणा हॉल में 16 अक्टूबर 2025 को प्रातः 11 बजे से आयोजित की गई है। क्षेत्रीय व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के मुख्य महाप्रबंधक श्री अजित सुन्दर बिलुंग ने इस बारे में बताया कि उक्त कार्यशाला का उद्देश्य उद्यमियों और हितग्राहियों की समस्याओं को बैंकर्स तक पहुंचाना है। उन्होंने जिले के सभी इच्छुक उद्यमियों एवं महिला स्वसहायता समूहों से उक्त कार्यशाला में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## तालाब की जलकुंभियां हटाते समय एक युवक का मिला शव

कोंडागांव। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में नगर पालिका कर्मचारियों की टीम को तालाब की सफाई के दौरान 14 अक्टूबर कीसुबह एक युवक का शव मिला है। जेसीबी मशीन से जलकुंभियां हटाई जा रही थीं, तभी शव पानी की सतह पर तैरता हुआ दिखाई दिया। सफाई कर्मियों ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी की सहायता से शव को बाहर निकाला। मृतक की पहचान कोंडागांव निवासी कमल सिंह ठाकुर के रूप में हुई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। नगर पालिका कर्मचारी संतोष ने बताया कि उनकी टीम नियमित सफाई अभियान के तहत आज सुबह तालाब पर पहुंची थी। जलकुंभियां हटाते समय शव दिखाई दिया। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है।स्थानीय लोगों के अनुसार, तालाब में जलकुंभियां इतनी घनी फैली हुई हैं कि यह किसी मैदान जैसा दिखता है। आशंका जताई जा रही है कि युवक को पानी की गहराई का अंदाजा नहीं लगा होगा और वह उसमें उतर गया, जिससे डूबने से उसकी मौत हो गई । इस घटना ने नगर में चिंता बढ़ा दी है, और लोग तालाब में जलकुंभियों के प्रबंधन तथा सुरक्षा उपायों की आवश्यकता पर जोर दे रहे हैं ।ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोका जा सके।स्थानीय लोगों ने बताया कि यह तालाब कभी मोटर बोट के लिए जाना जाता था, लेकिन अब इसमें नालों का गंदा पानी आता है। जलकुंभियों के ज्यादा फैलाव और पानी में दुर्गंध के कारण मछलियां भी मर रही हैं।

## पटाखा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मानकों का परिपालन सुनिश्चित करने के निर्देश

जगदलपुर, 15 अक्टूबर । कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्री हरिस एस के निर्देशानुसार जिला सेनानी नगर सेना एवं जिला अग्निशमन अधिकारी द्वारा दीपावली पर्व के दौरान पटाखा दुकानों पर निर्धारित सुरक्षा मानकों का परिपालन सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी किया गया है। उक्त सम्बन्ध में जारी परिपत्र में कहा गया है कि दीवाली पर्व के दौरान अस्थायी संरचना एवं पण्डालों में संचालित पटाखा दुकानों में निर्धारित सुरक्षा मापदंडों का पालन करने सहित अग्निशमन यंत्र को दुकानों पर रखते हुए आवश्यक सावधानियों को अपनाया जाए। किसी भी तरह की चूक अथवा सुरक्षा का पालन नहीं किए जाने पर संबंधित संचालक व दुकानदार स्वयं जिम्मेदार होंगे और संबंधित दुकान संचालक के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। पटाखा दुकान रिहायशी एवं बाजार के पास नहीं खोला जाए। पटाखा दुकान का निर्माण किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा, बांस, रस्सी, टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टिन शेड द्वारा निर्मित होना चाहिए तथा अग्निमंदक घोल से उपचारित किया होना चाहिए। पटाखा दुकान एक दूसरे से कम से कम 03 मीटर साईड पर एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए। साथ ही प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार के तेल का लैंप, गैस लैंप एवं खुली बिजली बत्ती का प्रयोग प्रतिबंधित किया गया है। किसी भी पटाखा दुकान से 50 मीटर के अंदर आतिशबाजी प्रदर्शन प्रतिबंधित है।

## सीमावर्ती क्षेत्रों से अवैध धान की आवक रोकने 7 स्थानों पर स्थापित होगा जांच नाका

जगदलपुर, 15 अक्टूबर । राज्य शासन के निर्देशानुसार खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के तहत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान पड़ोसी राज्यों से अवैध रूप से धान की आवक को रोकने सहित विशेष तौर पर सतत निगरानी रखने के लिए कलेक्टर श्री हरिस एस के द्वारा जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों के 07 चिन्हित स्थानों पर जांच नाका स्थापित किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिसके तहत तहसील जगदलपुर के धनपूंजी एवं भेजापदर, करपावण्ड तहसील के कोलावल, बदलावण्ड एवं पोटियावण्ड और बकावण्ड तहसील के नलपावण्ड एवं तारापुर में जांच नाका स्थापित की जाएगी। इन सभी जांच नाका में सप्ताह के सातों दिन 24 घण्टे निगरानी रखने के लिए राजस्व विभाग के तहसीलदार, नायब तहसीलदार, राजस्व निरीक्षक एवं पटवारी, मंडी समिति के मंडी निरीक्षक एवं मंडी उप निरीक्षक, वन विभाग के वनरक्षक और नगर सेना के नगर सैनिकों की नामजद रोस्टर अनुसार ड्यूटी लगाई गई है। उक्त सभी जांच नाकों को धान उपार्जन कार्य प्रारंभ होने के पूर्व ही शुरू किए

## छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से महिलाओं के जीवन में आ रहा है बदलाव

रायपुर, 15 अक्टूबर। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं तेजी से लागू की जा रही हैं। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना से आवास, उज्जवला योजना से गैस कनेक्शन, हर महीने निःशुल्क अनाज और महतारी वंदन की राशि मिलने से पेंड्रा विकासखंड के नवागांव की श्रीमती संतोषी श्रीवास सुखमय जीवन व्यतीत कर रही है। श्रीमती संतोषी ने बताया कि पक्का मकान मिलने से उनके जीवन में बड़ा बदलाव आया है। श्रीमती संतोषी श्रीवास ने बताया कि पहले उनका घर कच्चा था, जिससे बरसात के दिनों में बहुत परेशानी होती थी। घर की दीवारों में सीलन आ जाती थी, जिससे रहना मुश्किल हो जाता था। बच्चों की भी पढ़ाई में दिक्कत होती थी, क्योंकि पढ़ाई-लिखाई के लिए उचित जगह नहीं थी। परिवार की आमदनी कम होने के कारण वे पक्का घर बनवाने में असमर्थ थीं।

# एक नजर

### प्लेसमेंट कैम्प 16 अक्टूबर को

**रायगढ़, 15 अक्टूबर।** निजी क्षेत्र की रिक्तियों में प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए 16 अक्टूबर को प्रातः 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। जिसमें कुल 131 रिक्त विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि मे.जे.एस.डब्ल्यू लिमिटेड नहरपाली, रायगढ़ में अप्रेन्टिसशिप, मे.जैन एसोसिएट एंड इंटरप्राइसेस रायगढ़ में आईटीआई होल्डर, कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं मैनेजर स्टाफ, मे.वासु निर्माण छोटे अतरमुड़ा रायगढ़ में मशीन आपरेटर, आर्किटेक्ट ड्राफ्टमेन 2 डी एवं 3 डी, कार ड्राईवर, मे.टीपीएल सर्विसेस प्रा.लि.बेगमपेट हैदराबाद कार्यक्षेत्र रायगढ़ में बेयरिंग शॉप फिटर, क्रेन ऑपरेटर, फिटर सहित अन्य विभिन्न पदों पर भर्तियां की जाएगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### डुबान क्षेत्र, वन अधिकार पट्टा धारी किसानों के लिए पंजीयन अनिवार्य नहीं

**महासमुंद,15 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन हेतु किसानों के पंजीयन की प्रक्रिया जारी है। इस संबंध में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।राज्य शासन के निर्णयानुसार कृषि विभाग एवं किसान कल्याण तथा जैव प्रौद्योगिकी विभाग के समन्वय से किसानों का पंजीयन एग्रीस्टेक पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। शासन द्वारा जारी आदेश अनुसार सभी जिलों के कृषक, जो समर्थन मूल्य पर धान बेचने के पात्र हैं, उन्हें निर्धारित समयावधि में पंजीयन कराना आवश्यक होगा।शासन ने निर्देश दिए हैं कि वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर धान विक्रय करने वाले सभी कृषक अपने भू-अधिकार पत्र, बैंक खाता विवरण और आधार संख्या के साथ एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीकरण सुनिश्चित करें। यह पंजीयन प्रक्रिया कृषि विभाग द्वारा विकसित ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से की जा रही है। राज्य शासन द्वारा यह भी निर्देश दिए गए है कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत अपवाद के रूप में संस्थागत पंजीयन, भूमिहीन किसान (अधिया या रेगा) डुबान क्षेत्र, वन अधिकार पट्टा, ग्राम कोटवार प्रकारों के किसानों के लिए एग्रीस्टेक में पंजीयन करने की अनिवार्यता नहीं होगी।

### लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में दिया जाएगा विभिन्न कोर्सों का निःशुल्क प्रशिक्षण

**धमतरी, 15 अक्टूबर ।** मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के तहत लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में टैक्सी ड्राईवर, रिटेल सेल्स असिस्टेंट, फील्ड टेक्निशियन एवं कम्प्यूटिंग पेरीफेरल तथा सिक्योरिटी गार्ड का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक परियोजना अधिकारी, लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा इसके लिए आगामी 17 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक शैक्षणिक योग्यता प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, बैंक पासबुक और पोसपोर्ट साईज फोटो के साथ सिविल कोर्ट के पास स्थित लाईवलीहुड कॉलेज धमतरी में आवेदन जमा कर सकते हैं।

### युक्तियुक्तकरण से गांव के बच्चों को मिली शिक्षा की नई रोशनी

**रायपुर, 15 अक्टूबर ।** शिक्षा में सुधार और प्रत्येक बच्चे तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षण पहुंचाने के लक्ष्य के तहत राज्य शासन की युक्तियुक्तकरण नीति अब ग्रामीण स्कूलों में सकारात्मक बदलाव ला रही है। सरगुजा जिले के संकुल उदारी, विकासखंड लुण्ड्रा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला बांसपारा, जो पहले एकल शिक्षकीय विद्यालय था, अब दो शिक्षकयुक्त विद्यालय बन गया है। पहले प्राथमिक शाला बांसपारा में केवल प्रधान पाठक श्री शिवलाल पैकरा कार्यरत थे। दिव्यांग होने के बावजूद उन्होंने 33 विद्यार्थियों की जिम्मेदारी पूरी निष्ठा से निभाई। अब शासन की पहल से शिक्षिका सुश्री संगीता तिर्की की पदस्थापना अम्बिकापुर से की गई है, जिससे विद्यालय में शिक्षा व्यवस्था को नई गति मिली है। और विद्यार्थियों को विषयवार अध्ययन का बेहतर अवसर मिल रहा है। शिक्षिका सुश्री संगीता तिर्की ने बताया कि अम्बिकापुर से लुण्ड्रा दूरी पर है, लेकिन हमारा शिक्षकीय धर्म है कि जहां भी हमें सेवा का अवसर मिले, हम बच्चों को बेहतर शिक्षा दें। यहां आने के बाद विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति में वृद्धि हुई है। बच्चे अब मन लगाकर पढ़ाई कर रहे हैं। शासन की यह पहल सराहनीय है, जिससे ग्रामीण क्षेत्र में भी शिक्षा की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है।

### छत्तीसगढ़ में 'तंबाकू और नशामुक्त स्कूल-कॉलेज अभियान' प्रारंभ

**रायपुर, 14 अक्टूबर ।** भारत सरकार द्वारा 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 (Tobacco Free Youth Campaign - TFYC 3.0) का शुभारंभ 9 अक्टूबर 2025 को किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू एवं नशे की लत से दूर रखना, उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना तथा जो तंबाकू सेवन छोड़ना चाहते हैं, उन्हें सहयोग प्रदान करना है। अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान (ज्ञ्हस्क्षध्इ) बनाने दिशा निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया है।छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों में 'तंबाकू और नशा मुक्त स्कूल-कॉलेज अभियान' चलाने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में भारत सरकार के स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा तथा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय से प्राप्त संयुक्त पत्र के संदर्भ में सभी जिलों के कलेक्टरों को पत्र भेजा गया है।तम्बाकू के दुष्परिणाम से बढ़ती प्रवृत्ति एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चिंता का विषय बनी हुई है।

# मुद्रा लोन से बुढाडांड की प्रीति गुप्ता बनीं लखपति दीदी

**जशपुरनगर 15 अक्टूबर।** अपने दुकान में सौंदर्य प्रसाधन से लेकर घरेलू सामान का विक्रय करती प्रीति गुप्ता महिला सशक्तिकरण की मिसाल बन चुकी हैं। उनके चेहरे पर एक अलग ही आत्मविश्वास झलकता है। वह उत्साह से बताती है कि मुद्रा लोन की मदद से वह अपना व्यापार खड़ा कर पाई है। लक्ष्मी स्व-सहायता समूह से जुड़ी प्रीति ने बताया कि उन्हें 01 लाख रुपए मुद्रा लोन के रूप में मिला था। आज वह अपने व्यापार से सालाना लगभग 2.50 लाख रुपए तक कमाई कर पाती है।



विकासखंड बगीचा के ग्राम बुढाडांड की रहने वाली प्रीति गुप्ता ने मुद्रा लोन लेकर दुर्गा श्रृंगार एवं किराना दुकान की शुरुआत की। प्रारंभ में छोटे स्तर पर दुकान संचालित करने वाली प्रीति ने धीरे-धीरे ग्राहकों की जरूरतों को समझते हुए दुकान का विस्तार किया। आज उनकी दुकान गांव की प्रमुख दुकानों में गिनी जाती है। सौंदर्य प्रसाधन से लेकर हर जरूरत का सामान उनकी दुकान में उपलब्ध है। मुद्रा लोन से मिली आर्थिक सहायता एवं मेहनत और लगन का ही परिणाम है कि आज वे प्रतिवर्ष लगभग 2.50 लाख का शुद्ध लाभ कमा रही हैं। उन्होंने अपने आत्मविश्वास, परिश्रम और बिहान योजना के सहयोग से लखपति दीदी बनने का सपना साकार किया है। प्रीति मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं की सशक्तिकरण के लिए किए जा रहे कार्यों की वजह से आज मेरे जैसी कितनी महिलाएं आत्मनिर्भर हो पाई हैं। उन्होंने कहा कि बिहान ने मुझे अपने पैरों पर खड़े होने का अवसर दिया। प्रीति गुप्ता आज कई महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन चुकी हैं, जो अपनी मेहनत और संकल्प से आर्थिक स्वतंत्रता की नई मिसाल कायम कर रही हैं।

### निजी क्षेत्र के कार्य स्थल पर भी आंतरिक शिकायत समिति गठित करने कलेक्टर ने की अपील

**कांकेर, 15 अक्टूबर ।** सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार कार्यस्थल पर महिलाओं की लैंगिक उत्पीड़न रोकने के लिए (निवारण प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम 2013 अंतर्गत निजी क्षेत्र के सभी संस्थानों जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं। उन संस्थानों में आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया जाना है। इस संबंध में कलेक्टर श्री निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर द्वारा जिले के सभी संबंधित निजी संस्थाएं जहां 10 या 10 से अधिक कर्मचारी कार्यरत हैं, वहां पर आंतरिक शिकायत समिति का गठन कर पोर्टल पर एंट्री करने हेतु अपील की गई है। उन्होंने आगामी 07 दिवस में गठन अथवा एंट्री का कार्य नहीं करने वाली संस्थाओं पर नियमानुसार कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया है।

# युक्तियुक्तकरण के बाद अब जिले में 1,217 मतदान केंद्र, 61 नए मतदान केन्द्रों की मिली स्वीकृति

**रायगढ़, 15 अक्टूबर।** रायगढ़ जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों में मतदाताओं की सुविधा और बेहतर चुनाव व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए गए मतदान केंद्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा मंजूरी दे दी गई है। जिसके पश्चात अब जिले में कुल 1217 मतदान केन्द्र हो गए है।

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा के 282 मतदान केन्द्र, 16-रायगढ़ के 292 (रायगढ़ जिला में 233 एवं सारंगढ़ जिला में 59 मतदान केन्द्र), 18-खरसिया के 289 मतदान केन्द्र एवं 19-धरमजयगढ़ के 293 मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण में 61 नये मतदान केन्द्र, 1 भवन परिवर्तन, 2 स्थल परिवर्तन, 14 मतदान केन्द्र के अनुभाग परिवर्तन, 1 मतदान केन्द्र के अनुभाग का नाम परिवर्तन, 4 नया अनुभाग निर्माण के प्रस्ताव मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ रायपुर को भेजे गए थे।

रायगढ़ जिला द्वारा उपरोक्तानुसार भेजे गए मतदान केन्द्रों के युक्तियुक्तकरण के प्रस्ताव को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सहमति एवं स्वीकृति प्रदान कर दी गई है, जिसके अनुसार रायगढ़ जिले के 4 विधानसभा क्षेत्र 15-लैलूंगा के 293 मतदान केन्द्र, 16-रायगढ़ के 326 मतदान केन्द्र (रायगढ़ जिला में 262 एवं सारंगढ़ जिला में 64), 18-खरसिया के 299 एवं 19-धरमजयगढ़ के 299 मतदान केन्द्र हो गये है।

# आबकारी अमले ने ग्राम गेरवानी में अवैध महुआ शराब जब्त की



**रायगढ़, 15 अक्टूबर ।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशन एवं प्रभारी सहायक आयुक्त आबकारी श्री क्रिस्टोफर खलखो के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए अवैध महुआ शराब की जब्त की गई है।

प्राप्त शिकायत के आधार पर आबकारी वृत्त-रायगढ़ (उत्तर) की टीम ने ग्राम गेरवानी, थाना पूंजीपथरा में दबिश दी। इस दौरान पोषण झरिया नामक व्यक्ति के आधिपत्य से कुल 18.720 लीटर महुआ शराब बरामद की गई। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34(2), 59(क) के तहत प्रकरण क्रमांक दर्ज कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है।

# धान खरीदी केन्द्रों में सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश

**धमतरी, 15 अक्टूबर ।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आज साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक लेकर आगामी 15 नवम्बर से प्रारंभ होने वाली समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक धान खरीदी केन्द्र में स्वच्छता, पेयजल, छायादार व्यवस्था, बारदाना, तोलक कांटा, परिवहन व्यवस्था तथा कंट्रोल रूम की स्थापना समय पर सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि कोई भी पात्र किसान धान विक्रय से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।



कलेक्टर श्री मिश्रा ने स्पष्ट निर्देश दिए कि बिचौलियों,कोचियों और अवैध धान परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जाए और आवश्यकता अनुसार त्वरित कार्रवाई की जाए। बैठक में अपर कलेक्टर श्रीमती रीता यादव, सभी एसडीएम एवं जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने बताया कि हाल ही में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की अध्यक्षता में आयोजित कलेक्टर्स कॉन्फ्रेंस में धमतरी जिले की कार्यप्रणाली की सराहना की गई। जिले में विशेष पिछड़ी जनजाति कल्याण, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, प्रधानमंत्री जनमन, जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना तथा प्रधानमंत्री सूर्यघर जैसी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन की प्रशंसा मुख्यमंत्री द्वारा की गई। इस उपलब्धि पर कलेक्टर ने समस्त जिला अधिकारियों एवं टीम को बधाई दी और कहा कि शासन एवं प्रशासन की मंशा के अनुरूप जनहित में इसी प्रकार बेहतर कार्य करते रहें। उन्होंने मुख्यमंत्री के निर्देशों की जानकारी साझा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी-कर्मचारी कार्यालयीन समय का पालन करें। लोक निर्माण विभाग को उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों, पुल-पुलियों की मरम्मत शीघ्र पूर्ण करने तथा शहर के प्रमुख चौक-चौराहों जैसे कोलियारी चौक, भखारा चौक, कुकरेल और सिहावा चौक की सड़कों के सुधार कार्य तत्काल आरंभ करने के निर्देश दिए। साथ ही सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों एवं ढाबों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कलेक्टर ने कहा कि मलेरिया या अन्य संक्रामक रोग का कोई भी मामला सामने आने पर तत्काल मरीज को जिला अस्पताल लाकर उचित उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य शासन की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक समय पर पहुंचे।

कलेक्टर श्री मिश्रा ने प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को उत्कृष्ट पहल बताते हुए अधिकारियों से कहा कि इस योजना का अधिकतम लाभ जनता तक पहुंचाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार एवं शिविरों का आयोजन किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि एनआरएलएम एवं क्लस्टर लेवल फेडरेशन को वेंडर के रूप में पंजीकृत कर उन्हें भी इस योजना से जोड़ें। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मुख्यमंत्री जनदर्शन, कलेक्टर जनदर्शन एवं समय-सीमा के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें ताकि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंच सके।

# युक्तियुक्तकरण से एकल शिक्षक से दो शिक्षिकाओं वाला बना प्राथमिक शाला बनबांधा,पढ़ाई सुधरी

**कोरबा 15 अक्टूबर ।** कोरबा जिले के पाली विकासखंड के छोटे से ग्राम बनबाँधा में स्थित प्राथमिक शाला बनबाँधा आज शिक्षा के क्षेत्र में एक नई मिसाल पेश कर रही है। कभी यह विद्यालय एकल शिक्षकीय स्कूल था, जहाँ 63 बच्चों की शिक्षा की ज़िम्मेदारी केवल एक ही शिक्षिका पर थी। लेकिन अब स्थिति बदल चुकी है। छत्तीसगढ़ शासन की युक्तियुक्तकरण योजना के अंतर्गत यहाँ दूसरी शिक्षिका के रूप में श्रीमती उमा पाल की नियुक्ति हुई है। उन्होंने 5 जून 2025 को विद्यालय में पदभार ग्रहण किया। इससे पहले वे अन्य विद्यालय में पदस्थ थीं, और अब इस स्कूल में जुड़कर बच्चों की शिक्षा में नई ऊर्जा लेकर आई हैं।





विद्यालय की प्रधानपाठिका श्रीमती अंजली सोनकर बताती हैं कि पहले अकेले सभी कक्षाओं की पढ़ाई कराना काफी चुनौतीपूर्ण था। कई बार कुछ कक्षाएं पूरी तरह संचालित नहीं हो पाती थीं। परंतु अब दो शिक्षिकाओं की उपस्थिति से स्कूल में हर कक्षा की नियमित पढ़ाई हो रही है। बच्चों के चेहरों पर भी इस बदलाव की खुशी साफ झलकती है। कक्षा दो के श्लोक, कक्षा तीन की अंकिता और आँचल कहती हैं कि नई मैडम के आने से अब हमें बहुत अच्छा लगता है। पहले कम पढ़ाई होती थी, अब रोज़ नई बातें सीखने मिलती हैं।÷ कक्षा चौथी के नमन खैरवार, सतवीर, और कक्षा पाँचवीं की नाजनी व शालिनी भी मुस्कुराते हुए बताते हैं, ÷अब दो मैडम हैं, हर दिन क्लास लगती है, हम सब खूब पढ़ते हैं और मिड-डे मील में स्वादिष्ट खाना भी मिलता है।÷ नवनियुक्त शिक्षिका उमा पाल का कहना है कि बच्चे अब उनसे घुलमिल गए हैं और वे पूरी लगन से पढ़ाई में जुट गए हैं। ÷मुझे यहाँ पढ़ाने में बहुत आनंद आ रहा है। बच्चे उत्साहित हैं और हर दिन कुछ नया सीखने की जिज्ञासा दिखाते हैं।÷ प्रधानपाठिका अंजली सोनकर गर्व से कहती हैं कि यह विद्यालय 1976 से संचालित है और अब यह अपने सुनहरे दौर की ओर लौट रहा है। दो शिक्षिकाओं के सहयोग से विद्यालय में न केवल शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ी है बल्कि बच्चों की उपस्थिति और सीखने का स्तर भी बेहतर हुआ है। युक्तियुक्तकरण योजना ने प्राथमिक शाला बनबाँधा जैसे छोटे स्कूल को नई दिशा दी है कृ जहाँ पहले संसाधनों की कमी थी, अब वहाँ उत्साह, सहयोग और समर्पण का माहौल है। यह कहानी इस बात का प्रमाण है कि सही योजना और समर्पित शिक्षकों के प्रयास से गाँव का हर बच्चा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त कर सकता है।

### फटाका दुकानों की सुरक्षा के लिए दिशा निर्देश जारी

**अम्बिकापुर, 15 अक्टूबर ।** दीपावली त्यौहार के अवसर पर आतिशबाजी से होने वाली दुर्घटनाओं पर नियंत्रण हेतु मुख्यालय स्तर से जारी निर्देश के अनुक्रम में फटाका विक्रेताओं से लायसेंस जारी किये जाने से पूर्व आश्यक दिशा निर्देश जारी किया गया है।

जिला अग्निशमन अधिकारी एवं जिला सेनानी नगर सेना अंबिकापुर द्वारा दिशा निर्देश जारी कर बताया गया है कि फटाका दुकान किसी भी ज्वलनशील पदार्थ जैसे कपड़ा बांस रस्सी टेंट इत्यादि का न होकर अज्वलनशील सामग्री से बने टीन शेड द्वारा निर्मित होने चाहिए, फटाका दुकान एक दूसरे से कम से कम तीन मीटर की दूरी एवं एक दूसरे के सामने न बनाई जाए, फटाका दुकानों में प्रकाश व्यवस्था हेतु किसी भी प्रकार का तेल का लैम्प गैस एवं खुली बिजली बत्तियों का प्रयोग प्रतिबंधित होना चाहिए।

## समाचार संक्षेप

### महापौर ने पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायगढ़, 15 अक्टूबर।** शासन के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में जिले में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन 16 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर निगम रायगढ़ के महापौर श्री जीवर्धन चौहान द्वारा पोषण रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि पोषण रथ आमजन को संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूक करेगा। स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हर नागरिक पोषण के महत्व को समझे।महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी श्री एल.आर.कच्छप ने बताया कि राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत जिलेभर में पोषण संबंधी जागरूकता, संतुलित आहार, और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से विविध गतिविधियाँ आयोजित की जा रही हैं। पोषण अभियान का प्रमुख उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी व्यवहार परिवर्तन लाना है। जिला स्तर पर यह अभियान विभिन्न विभागों के समन्वय से क्रियान्वित किया जा रहा है। इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह के मुख्य विषयों में मोटापे का समाधान, स्थानीय खाद्य पदार्थों को बढ़ावा देना, प्रारंभिक बाल अवस्था की देखभाल एवं शिक्षा, तथा शिशुओं एवं छोटे बच्चों के आहार संबंधी प्रथाएं शामिल हैं। यह पोषण रथ जिले की विभिन्न परियोजनाओं के अंतर्गत ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में भ्रमण कर हितग्राहियों को पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान करेगा।

### एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया में पात्र-अपात्र सूची जारी

**रायगढ़, 15 अक्टूबर।** जिले में संचालित चार एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के 15 रिक्त पदों की भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत जिला स्तरीय चयन समिति एवं आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति की बैठक 10 अक्टूबर 2025 को आयोजित की गई थी। समिति के निर्णय के अनुसार अब इन पदों के लिए प्राप्त आवेदनों की पात्र, अपात्र एवं निरस्त सूची जारी कर दी गई है। यह सूची जिले की शासकीय वेबसाइट www.raigarh.gov.in , संबंधित एकलव्य विद्यालयों एवं कार्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध कराई गई है। अभ्यर्थी कार्यालयीन समय में सूची का अवलोकन कर सकते हैं। उक्त सूची पर यदि किसी भी अभ्यर्थी को आपत्ति हो, तो वे 28 अक्टूबर 2025 की शाम 5 बजे तक कार्यालय में लिखित रूप में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती के लिए आवेदन 28 अक्टूबर तक

**धमतरी, 15 अक्टूबर ।** एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी के तहत सुभाषनगर वार्ड स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-01 में सहायिका की भर्ती की जानी है। परियोजना अधिकारी, एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी द्वारा इसके लिए 18 से 44 वर्ष तक की आयु की, शैक्षणिक योग्यताकम से कम आठवीं पास और उसी वार्ड की निवासी से आगामी 28 अक्टूबर तक आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र कलेक्टोरेट कार्यालय के पीछे स्थित एकीकृत बाल विकास परियोजना धमतरी शहरी कार्यालय में जमा किया जा सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

### परंपरा से प्रगति तक -जनस्वास्थ्य के क्षेत्र में आयुष ने गढ़ी नई पहचान



**कोरबा 15 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के 25 वर्ष पूरे होने के अवसर पर, रजत महोत्सव 2025 की धूम पूरे प्रदेश में देखने को मिल रही है। यह सिर्फ राज्य की राजनीतिक या प्रशासनिक उपलब्धियों का उत्सव नहीं है, बल्कि यह उन सभी क्षेत्रों का उत्सव है, जिन्होंने छत्तीसगढ़ को स्वास्थ्य, शिक्षा, विकास और सामाजिक कल्याण के क्षेत्र में मजबूत बनाया है। इस गौरवशाली यात्रा में आयुष विभाग ने भी अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। आयुष, जो कि आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी और सिद्ध जैसी पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों का संगम है, ने पिछले 25 वर्षों में न केवल अपने स्वरूप में व्यापक बदलाव देखा है, बल्कि यह जन स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण स्तंभ भी बन गया है। कोरबा जिले में आयुष विभाग की यात्रा इसकी सबसे चमकदार मिसाल है, जहाँ वर्ष 2000 में सीमित संसाधन और छोटे स्तर की व्यवस्थाओं से आज आधुनिक सुविधाओं और विशेषज्ञों तक का सशक्त नेटवर्क विकसित हो चुका है।

# जशपुर जिले में खारूंग नदी पर भेलवा एनीकट योजना को मिली प्रशासकीय स्वीकृति

**जशपुर, 15 अक्टूबर ।** छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग द्वारा जशपुर जिले के विकासखंड फरसाबहार की खारूंग नदी पर भेलवा एनीकट योजना कार्य हेतु 5 करोड़ 40 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। यह स्वीकृति राज्य शासन द्वारा जारी की गई है।

इस योजना के क्रियान्वयन से ग्रामवासियों को निस्तारी, पेयजल, भू-जल संवर्धन तथा कृषकों द्वारा स्वयं के साधनों से लगभग 125 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। यह परियोजना ग्रामीण क्षेत्र में जल उपलब्धता बढ़ाने, भू-जल पुनर्भरण को प्रोत्साहित करने और स्थानीय कृषि उत्पादन में वृद्धि के उद्देश्य से तैयार की गई है।निर्माण कार्य की तकनीकी स्वीकृति सक्षम अधिकारी से प्राप्त करने के उपरांत ही निविदा आमंत्रित की जाएगी। योजना की ड्रॉइंग एवं डिज़ाइन का अनुमोदन सक्षम अधिकारी से सुनिश्चित किया जाएगा। प्रस्तावित निर्माण कार्य की निविदा तभी की जाएगी जब कम से कम 75 प्रतिशत बाधा रहित भूमि उपलब्ध हो। कार्य की निविदा प्रक्रिया निष्पक्ष, पारदर्शी एवं प्रतिस्पर्धात्मक रूप से संपन्न की जाएगी।भू-अर्जन की आवश्यकता होने पर व्यय स्वीकृत राशि की सीमा के भीतर किया जाएगा तथा किसी अन्य मद से राशि का स्थानांतरण बिना पूर्व स्वीकृति के नहीं किया जाएगा। यदि भू-अर्जन की आवश्यकता नहीं है, तो निर्माण कार्य केवल शासकीय भूमि पर ही कराया जाएगा। निर्माण कार्य के दौरान प्रयुक्त सामग्रियों की गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी और किसी भी स्तर पर गुणवत्ता में कमी पाए जाने पर उत्तरदायित्व निर्धारण कर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।कार्य को स्वीकृत लागत एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना अनिवार्य होगा। समय-सीमा में अनावश्यक वृद्धि नहीं की जाएगी, और आवश्यकता पड़ने पर ही सक्षम अधिकारी द्वारा नियमानुसार समय में बढ़ोतरी प्रदान किया जा सकेगा। निर्माण कार्य की निविदा दर या प्रस्तावित मात्रा में यदि 10 प्रतिशत से अधिक वृद्धि होती है, तो पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त करना आवश्यक होगा।मुख्य अभियंता, हसदेव गंगा कछार जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर को यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं कि कार्य के सभी तकनीकी एवं वित्तीय पहलुओं का पालन छत्तीसगढ़ वित्तीय संहिता भाग-एक के नियम-10 के अनुसार किया जाए तथा योजना की लोकहित, गुणवत्ता और मितव्ययिता पर विशेष ध्यान दिया जाए। भलवा एनीकट योजना के माध्यम से फरसाबहार क्षेत्र के ग्रामीणों को पेयजल, सिंचाई और जल संरक्षण की दीर्घकालिक सुविधा प्राप्त होगी। यह योजना राज्य शासन की ग्रामीण विकास, जल संवर्धन एवं कृषि सशक्तिकरण के प्रति स्थायी प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

### जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेहतर प्रचार-प्रसार के दिए निर्देश

**बलरामपुर, 15 अक्टूबर ।** जनकल्याणकारी योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार कर अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने के निर्देश जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर ने समय-सीमा की बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का उद्देश्य आमजनों को राहत पहुंचाना और उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाना है। इसके लिए सुनिश्चित करें कि योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचे, ताकि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं से वंचित न हो। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि मैदानी भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी तथा लाभ पात्र नागरिकों को दिलाना सुनिश्चित करें।जिला पंचायत सीईओ श्रीमती नयनतारा सिंह तोमर की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में केंद्र एवं राज्य शासन की जनहितैषी योजनाएं, स्वास्थ्य सेवाएं सहित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तोमर ने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की। उन्होंने गर्भवती महिलाओं का एएनसी पंजीयन, टीकाकरण, चिरायु योजना अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण की जानकारी लेते हुए निर्देश दिए की गर्भवती माताओं का समय पर एएनसी पंजीयन कराना सुनिश्चित करें। ताकि उन्हें प्रसव पूर्व जांच और पोषण संबंधी लाभ मिल सके। उन्होंने चिरायु योजना अंतर्गत बच्चों की स्वास्थ्य परीक्षण की अद्यतन जानकारी लेते हुए बच्चों में कुपोषण, गंभीर बीमारियों के लक्षण पहचान कर उपचार हेतु निर्देशित किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि स्कूलों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में नियमित रूप से स्वास्थ्य जांच करने को कहा। टू-डोर संपर्क कर प्रगति लाने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### नवा रायपुर में निवेश और विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**रायपुर, 15 अक्टूबर।** नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण में आज वित्त, आवास एवं पर्यावरण मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी की अध्यक्षता में निवेश, अधोसंरचना विकास और जनसुविधाओं से संबंधित कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मंत्री श्री चौधरी ने अधिकारियों से शहर के योजनाबद्ध और तीव्र विकास पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि नवा रायपुर का संतुलित, आधुनिक और सर्वसुविधायुक्त विकास राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि चल रही परियोजनाओं को निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता के साथ पूर्ण किया जाए, ताकि नागरिकों को बेहतर शहरी सुविधाएँ उपलब्ध हो सकें। उन्होंने बताया कि विकास कार्यों में गति लाने के लिए इस वर्ष राज्य शासन के बजट अंतर्गत पूंजीगत व्यय का लक्ष्य 1000 करोड़ रुपए रखा गया है। सभी इस लक्ष्य को गुणवत्तापूर्वक पूरा करने के लिए समर्पण भाव से कार्य करें। मंत्री श्री चौधरी ने यह भी निर्देश दिए कि शासकीय एवं निजी संस्थानों तथा बिल्डर्स को आवंटित भूमि पर हो रहे निर्माण कार्यों को समन्वयपूर्वक और शीघ्र गति से पूरा किया जाए, ताकि नवा रायपुर के इंफ्रास्ट्रक्चर को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सके। बैठक में निवेश को प्रोत्साहन देने, पर्यावरण संरक्षण, अधोसंरचना विकास और शहरी जनसुविधाओं के उन्नयन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर भी विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस अवसर पर प्राधिकरण के चेयरमैन श्री अंकित आनंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री चंदन कुमार सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### झिरिया जलाशय योजना को मिली पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति

**रायपुर,15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ शासन के जल संसाधन विभाग द्वारा बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के विकासखंड सिमगा स्थित झिरिया जलाशय योजना को पुनरीक्षित प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना की कुल स्वीकृत लागत 9 करोड़ 78 लाख 19 हजार रुपए निर्धारित की गई है। यह स्वीकृति राज्य शासन द्वारा महानदी भवन, अटल नगर नवा रायपुर से जारी की गई है। योजना के पूर्ण होने पर विकासखंड सिमगा के लगभग 250 हेक्टेयर खरीफ क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे कृषक वर्ग को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा और कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी। यह परियोजना क्षेत्र के जल संसाधनों के समुचित उपयोग और ग्रामीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। स्वीकृत योजना के अंतर्गत कार्य निर्धारित समय सीमा और स्वीकृत लागत राशि में पूर्ण किया जाना अनिवार्य होगा। निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सक्षम अधिकारी से तकनीकी स्वीकृति प्राप्त की जाएगी तथा ड्रॉइंग एवं डिजाइन का अनुमोदन सुनिश्चित किया जाएगा।

क्षेत्र की खुशहाली के लिए मांगा आशीर्वाद

## सांसद व जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने शीतला माता व मावली माता के दर्शन किए



**नगरी 15 अक्टूबर।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद माननीय श्री भोजराज नाग जी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्री अरुण सार्वा जी आज ग्राम भुरसीडोंगरी पहुंचे, जहाँ उन्होंने शीतला माता एवं मावली माता मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस धार्मिक अवसर पर ग्राम पंचायत भुरसीडोंगरी के सरपंच श्री लिलम्बर नागवंशी, उपसरपंच श्री महेन्द्र कुमार साहू, पूर्व जनपद सदस्य एवं ग्रामीण अध्यक्ष श्री सुकचंद मरकाम, ग्रामीण उपाध्यक्ष श्री श्यामचंद कश्यप, ग्राम पटेल श्री शंकर पटेल, मंदिर के पुजारी श्री जोहरलाल नागवंशी, सेवानिवृत्त शिक्षक श्री लखमु राम नेताम, मानसिंग साक्षी, लोमश अटलखाम, मोती सेन सहित ग्राम के अनेक गणमान्य नागरिक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

पूरे कार्यक्रम के दौरान ग्रामवासियों में विशेष उत्साह देखा गया। ग्रामीणों ने आत्मीयता से अपने जनप्रतिनिधियों का स्वागत किया और मंदिर परिसर में एक आध्यात्मिक वातावरण व्याप्त रहा।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों ने ग्रामवासियों से संवाद कर क्षेत्र के विकास एवं आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की तथा आश्वस्त किया कि विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी। तथा ग्रामीणों ने मंदिर प्रांगण में टीना शेड की रंग रखे जिसपे सांसद महोदय ने पूरा करने की बात कही।

### छत्तीसगढ़ में 'तंबाकू और नशामुक्त स्कूल-कॉलेज अभियान' प्रारंभ

**रायपुर, १५ अक्टूबर।** भारत सरकार द्वारा 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 का शुभारंभ 9 अक्टूबर 2025 को किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य बच्चों और युवाओं को तंबाकू एवं नशे की लत से दूर रखना, उन्हें स्वस्थ जीवन की ओर प्रेरित करना तथा जो तंबाकू सेवन छोड़ना चाहते हैं, उन्हें सहयोग प्रदान करना है। अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानबनाने दिशा निर्देशों के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया गया है। छत्तीसगढ़ शासन, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों में 'तंबाकू और नशा मुक्त स्कूल-कॉलेज अभियान' चलाने के निर्देश जारी किए।

उप मुख्यमंत्री ने बस्तर ओलंपिक की तैयारियों की समीक्षा की

## बस्तर ओलंपिक के व्यापक और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए ब्लाक स्तरीय आयोजनों पर दें विशेष ध्यान : साव



**रायपुर, 15 अक्टूबर।** बस्तर ओलंपिक-2025 की तैयारियाँ अब अंतिम चरण में हैं। उप मुख्यमंत्री तथा खेल एवं युवा कल्याण मंत्री श्री अरुण साव ने आज वरिष्ठ विभागीय अधिकारियों तथा बस्तर संभाग के सभी जिला खेल अधिकारियों की बैठक लेकर इसकी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने नवा रायपुर स्थित विश्राम भवन में आयोजित बैठक में बस्तर ओलंपिक के व्यापक और सुव्यवस्थित आयोजन के लिए विकासखंड स्तरीय आयोजनों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल मैदानों की उपलब्धता, उनकी मैपिंग, भोजन, यातायात, आवास, प्राथमिक चिकित्सा, निर्णायकों एवं रेफरियों की व्यवस्था के लिए अग्रिम तैयारी सुनिश्चित करने को कहा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सचिव श्री यशवंत कुमार और संचालक श्रीमती तनूजा सलाम भी समीक्षा बैठक में उपस्थित थीं। बस्तर संभाग के सभी जिला खेल अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

उप मुख्यमंत्री श्री साव ने बैठक में बस्तर ओलंपिक की पंजीयन प्रक्रिया एवं व्यापक प्रचार-प्रसार की समीक्षा की। उन्होंने ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक प्रचार-प्रसार की योजनाओंकृजैसे दीवार लेखन, मशाल यात्रा, पोस्टर, बैनर, पैंपलेट वितरण, हाट-बाज़ारों में प्रचार इत्यादि की जानकारी ली। उन्होंने इसे और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बस्तर ओलंपिक के लिए अब तक 2 लाख 72 हजार से अधिक प्रतिभागियों का पंजीयन हो चुका है। 20 अक्टूबर तक पंजीयन कराया जा सकता है। इस पर श्री साव ने प्रत्येक विकासखण्ड में पंजीयन की स्थिति की समीक्षा कर जिन क्षेत्रों में पंजीयन कम हैं, वहां विशेष अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा पंजीयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिलाओं की तुलना में पुरुष प्रतिभागियों के कम पंजीयन को देखते हुए जिला खेल अधिकारियों को पुरुषों की भागीदारी बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने को कहा।

श्री साव ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि बस्तर ओलंपिक अब केवल क्षेत्रीय आयोजन नहीं रह गया है, बल्कि इसकी ख्याति पूरे देश में फैल चुकी है। अतः इसे राष्ट्रीय महत्व का आयोजन मानते हुए विकासखंड से लेकर संभाग स्तर तक उच्च गुणवत्ता और समयबद्धता के साथ आयोजित किया जाए। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर के निर्णायकों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रेरणा स्रोत के रूप में आमंत्रित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने 25 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 5 नवंबर तक होने वाले विकासखंड स्तरीय आयोजनों के लिए सभी जिलों को समय पूर्व संपूर्ण तैयारी सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

उप मुख्यमंत्री ने फुटबॉल, हॉकी, वॉलीबॉल जैसे खेलों में पंजीयन बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने तथा खेल विभाग से प्राप्त बजट के अतिरिक्त जिला कलेक्टरों के सहयोग से सीएसआर निधि से वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति करने को कहा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग की उप संचालक श्रीमती रश्मि ठाकुर तथा खेल अधिकारी श्री गिरीश शुक्ला भी बैठक में मौजूद थे।

## इस बार 3286 रु. की प्रति क्विंटल दर से धान की खरीदी हो, नहीं तो किसानों को प्रति एकड़ 3906 रुपए का नुकसान होगा

**रायपुर 15 अक्टूबर।** भाजपा सरकार 1 नवंबर से किसानों की धान की बढ़ी समर्थन मूल्य मिलाकर 3286 रुपए की दर से खरीदी करने की मांग करते हुए प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सरकार 1 नवंबर से किसानों से धान 3286 रु. प्रति क्विंटल की दर से खरीदी करे। भाजपा सरकार बनने के बाद धान के समर्थन मूल्य में दो बार वृद्धि हुआ है। पहली बार 117 रुपए की अभी दूसरी बार 69 रुपए कि इसका लाभ किसानों को मिलना चाहिए। दुर्भाग्य की बात है भाजपा की सरकार ने पहली बार बढ़ी समर्थन



मूल्य की राशि किसानों को नहीं दिया और 3100 रुपए की दर पर धान खरीदी किया, जिसके चलते प्रदेश के किसानों को प्रति एकड़ 2457 रुपए का नुकसान हुआ है। इस बार धान के समर्थन मूल्य में पिछली बढ़ोतरी मिलाकर 186 रुपए हुआ है तो सरकार को 3286 रुपए क्विंटल की दर पर किसानो की धान खरीदना चाहिए, नहीं तो किसानों को प्रति एकड़ 3906 रुपए का नुकसान होगा। जो सीधा-सीधा किसानों को आर्थिक चोट पहुंचाने वाला है, यह किसानों के साथ अन्याय है। बढ़ी हुई समर्थन मूल्य किसानों का हक, अधिकार है उससे कम दर पर धान खरीदी करना किसानों के साथ बेईमानी है। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा जब विपक्ष में थी तब धान का समर्थन मूल्य बढ़ने पर समर्थन मूल्य मिलाकर धान खरीदी की मांग करती थी।

## न छात्र सुरक्षित न महिलाएं सुरक्षित :दीपक बैज

**रायपुर 15 अक्टूबर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पहली घटना बस्तर में गर्भवती मरीज को खटिया पर लादकर चार किमी एम्बुलेंस तक ले जाना पड़ा, वह महिला अस्पताल नहीं पहुंच पाई और गर्भवती महिला का रास्ते में ही गर्भपात हो गया। यह घटना जगदलपुर विधानसभा क्षेत्र के चितालगुर गांव के गुड़िया पदर की है, जहां से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव विधायक है। दूसरी घटना कोरबा की है जहां हरियाणा और देश की ख्याति प्राप्त लोक कलाकार सपना चौधरी के साथ उनके होटल में अभद्रता हुई, उनकी मौजूदगी में कमरे में तोड़-फोड़ हुई। वे जान बचाकर वहां से भागी। कितना शर्मनाक है कि सरकार एक महिला कलाकार को सुरक्षा नहीं दे पाई। तीसरी घटना रायपुर साइंस कॉलेज में देखने को मिली जहां हॉस्टल के छात्रों पर सरेआम लाठियों और तलवार से हमला हुए, बड़ी संख्या में छात्र घायल हुए, पुलिस और सरकार बेचारी बनी हुई है। यह घटनाएं बताती है कि विष्णु के सुशासन में न इलाज मिल पा रहा है, न छात्र सुरक्षित है और न ही महिलाएं सुरक्षित है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कल एसपी कांफ्रेंस के दौरान गृह मंत्री और महासमुंद एसपी के बीच नोकझोंक की खबरे आई थी। इस खबर से साफहो गया कि गृह मंत्री अपना विभाग संभाल पाने में नाकामयाब साबित हो रहे है।

गृहमंत्री विजय शर्मा की बात उनके विभागीय अधिकारी नहीं सुन रहे। एसपी सवाल का जवाब देने के बजाय गृह मंत्री से नोक झोंक कर रहे हैं। जो पुलिस अधिकारी गृहमंत्री की नहीं सुन रहे वे जनता की क्या सुनेंगे ? इसीलिए अपराध बढ़ रहे हैं। जनता के साथ थानों में बदसलूकी हो रही है। एफआईआर लिखने पैसा मांगा जा रहा है।

## व्यापार

1.2 करोड़ घरों को मिली मंजूरीः एसबीआई रिपोर्ट

## प्रधानमंत्री आवास योजना ने बदली करोड़ों की जिंदगी

**नई दिल्ली 15 अक्टूबर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी (पीएमएवाई-यू) और पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत 25 अगस्त तक कम से कम 1.2 करोड़ घरों को मंजूरी दी गई है। एसबीआई की बुधवार को आई एक रिपोर्ट के अनुसार, यह योजना एक परिवर्तनकारी कारक के रूप में काम कर रही है, जो धन-संपत्ति पर स्पष्ट प्रभाव, वित्तीय स्थिरता और कल्याण के साथ विवेकाधीन और गैर-विवेकाधीन खर्च को बढ़ाने में कैटेलिस्ट बन रही है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के समूह मुख्य आर्थिक सलाहकार डॉ. सौम्य कांति घोष ने कहा, जहां अधिकांश राज्यों की प्रगति दर 75 प्रतिशत या उससे अधिक है, वहीं कुछ राज्य ऐसे भी हैं जहां प्रगति 60 प्रतिशत से कम है, जिनमें आंध्र प्रदेश, बिहार और हरियाणा का नाम शामिल है।



पीएमएवाई-यू 2.0 की शुरुआत 1 सितंबर, 2024 को 1 करोड़ पात्र शहरी परिवारों को केंद्रीय सहायता प्रदान करने के लिए की गई थी, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि शहरी भारत के नागरिक बेहतर जीवन स्तर का आनंद उठा सकें।

ईडब्ल्यूएस, एलआईजी और एमआईजी कैटेगरी के पात्र परिवार, जो शहरी क्षेत्रों में रहते हैं और जिनके पास देश में कहीं भी पक्का घर नहीं है, पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत घर खरीद या निर्माण कर सकते हैं। नॉर्मलाइज्ड शैनन एन्ट्रापी स्कोर 0.84 है, जो पीएमएवाई के तहत आवास निर्माण में स्थानिक समानता को दर्शाता है। इससे पता चलता है कि आवास लाभ व्यापक रूप से राज्यों में वितरित किए जाते हैं, यहां तक कि निम्न-आय वाले राज्य भी पूरी प्रक्रिया में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू खर्च पर प्रभाव गैर-विवेकाधीन/डेबिट कार्ड और विवेकाधीन खर्च/यूपीआई लेनदेन दोनों के लिए सकारात्मक है। रिपोर्ट में आगे कहा गया है,सबसे कम खर्चिले परिवारों के लिए डेबिट कार्ड से खर्च में वृद्धि इस बात का संकेत है कि सब्सिडी वाले आवास ऋणों तक पहुंच उन्हें अधिक वित्तीय स्वतंत्रता और फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है। हालांकि ऋण का एक हिस्सा निर्माण कार्यों में खर्च होता है, लेकिन इन परिवारों को एक अनुमानित धन प्रभाव का अनुभव होता है।

खर्च के मामले में 25 प्रतिशत सबसे कम खर्चिले परिवार अपने खर्च को डेबिट कार्ड जैसे पारंपरिक स्रोतों से पूरा करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना की किस्त के वितरण के बाद विवेकाधीन घरेलू खर्च का प्रभाव महिला उधारकर्ताओं पर अधिक स्पष्ट है।

## जीएसटी कट से बाजारों में रौनक

**नई दिल्ली 15 अक्टूबर (एजेंसी)।** अर्थशास्त्रियों और उद्योग विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी 2.0 सुधारों के चलते इस साल दीपावली की खरीदारी में अभूतपूर्व वृद्धि देखने को मिलेगी। क्रय शक्ति में उल्लेखनीय बढ़ोतरी और ऐतिहासिक रूप से कम मुद्रास्फीति ने उपभोक्ताओं, विशेष रूप से निम्न और मध्यम वर्ग को अधिक खरीदारी के लिए प्रेरित किया है। इस त्योहारी सीजन में रिकॉर्ड तोड़ बिक्री की उम्मीद है, जिसका लाभ व्यापारियों को भी मिलेगा।

ब्रिक्स चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष हरवंश चावला ने बताया कि? जीएसटी 2.0 के सुधारों ने खुदरा कीमतों में कमी लाई है, जिसका सबसे बड़ा प्रभाव निम्न और मध्यम वर्ग पर पड़ा है। पहले जहां लोग 100 रुपए में एक वस्तु खरीद पाते थे, अब उनकी क्रय शक्ति बढ़ने से वे एक से अधिक वस्तुएं खरीद सकते हैं।

उन्होंने कहा कि यह 'ऐतिहासिक दीपावली' होगी, जिसमें बिक्री के नए रिकॉर्ड बनेंगे और व्यापारियों को भारी मुनाफा होगा। चावला ने जीएसटी 2.0 के प्रभाव को प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम के प्रयासों का परिणाम बताया। उन्होंने कहा, ÷जीएसटी दरों में कमी से आम आदमी की क्रय शक्ति में वृद्धि हुई है। जब क्रय शक्ति बढ़ती है तो खुदरा मुद्रास्फीति स्वतः कम हो जाती है। यह सरकार की ओर से एक बहुत बड़ा कदम है।

उन्होंने जोर देकर कहा कि इस कदम ने न सिर्फ उपभोक्ताओं को लाभ पहुंचाया है, बल्कि समग्र आर्थिक माहौल को भी सकारात्मक दिशा दी है। जीएसटी 2.0 के तहत वस्तुओं और सेवाओं पर कर की दरों में कमी से कई आवश्यक और गैर-आवश्यक वस्तुओं की कीमतें घटी हैं। इससे विशेष रूप से निम्न और मध्यम वर्ग के उपभोक्ताओं की खरीदारी की क्षमता में इजाफा हुआ है। हरवंश चावला ने बताया, पहले जो व्यक्ति सीमित बजट में एक ही वस्तु खरीद पाता था, वह अब अपने बजट में अधिक सामान खरीद सकता है। यह बदलाव उपभोक्ता विश्वास को बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित हुआ है। इसके अलावा, विशेषज्ञों का मानना है कि जीएसटी सुधारों ने खुदरा क्षेत्र में मांग को बढ़ावा दिया है, जिससे व्यापारियों को इस त्योहारी सीजन में बंपर बिक्री की उम्मीद है।

चावला ने कहा, इस बार की दिवाली में बिक्री पहले की तुलना में कहीं अधिक होगी। यह व्यापारियों के लिए भी सुनहरा अवसर है।

## गोल्ड में तूफानी तेजी: एमसीएक्स पर सोने का भाव 1,27,000 के ऐतिहासिक स्तर पर

**नई दिल्ली 15 अक्टूबर (एजेंसी)।** मल्टी-कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर बुधवार को सोने की कीमतें 1.27 लाख रुपए प्रति 10 ग्राम के पार पहुंचने के साथ नए रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गईं। अमेरिका-चीन के बीच नए व्यापारिक तनाव और अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की बढ़ती उम्मीदों के बीच वैश्विक स्तर पर सोने की कीमतों में वृद्धि के कारण यह तेजी दर्ज की गई। एमसीएक्स पर सोना वायदा 0.52 प्रतिशत बढ़कर 1,26,915 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि पिछला बंद भाव 1,26,256 रुपए था शुरुआत में, एमसीएक्स पर सोना वायदा 0.52 प्रतिशत बढ़कर 1,26,915 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया, जबकि पिछला बंद भाव 1,26,256 रुपए था। इसके तुरंत बाद, कीमतें 1,27,500 रुपए प्रति 10 ग्राम के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गईं। चांदी की कीमतों में भी तेजी दर्ज की गई और यह 0.18 प्रतिशत बढ़कर 1,59,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुली और कारोबार के दौरान 1,61,418 रुपए के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई।



शुरुआती कारोबार में सोना 0.46 प्रतिशत बढ़कर 1,26,835 रुपए प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रहा था, जबकि चांदी 0.52 प्रतिशत बढ़कर 1,60,333 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। ग्लोबल मार्केट में सुरक्षित निवेश की मांग के समर्थन से सोना अपने रिकॉर्ड स्तर के आसपास मंडरा रहा था।

इस वर्ष अब तक सोने की कीमतों में लगभग 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और मंगलवार को यह 4,179.48 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया हाजिर सोना 0.4 प्रतिशत बढ़कर 4,155.99 डॉलर प्रति औंस हो गया, जबकि दिसंबर डिलीवरी वाला अमेरिकी सोना वायदा 0.3 प्रतिशत बढ़कर 4,174.30 डॉलर प्रति औंस हो गया। इस वर्ष अब तक सोने की कीमतों में लगभग 55 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और मंगलवार को यह 4,179.48 डॉलर के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। विश्लेषकों का कहना है कि सोने में यह तेजी वैश्विक अनिश्चितताओं, अमेरिकी फेड द्वारा ब्याज दरों में कटौती की उम्मीदों, केंद्रीय बैंकों की मजबूत खरीदारी, डॉलर से वैश्विक रुख में बदलाव और गोल्ड एक्सचेंज-ट्रेडेड फंड्स में लगातार निवेश के मिश्रण से प्रेरित है।

फेडरल रिजर्व के अध्यक्ष जेरोम पॉवेल ने मंगलवार को कहा कि भविष्य में ब्याज दरों पर निर्णय बैठक दर बैठक के आधार पर लिए जाएंगे, जिससे मुद्रास्फीति की चिंताओं और श्रम बाजार के कमजोर होने के संकेतों के बीच संतुलन बना रहेगा। निवेशकों को अब आगामी फेड बैठक में 25 आधार अंकों की ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद है और दिसंबर में एक और कटौती की संभावना है।

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार तनाव फिर से बढ़ गया है, जिससे सोने की तेजी में इजाफा हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि वाशिंगटन चीन के साथ कुछ व्यापारिक संबंधों को खत्म करने पर विचार कर रहा है, जिसमें खाना पकाने का तेल भी शामिल है।


**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क 202509095200009-ब/121 वर्ष 2024-25

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजकुमार यादव पिता बहल यादव जाति यादव सा. पिपरखारखुर्द तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री कुमारी माही का जन्म दिनांक 16.01.2011 को ग्राम पिपरखारखुर्द में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तहसीलदार**
**डोंगरगढ़**



**न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगाँव**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क 202509095200011-.ब/121 वर्ष 2024-25

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गिरधारी पिता दशरू गिरी जाति गोसाई सा. हरनसिंघी तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगाँव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि आवेदक के पुत्री नंदनी गोसाई का जन्म दिनांक 09/10/2011 को ग्राम हरनसिंघी में हुआ है के नाम पर जन्म प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से इस न्यायालय में ईश्तहार प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जायेंगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 23/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय के जारी किया गया है।

मुहर

**नायब तसीलदार**
**डोंगरगढ़ (छग)**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता,**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड कोण्डागांव जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)**
(Phone no. 07786-296071, Email Id-eekon-phe-cg@gov.in)

**-:: ई-प्रोक्यूरमेंट द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना::-**

छत्तीसगढ़ की राज्यपाल की ओर से जिला कोण्डागांव में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ऑनलाईन द्वितीय निविदा आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :- जल जीवन मिशन अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में रेट्रोफिटिंग/एकल ग्राम नल जल प्रदाय योजना कार्य।**

| स. क्र. | निविदा क्रमांक एवं दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 31/10.10.2025 | 177484 | निराछिंदली रेट्रोफिटिंग ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 64.36 |
| 02 | 32/10.10.2025 | 177485 | करारमेटा एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 47.51 |
| 03 | 33/10.10.2025 | 177486 | सिकागांव एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 37.53 |
| 04 | 34/10.10.2025 | 177503 | कुदालवाही रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | 7.37 |
| 05 | 35/10.10.2025 | 177488 | पराली एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 7.58 |
| 06 | 36/10.10.2025 | 177489 | ब्यालपुर एक ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 29.10 |
| 07 | 37/10.10.2025 | 177490 | कोसागांव एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 57.96 |
| 08 | 38/10.10.2025 | 177491 | चिपावण्ड रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | 19.26 |
| 09 | 39/10.10.2025 | 177497 | राजागांव रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | 10.46 |
| 10 | 40/10.10.2025 | 177498 | चिचपोलंग एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 5.38 |
| 11 | 41/10.10.2025 | 177499 | चिखलपुटी एवं दुधगांव एकल ग्राम नलजल प्रदाय योजना | 10.40 |
| 12 | 42/10.10.2025 | 177500 | बफना रेट्रोफिटिंग नलजल प्रदाय योजना | 18.44 |
| 13 | 43/10.10.2025 | 177504 | भिरीण्डा एकल नलजल प्रदाय योजना | 33.98 |

निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है, साथ ही यह जानकारी ई-प्रोक्यूरमेंट बेव पोर्टल http://cgeprocurement.gov.in पर तथा विभागीय बेवसाईट http://phedcegprocurement.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 29.10.2025 है।

**कार्यपालन अभियंता**
**लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड**
**कोण्डागांव (छ.ग.)**

जी-252604151/5

PICTURE-स्टोरी



**गूंजेगी परंपरा की धुन: दिवाली के पहले** राऊत नाचा में हाथ में सजी हुई लाठी लेकर नाचने की परंपरा है, सजी हुई लाठी बाजार में बेची जा रही है।

## बिजली कंपनी कर्मचारियों की हड़ताल पर सख्त हुआ प्रशासन

**रायपुर, 15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनीज में बिजली कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर प्रबंधन ने कड़ा रुख अपनाया है। कर्मचारियों की मांगों के समर्थन में चल रही हड़ताल में शामिल होने वालों की गैरहाजिरी को 'ब्रेक इन सर्विस' माना जाएगा, जिससे उनका वेतन काटा जाएगा और यह सेवा में अंतराल के रूप में दर्ज होगा। ट्रांसमिशन विंग के मुख्य अभियंता (मानव संसाधन) ए.एम. परियल द्वारा जारी आधिकारिक परिपत्र में तीनों पावर कंपनियों ङ्क उत्पादन, वितरण और ट्रांसमिशन ङ्क के विभाग प्रमुखों को सख्त निर्देश जारी किए गए हैं। जारी निर्देशों के मुताबिक, जो कर्मचारी सामूहिक अवकाश या हड़ताल में भाग लेंगे, उनकी अनुपस्थिति को अनधिकृत माना जाएगा और उन दिनों का वेतन नहीं दिया जाएगा। यह आचरण प्रबंधन द्वारा कदाचार की श्रेणी में रखा गया है, जिस पर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियमों के तहत अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त, हड़ताल में भाग लेना या अन्य कर्मचारियों को इसके लिए प्रेरित करना दीर्घकालीन दुराचार माना जाएगा, जिस पर कड़ी सजा संभव है। मुख्य अभियंता परियल ने यह भी बताया कि सभी विभागाध्यक्षों को यह निर्देश दिए गए हैं कि वे हड़ताल में भाग लेने वाले कर्मचारियों की सूची तैयार कर शीघ्र मानव संसाधन विभाग को भेजें। साथ ही, यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उपलब्ध स्टाफऔर संसाधनों के जरिए सेवाएं बाधित न हों और कार्य संचालन सुचारू रूप से जारी रहे।

## मुख्यमंत्री के निर्देशों पर त्वरित अमल सुनिश्चित करें: मुख्य सचिव विकासशील

■ उच्च स्तरीय बैठक में सचिवों से विभागीय कार्यों की समीक्षा

**रायपुर, 15 अक्टूबर ।** मुख्य सचिव विकास शील ने कहा कि कलेक्टर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा दिए गए निर्देशों पर त्वरित और प्रभावी अमल सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने सभी विभागीय सचिवों को सड़क, पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य सहित अन्य प्राथमिक क्षेत्रों के लिए ठोस एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव आज मंत्रालय (महानदी भवन) में आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में विभिन्न विभागों के भारसाधक सचिवों के साथ योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा कर रहे थे। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना में शामिल विभागों के एक्शन प्लान्स की विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिया कि जिन कार्यों का शिलान्यास किया जा चुका है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कर लोकार्पण सुनिश्चित किया जाए। बैठक में वाणिज्य एवं उद्योग विभाग के सचिव रजत कुमार ने प्रधानमंत्री गति शक्ति योजना तथा जेम पोर्टल के माध्यम से शासकीय विभागों में की जा रही खरीदी की प्रक्रिया पर प्रस्तुतीकरण दिया। इसी प्रकार, मुख्यमंत्री के संयुक्त सचिव एवं आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. रवि मित्तल ने जनसम्पर्क विभाग द्वारा शासन की योजनाओं के प्रचार-प्रसार से संबंधित गतिविधियों पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया।

बैठक में अपर मुख्य सचिव गृह एवं जेल मनोज कुमार पिंगुआ, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की अपर मुख्य सचिव ऋचा शर्मा, आदिम जाति तथा अनुसूचित जनजाति विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सहित सभी विभागों के सचिव उपस्थित थे।

## रायपुर नगर निगम के पार्षद को मिली अनुकंपा नियुक्ति

**रायपुर, 15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ कांग्रेस ने रायपुर नगर निगम के पार्षद कैलाश बेहरा को भृत्य की नौकरी दिए जाने का मामला उठाया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि विष्णु के सामान्य प्रशासन एवं नगरीय निकाय विभाग ने अनोखा कारनामा कर दिखाया है। रायपुर नगर निगम के भाजपा पार्षद को अनुकंपा नियुक्ति के रूप में भृत्य के पद पर नियुक्ति दे दी गयी है। यह नियुक्ति उनके मां की मृत्यु के बाद दी गयी है। किसी जनप्रतिनिधि को नियमतः सरकारी नौकरी नहीं दी जा सकती है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि ऐसा लगता है, कि ये सरकार भांग खा कर चल रही है। इस पर नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने कहा कि आवेदन के तुरंत बाद अनुकंपा नहीं मिलती। पुराना मामला होगा इस बीच पार्षद बन गए होंगे। अब जो भी होगा नियम प्रक्रिया के तहत होगा। इधर इस मामले में यह भी पता चला है कि उक्त पार्षद ने अब अपनी बहन को नियुक्ति देने की मांग की है । कैलाश बेहरा रायपुर नगर निगम में भाजपा के पार्षद हैं। उनकी मां नगर निगम की कर्मचारी थीं और उनके निधन के बाद बेहरा ने अनुकंपा नियुक्ति की मांग की थी। शासन ने इस पर विचार करते हुए उन्हें निगम में भृत्य के पद पर नियुक्त कर दिया। आदेश 16 सितंबर 2025 को जारी किया गया है। एक तरफ पार्षद के रूप में वह पहले से ही निर्वाचित जनप्रतिनिधि हैं, दूसरी तरफ उन्हें सरकारी कर्मचारी के तौर पर नियुक्त किया जा रहा है।

### पूरा देश देखेगा बस्तर का विकास, पीएम-गृहमंत्री रहेंगे मौजूद

# छत्तीसगढ़ की झांकी का एकता परेड-2025 में चयन

**रायपुर 15 अक्टूबर।** राष्ट्रीय एकता दिवस (31 अक्टूबर) के अवसर पर गुजरात के एकता नगर (स्टैच्यू ऑफ यूनिटी) में होने वाली एकता परेड-2025 में इस बार छत्तीसगढ़ राज्य की झांकी शामिल की गई है। सीएम साय ने भी इसे बड़ी उपलब्धि बताते हुए गर्व जताया है।

झांकी में यह दिखाया जाएगा कि जो बस्तर कभी संघर्ष और असमानता का प्रतीक था, आज वही क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और अधोसंरचना विकास के माध्यम से शांति और समृद्धि की नई पहचान गढ़ रहा है। गृह मंत्रालय की सूची में छत्तीसगढ़ के साथ-साथ जम्मू-कश्मीर, गुजरात, महाराष्ट्र, मणिपुर, उत्तराखंड, पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार द्वीप समूह, एनडीआरएफ और एनएसजी की झांकियां भी चयनित हुई हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि झांकी का विषय बदलता बस्तर: संघर्ष से विकास की ओर पर केंद्रित है। इसे जनसंपर्क विभाग ने तैयार किया है, जिसमें बस्तर की जनजातीय अस्मिता, ढोकरा धातु कला, आदिवासी चित्रकला, लोकनृत्य, वेशभूषा और



आधुनिक विकास की झलक दिखाई जाएगी। झांकी का मुख्य संदेश होगा-भय से विश्वास की ओर, बस्तर बदलाव की राह पर।

उन्होंने कहा कि झांकी में यह दिखाया जाएगा कि जो बस्तर कभी संघर्ष और असमानता का प्रतीक था, आज वही क्षेत्र शिक्षा, स्वास्थ्य, उद्योग और अधोसंरचना विकास के माध्यम से शांति और समृद्धि की नई पहचान गढ़ रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की पुनर्वास और विकासोन्मुख नीतियों ने नक्सल प्रभावित इलाकों में स्थायी परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त किया है।


राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह इस झांकी को देखेंगे। यह आयोजन भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक विविधता को एक मंच पर लाने का प्रतीक है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ की झांकी प्रधानमंत्री मोदी के एक भारत, श्रेष्ठ भारत के संकल्प को सशक्त बनाएगी और देश के सामने राज्य की समृद्ध विरासत, विकास यात्रा और सामाजिक एकता का उज्ज्वल उदाहरण पेश करेगी।

### सीएम साय बोले राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का प्रदर्शन

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए जनसंपर्क विभाग की टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह चयन छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विविधता, लोक परंपरा और एकता के भाव की राष्ट्रीय स्तर पर पहचान है। उन्होंने कहा कि राज्य की झांकी 'एकता में विविधता' की परंपरा को सजीव रूप में प्रदर्शित करेगी और यह पूरे देश को बस्तर की विकास यात्रा का प्रेरणादायी संदेश देगी।

## मानसून अब विदा होने को है,ठंडी हवा से होने लगा है अब सर्दी का एहसास

**रायपुर, 15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ में मानसून अब विदाई की ओर है। सुबह की ओस और रात की ठंडी हवा ने आने वाली सर्दी का एहसास करा दिया है। मौसम विभाग के अनुसार एक-दो दिनों में मानसून पूरी तरह लौट सकता है। राजधानी रायपुर में मंगलवार को दिनभर मौसम सामान्य रहा। आने वाले दिनों में न्यूनतम तापमान लगातार गिरने की संभावना जताई गई है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि अक्टूबर के



मध्य तक रात के तापमान में दो से तीन डिग्री की और कमी संभव है। धूप अब तीखी नहीं रही, हल्के बादल और ठंडी हवाएं दिन को सुहावना बना रही हैं। बदलते मौसम ने लोगों की जीवनशैली पर भी असर डालना शुरू कर दिया है। सुबह की सैर पर निकलने वाले लोग अब स्वेटर और जैकेट पहनने लगे हैं। ग्रामीण इलाकों में पत्तों पर जमी ओस अब रोज सुबह की नई तस्वीर बन गई है। मौसम के इस बदलाव ने प्रदेश के लोगों को उमस और गर्मी से राहत दी है, वहीं सर्दियों की शुरुआत का नया अहसास भी दिला दिया है।

### सौम्या को 17-साल में 2.51 करोड़ वेतन, 49 करोड़ की प्रॉपटी

**रायपुर 15 अक्टूबर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की उप सचिव रही सौम्या चौरसिया के खिलाफ आर्थिक अपराध शाखा ने 8000 पन्नों की चार्जशीट पेश किया है। कोयला घोटाला और आय से अधिक संपत्ति मामले में रायपुर की स्पेशल कोर्ट में चालान पेश किया गया। चार्जशीट के मुताबिक, सौम्या को 17 साल की सेवा में 2.51 करोड़ रुपए वेतन मिला है। जबकि उन्होंने इस दौरान 49.69 करोड़ रुपए की 45 बेनामी संपत्ति खरीदी हैं, जो उनकी आय से 1872 प्रतिशत अधिक है। कई संपत्तियां उन्होंने अपने रिश्तेदारों के नाम पर खरीदी है। इनके संबंध में एजेंसी ने उनसे हिसाब मांगा, पर कोई जवाब या हिसाब नहीं दिया। एजेंसी ने इन संपत्तियों को अटैच कर लिया है। इस आरोप पत्र पर अब बहस होना है।

## रायपुर के डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड में होगी प्री-टेस्ट जनगणना, तैयारी शुरू

**रायपुर, 15 अक्टूबर ।** नगर निगम रायपुर के जोन क्रमांक 10 के अंतर्गत आने वाला डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड (वार्ड क्रमांक 52) छत्तीसगढ़ में नगरीय क्षेत्र के प्री-टेस्ट जनगणना कार्य के लिए चयनित किया गया है। यह चयन भारत सरकार के गृह मंत्रालय के जनगणना निदेशालय के दिशा-निर्देशों के तहत किया गया है। प्री-टेस्ट जनगणना से पहले, वार्ड क्षेत्र में लगभग 8000 भवनों की पहचान कर उन्हें क्रमांकित करने एवं सूचीबद्ध करने का कार्य नगर निगम की टीम द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। यह कार्य जोन 10 के राजस्व और नगर निवेश विभाग की संयुक्त टीम द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त विश्वदीप के निर्देशानुसार, जोन कमिश्नर विवेकानंद दुबे के नेतृत्व में तथा सहायक अभियंता योगेश यदु (नोडल अधिकारी) और जोन सहायक राजस्व अधिकारी गौरीशंकर साहू (सहायक नोडल अधिकारी) की निगरानी में यह अभियान चलाया जा रहा है। नगर निगम ने स्थानीय नागरिकों से अपील की है कि वे भवन क्रमांकन एवं सूचीकरण के इस कार्य में नगर निगम की टीम को पूरा सहयोग प्रदान करें, जिससे जनगणना की तैयारियों को सुचारु रूप से संपन्न किया जा सके। इस संबंध में भारत सरकार के जनगणना निदेशालय द्वारा 17 अक्टूबर 2025 को एक अहम बैठक आयोजित की गई है, जिसमें प्रदेश के नगरीय क्षेत्रों में होने वाले जनगणना पूर्व परीक्षण की रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी।

## सारनाथ तीन महीने में 32 दिन रहेगी रद्द

### वजह बताई कोहरा, पर इसी रूट पर चलेगी दूसरी ट्रेन

**रायपुर, 15 अक्टूबर।** ठंड का मौसम शुरू होने से पहले ही रेलवे ने संभावित घने कोहरे के कारण दुर्ग से छपरा जाने वाली यात्रियों की पसंदीदा ट्रेन को दिसंबर, जनवरी और फरवरी में विभिन्न तिथियों पर रद्द करने का निर्णय लिया है। इस फैसले से उत्तरप्रदेश और बिहार जाने वाले यात्रियों की परेशानी अभी से बढ़ गई है। यह ट्रेन नियमित रूप से चलने वाली सेवा है, जिसमें रोजाना बड़ी संख्या में यात्री सफर करते हैं। हर साल की तरह इस बार भी रेलवे ने कोहरे की संभावना को देखते हुए अग्रिम रूप से ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया है।

**यात्री ने फिर से बहाल करने की मांग:** पिछले पांच पहले वर्षों से अधिक समय से रेलवे ठंड शुरू होने से सारनाथ और दिल्ली मार्ग की कई ट्रेनों को इसी वजह से रद्द करता आ रहा है। पिछले वर्ष भी जब रेलवे ने यह ट्रेन रद्द की थी, तो यात्रियों ने विरोध जताया था। विरोध के बाद ही रेलवे को ट्रेनों का संचालन दोबारा बहाल करना पड़ा था। आदेश जारी होने के बाद यात्री फिर से बहाल करने की मांग करने लगे हैं।

**दिसंबर से फरवरी तक 32 दिन रद्द रहेगी सारनाथ:** रेलवे ने ठंड में इस बार दिसंबर से फरवरी के बीच 32 दिन सारनाथ को रद्द किया है, जिसमें दिसंबर में 14 दिन, जनवरी में 12 और फरवरी में 6 दिन रद्द रहेगी। पिछले साल रेलवे ने 39 दिन रद्द का आदेश निकाला था। बता दें कि 01, 03, 06, 08, 10, 13, 15, 17, 20, 22, 24, 27, 29 एवं 31 दिसम्बर, 2025 को, जनवरी माह में 03, 05, 07, 10, 12, 14, 17, 19, 21, 24, 26, 28 एवं 31 जनवरी, 2026 को तथा फरवरी माह में 02, 04, 07, 09, 11 एवं 14 फरवरी, 2026 को इस ट्रेन का परिचालन स्थगित किया गया है।

### कोहरे की मार बरौनी एक्सप्रेस पर क्यों नहीं:

रेलवे ने छपरा जाने वाली सारनाथ एक्सप्रेस को दिसंबर से फरवरी तक अलग-अलग तारीखों में रद्द कर यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। रेलवे का यह अजीबोगरीब फैसला तीसरे साल भी आया है, लेकिन यात्रियों को इसके पीछे का तर्क अभी तक समझ नहीं आया। सारनाथ एक्सप्रेस और गोंदिया बरौनी एक्सप्रेस का रूट लगभग एक जैसा ही है। कुछ नए रूट हैं, लेकिन दोनों ही ट्रेन प्रयागराज व वाराणसी के रास्ते छपरा को जाती है, फिर कोहरे का साया केवल सारनाथ पर ही क्यों बताया जा रहा है! रेलवे का कहना है कि सारनाथ रात 9:15 को रायपुर से निकलती है, जो सुबह 5 बजे सतना पहुंचती है। इस दौरान काफी घना कोहरा होता है, इस वजह से परिचालन में दिक्कत होती है, जबकि दूसरी ट्रेन रात 12:45 को रायपुर से छूटती है और सुबह अपने निर्धारित समय 11:30 को पहुंच जाती है। दोनों ही रात की ट्रेन है, लेकिन कोहरे का ग्रहण केवल सारनाथ पर ही है। एक जैसा रूट होने के बाद केवल सारनाथ को रद्द करने के पीछे का कारण यात्रियों को समझ नहीं आ रहा है।

**कोहरे के कारण घंटों लेट :** रेलवे का मानना है कि सारनाथ लंबी दूरी की ट्रेन है, जो चार राज्यों से होकर गुजरती है। इस रूट में ठंड के समय अधिक कोहरा होता है, जिससे लोको पायलट को ट्रेन चलाने में दिक्कत होती है। ट्रेन की रफ्तार भी धीमी करनी पड़ती है। रेलवे ने केवल सारनाथ एक्सप्रेस को अभी कोहरे का कारण बताते हुए रद्द किया है। रेलवे के जानकारों का कहना है कि रेलवे 2 महीने पहले ठंड में मौसम की जांच करता है।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26